





# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 247
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
शुक्रवार | 21 जून, 2024


## पीएम श्रीनगर पहुंचे, 1500 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास किया

# जम्मू कश्मीर जल्द बनेगा राज्य : पीएम

## 2013 के बाद से जम्मू-कश्मीर का 25वां दौरा, आज डल झील के किनारे योग करेंगे

- जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- पीएम मोदी ने कहा कि सबको बांटने वाले अनुच्छेद 370 की गिर चुकी है दीवार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम को दो दिन के दौरे पर जम्मू-कश्मीर पहुंचे। श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में एम्पावरिंग यूथ, ट्रांसफॉर्मिंग जम्मू-कश्मीर इवेंट में शामिल हुए। यहां उन्होंने युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही 1500 करोड़ के 84 प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास किया। इसके अलावा कृषि और इससे जुड़े सेक्टर्स के विकास के लिए 1800 करोड़ रुपए का ऐलान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता ने हमें तीसरी बार सरकार बनाने का मौका दिया। जनता को हमारी नीतियों पर भरोसा है। जनता की जो उम्मीदें हैं वह हमारी सरकार ही पूरा कर सकती है। आज समाज को सिर्फ परफॉर्मेंस से मतलब है। देश ने हमारी परफॉर्मेंस देखी और इसकी वजह से हमें तीसरी बार सरकार बनाने का मौका दिया। पीएम ने कहा कि हमारी सरकार काम करती है और नतीजे दिखाती है। तीसरी बार सरकार बनाने से दुनिया को स्थिरता का संदेश मिला है। हमारी सरकार को लेट-लतीफी पसंद नहीं है। आज जो बदलाव जम्मू-कश्मीर में दिख रहे हैं, वह बीते 10 साल में हमारे काम का नतीजा है।



### आज डल झील के किनारे योग दिवस में भाग लेंगे पीएम मोदी

पीएम मोदी 21 जून को योग दिवस पर सुबह 6.30 बजे से कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत बैकयार्ड में डल झील के किनारे योग आसन करेंगे। इस दौरान करीब 7 हजार लोग उनके साथ योग करेंगे। कुछ लोगों को विभिन्न आसनों की ट्रेनिंग दी गई है। 10 साल पहले 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है। 2024 के लिए योग दिवस की थीम योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी है। 2013 के बाद से यह उनकी जम्मू-कश्मीर की 25वीं यात्रा है। वहीं 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 7वीं यात्रा है। चुनाव आयोग सितंबर में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव करवाने तैयारियां कर रहा है। ऐसे में पीएम मोदी का यहां जाना और योग दिवस जैसे इंटरनेशनल इवेंट में शामिल होना पॉजिटिव मैसेज माना जा रहा है।

### पीएम के दौरे से पहले श्रीनगर रेड जोन घोषित

पीएम ने 9 जून शपथ ली थी तब से कश्मीर में 4 आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। इसलिए श्रीनगर में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। श्रीनगर में रेड जोन घोषित किया गया। पुलिस के मुताबिक ड्रोन रूल्स, 2021 के नियम 24(2) के तहत श्रीनगर को तत्काल प्रभाव से ड्रोन और क्वाडकॉप्टर के लिए टेम्परेरी रेड जोन घोषित किया गया है। इस जोन में ड्रोन उड़ाने पर केस दर्ज हो सकता है।

### 1500 करोड़ के 84 प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास

प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के दौरे पर सड़क, जलापूर्ति, हायर एजुकेशन से जुड़े प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया है। इसका उद्देश्य यहां के युवाओं को रोजगार देना है। उन्होंने 1800 करोड़ की लागत वाले जेकेसीआईपी, चेनानी-पटनीटॉप-नाशरी खंड, इंडस्ट्रियल एस्टेट, 6 गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज प्रोजेक्ट का उद्घाटन भी किया। यह प्रोजेक्ट जम्मू-कश्मीर के 20 जिलों के 90 ब्लॉकों में लागू होगा। जिससे 15 लाख लोगों के जरिए 3 लाख परिवारों तक प्रोजेक्ट का लाभ पहुंचेगा। इसके अलावा पीएम ने 2000 सरकारी कर्मचारियों को जॉब लेटर दिया।

### स्थानीय लोग बोले, पिछले कुछ साल में कश्मीर में शांति आई

स्थानीय लोगों ने कहा कि यह हमारे लिए सम्मान की बात है कि पीएम मोदी डल झील के किनारे योग दिवस मनाएंगे। स्थानीय निवासी इश्तियाक सोफी का कहना है कि पीएम ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के लिए डल झील के किनारे को इसीलिए चुना, क्योंकि पिछले कुछ साल में कश्मीर में शांति आई है। हम बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि वे जम्मू-कश्मीर के लिए किसी विशेष पैकेज की घोषणा करेंगे। एक अन्य स्थानीय फैयाज अहमद ने बताया कि पीएम के जम्मू-कश्मीर दौरे से पहले यहां के लोगों के लिए कोई विशेष या अन्य लाभ नहीं थे, लेकिन इस बार हमें उम्मीद है कि कुछ घोषणाएं होंगी।

### आज युवाओं के हाथ में पत्थर नहीं बल्कि परिवर्तन के टूल्स हैं: एलजी

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पीएम मोदी के युवाओं का सशक्त बनाना, जम्मू-कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम को लेकर स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा की तीसरी बार देश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास जताया है। जम्मू कश्मीर में नौजवान स्टार्ट अप और स्वरोजगार से नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज युवाओं के हाथ में पत्थर नहीं, बल्कि परिवर्तन के टूल्स हैं।




### विश्व मंच पर एक बार फिर चमकेगा श्रीनगर

पीएम मोदी ने कहा कि श्रीनगर में योग दिवस का मुख्य समारोह होगा, जिसे देश ही नहीं दुनिया भर में देखा जाएगा। विश्व मंच पर एक बार फिर श्रीनगर चमकेगा। इससे यहां के पर्यटन कारोबार को भी लाभ होगा। शब्दों के साथ धन्यवाद करते हुए पीएम मोदी ने अपना स्वागत किया। पीएम मोदी ने कहा, अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था... उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं। पीएम मोदी की बड़ी घोषणा पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वो दिन भी जल्द आएगा जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्वल बनाएगा। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं। जल्द यहां के लोग अपनी सरकार चुनेंगे।

### सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार गिर चुकी है

पीएम मोदी ने कहा कि सबको बांटने वाली अनुग्छेद 370 की दीवार गिर चुकी है। अब सही मायने में जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान लागू हुआ है और जिन्होंने इसे अब तक लागू नहीं हुआ है, वो इसके दोषी हैं। आज लाल चौके में शाम तक रौनक रहती हैं। अब डल झील के किनारे स्पोर्ट्स कारों का शो हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने देखा।

### जम्मू कश्मीर में सबको अधिकार और अवसर मिले

पीएम मोदी ने कहा उनकी सरकार ने सबको अधिकार और अवसर दिए हैं। महिलाओं को लाभ मिला। समाज के कमजोर तबकों की आवाज सुनी गई। पहली बार विधानसभा में एसटी समुदाय की सीटें आरक्षित की गई। पहाड़ी समुदाय, पाडरी, गड्डा ब्रहाम्ण को एसटी का आरक्षण मिला है। ओबीसी को उनके अधिकार मिले हैं।

### पिछले साल गुजरात में बना था वर्ल्ड रिकॉर्ड

गुजरात के सूरत में 2023 में योग दिवस पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना था। राज्य में 72 हजार लोकेशन पर लगभग 1.25 करोड़ लोगों ने योग किया। अकेले सूरत में एक लाख से ज्यादा लोगों की भागीदारी के साथ विश्व रिकॉर्ड बना था। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2018 में बना था, जब राजस्थान के कोटा में पतंजलि योगपीठ में हुए एक सेशन में 1 लाख 984 लोग शामिल हुए थे।

# पीजीआई में ऑपरेशन के दौरान 'जानलेवा मजाक'

## हार्ट का ऑपरेशन कर रही डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान ही नर्सिंग स्टाफ को मारा थप्पड़



- टांका लगाने के लिए नर्सिंग ऑफिसर के धागा लाने में थोड़ी देरी होने पर आपा खो बैठी महिला डॉक्टर
- ऑपरेशन थिएटर की टेबल पर लेटा मरीज जिंदगी और मौत से जूझता रहा
- खबर मिलते ही नर्सिंग स्टाफ हुआ लामबंद, महिला डॉक्टर को बर्खास्त करने की मांग पर अड़ा
- डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ की आपसी लड़ाई में जा सकती थी मरीज की जान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश का प्रतिष्ठित एसजीपीजीआई एक बार फिर कलंकित हुआ है। बृहस्पतिवार को ऑपरेशन थिएटर में हार्ट के मरीज के ऑपरेशन के दौरान एक महिला डॉक्टर की गैर जिम्मेदार हरकत की वजह से चिकित्सकीय और नर्सिंग पेशा शर्मसार हुआ। उधर, ऑपरेशन थिएटर की टेबल पर लेटा मरीज जिंदगी और मौत से जूझता रहा। लखनऊ स्थित पीजीआई अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में मरीज के हार्ट के ऑपरेशन के बीच महिला डॉक्टर और नर्सिंग ऑफिसर भिड़ गए। दरअसल, नर्सिंग ऑफिसर से धागा लाने में थोड़ी देरी हो गई। फिर दोनों में कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि महिला डॉक्टर ने नर्सिंग ऑफिसर को थप्पड़ जड़ दिया। घटना के विरोध के चलते मरीज को 20 मिनट बाद टांके लगाए गए। मामले की सूचना मिलते ही नर्सिंग स्टाफ कामकाज ठप कर विरोध प्रदर्शन करने लगा। 3 घंटे तक हंगामा चला। नर्सिंग स्टाफ का कहना है कि जब तक डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी प्रदर्शन जारी रहेगा। आरोपी डॉक्टर का नाम वरुणा वर्मा है। पीजीआई के कार्डियोवैस्कुलर डिपार्टमेंट में गुरुवार को एक मरीज का ऑपरेशन चल रहा था। ऑपरेशन थिएटर में डॉक्टर वरुणा वर्मा के साथ दो अन्य डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ था। नर्सिंग ऑफिसर धर्मेंद्र सिंह भी मौजूद थे। मरीज के हॉर्ट का ऑपरेशन हो चुका था। सिर्फ टांके लगने बाकी थी। डॉक्टर ने नर्सिंग ऑफिसर से धागा लाने के लिए कहा। नर्सिंग ऑफिसर धागे लेकर आए। लेकिन उन्हें थोड़ी देरी हो गई। इस पर महिला डॉक्टर भड़क गई और धर्मेंद सिंह को थप्पड़ जड़ दिया। धर्मेंद्र ओटी से बाहर आए। उन्होंने स्टाफ के सीनियर्स को घटना की जानकारी दी। सूचना पर सैकड़ों की संख्या में नर्सिंग स्टाफ जुट गया और विरोध प्रदर्शन करने लगा।

### डॉक्टर को बर्खास्त करने की मांग पर अड़े

धरने की सूचना पर पीजीआई के डायरेक्टर आरके धीमान समझाने पहुंचे। लेकिन कर्मचारी कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। कर्मचारियों का कहना है कि डॉक्टर ने अपमानित करने का काम किया है। उसके खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए।

### पहले भी बदसलूकी कर चुकी है डॉक्टर

डॉक्टर वरुणा वर्मा पहले भी नर्सिंग स्टाफ के साथ अभद्रता की थी। उनके खिलाफ शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बार कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदर्शन जारी रहेगा।

### डायरेक्टर ने माना डॉक्टर ने अभद्रता की

डायरेक्टर आरके धीमान ने कहा कि डॉक्टर ने अभद्रता की है, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। डॉक्टर माफी के लिए तैयार हैं। लेकिन नर्सिंग स्टॉफ किसी बात को सुनने को तैयार नहीं है। वहीं, नर्सिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुजान सिंह ने कहा कि हम डॉक्टर को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं। नर्सिंग एसोसिएशन डॉक्टर के अभद्र व्यवहार का विरोध कर रहा। डॉक्टर ने गाली-गलौज भी की है।


### यूपी सरकार ने मीडिया के लिए जारी की गाइडलाइन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों को लेकर सोशल मीडिया पर एक गाइडलाइन जारी की गई है। अधिकारियों को कहा गया है कि बिना विभाग की मंजूरी लिए अखबार में लेख न लिखें, टीवी-रेडियो पर ना बोलें और सोशल मीडिया पर कोई कमेंट न करें। अगर कोई राज्य सरकारी कर्मचारी ऐसा करता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डॉ. देवेश चतुर्वेदी की तरफ से यह नई गाइडलाइन जारी की गई है।

### सिपाही भर्ती परीक्षा कराने वाली कंपनी पर बड़ी कार्रवाई, मिले पुख्ता सबूत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने परीक्षा कराने वाली अहमदाबाद की कंपनी एजूटेस्ट को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। अब एजूटेस्ट को प्रदेश में किसी भी विभाग में भर्ती परीक्षा कराने का काम नहीं मिलेगा। साथ ही उसके खिलाफ कानूनी शिकंजा भी कसने की तैयारी है। गौरतलब है कि एजूटेस्ट कंपनी के संचालक विनीत आर्या को एसटीएफ चार बार नोटिस देकर बयान दर्ज कराने तलब कर चुकी है। इसके बावजूद वह पेश नहीं हो रहा है। एसटीएफ के अधिकारियों के मुताबिक सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद से वह अमेरिका चला गया था।




## फास्ट फॉरवर्ड

### कोतवाली में शिकायत करने आए युवक पर बंदरों ने किया हमला

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कस्बे में चारों ओर आतंक काट रहे बंदरों से लोग परेशान हैं। झुंड में घूम रहे बंदर आए दिन लोगों पर हमला कर घायल कर रहे हैं। कोतवाली में फरियाद लेकर गए एक युवक पर बंदरों ने हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अटा निवासी आशीष राठौर पुत्र अवधेश गुरुवार की दोपहर अपनी पत्नी के साथ फरियाद लेकर कोतवाली गए थे। वह दोनों कोतवाली कैंपस में बने टिन शेड के नीचे बैठ गए, तभी बंदरों के झुंड ने हमला बोल दिया जिसमें एक बंदर ने आशीष के पीठ पर काट लिया जिससे वह घायल हो गया। बता दें कि कस्बे में हर तरफ बंदरों का आतंक बना हुआ है। सड़कों से लेकर मंदिर, मस्जिद, कार्यालय आदि के आस पास बंदरों के झुंड घूम रहे हैं जो आए दिन लोगों को घायल कर अस्पताल पहुंचा रहे हैं।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर ट्रक में पीछे से घुसा ट्रक, चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जालौन कोतवाली क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार ट्रक छिरिया सलेमपुर पर ट्रक में पीछे से घुस गया। जिससे ट्रक की केबिन क्षतिग्रस्त हो गई, और फंसकर चालक की मौत हो गई, जबकि हेल्पर हादसे में बाल-बाल बच गया। मैनपुरी से आलू लादकर गुरुवार की सुबह ट्रक ड्राइवर दुर्बेश कुमार 25 वर्ष अपने हेल्पर नन्हे के साथ उरई मंडी आ रहा था। इस दौरान जब वह बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के छिरिया सलेमपुर कट के पास से गुज़र रहे थे। तभी रफ्तार तेज होने की वजह से ट्रक आगे चल रहे ट्रक से जा टकराया। जिससे ट्रक की केविन क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमें फंसकर ड्राइवर दुर्वेश कुमार की मौत हो गई, जबकि हेल्पर सुरक्षित बच गया। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने केबिन में फंसे ड्राइवर के शव को बाहर निकलवाया और कब्जे में लेकर सूचना परिजनों को दी। खबर मिलते ही पहुंचे मृतक के भाई उमेश ने बताया कि दुर्बेश परिवार का इकलौता कमाने वाला था। वहीं घटना के बाद से मृतक की पत्नी ज्योति सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### डंपर से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार डंपर को ओवरटेक करते समय संतुलन बिगड़ने से बाइक चालक गिर गया और कुचलकर उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम कमतरी निवासी शिवम यादव 25 वर्ष गुरुवार की सुबह अपनी बाइक से एट होते हुए उरई अपने बीमार पिता रामकुमार की दवा लेने के लिए जा रहा था। जब वह एट थाना क्षेत्र में एनटीपीसी प्लांट के सामने पहुंचा, और वह डंपर को ओवरटेक कर रहा था। तभी उसका बाइक से संतुलन बिगड़ गया और वह डंपर से टकराकर उसकी चपेट में आ गया। जिससे उसकी डंपर से कुचलकर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया।मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया।

# रानीपुर टाइगर रिजर्व में भ्रष्टाचार की धूम, ठेकेदार ने अनियमितताओं की हदें की पार

**जन एक्सप्रेस SPECIAL**

- बदस्तूर जारी है घटिया निर्माण, अंजान बने है जिम्मेदार
- घटिया निर्माण करा रहे ठेकेदार पर कार्यवाही से क्यों बच रहे जिम्मेदार?




**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

एक तरफ जहां सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ रानीपुर टाइगर रिजर्व को विकसित करने जितनी संजीदगी के साथ काम कर रहे हैं,जिले के जिम्मेदार अफसर उससे कहीं ज्याद लापरवाह हैं। रानीपुर टाइगर रिजर्व मे भ्रष्टाचर की धूम मची है। वन विभाग ने इन दिनों भ्रष्टाचार की हदें पार कर दी है। मारकुंडी डाक बंगले मे हो रहे विभिन्न निर्माण कार्यों मे जमकर मनमानी की जा रही है। वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की सांठगांठ के चलते ठेकेदार जक्षकर धांधली कर रहा है। नियमों को ताकपर रखक धड़ल्ले से घटिया निर्माण को अंजाम दे रहा है। लेकिन इस भ्रष्टाचार की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। वन विभाग के जिम्मेदार जानबूझकर अंजान बने हैं। निर्माण कार्य मे निम्नस्तर की निर्माण सामग्री का प्रयोग कर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है। ठेकेदार के ऊपर विभाग के जिलेस्तर के अधिकारियों का हाथ होने से मानक की जमकर अनदेखी की जा रही है।

### स्थानीय लोगों ने धांधली का लगाया आरोप

स्थानीय लोगों का कहना है ठेकेदार बिना किसी डर के मानक के विपरीत निर्माण करा रहा है।


टाइगर रिजर्व को विकसित करने आई धनराशि चढ़ रही भ्रष्टाचार की भेंट

स्थानीय गौरी शिवगोपाल, संजय,सचिन, मनीष आदि लोगों ने बताया कि घटिया निर्माण को लेकर डीएफओ एनके सिंह से बार बार शिकायत करने के बाद भी जानबूझकर इस मामले को नजरअंदाज किया जा रहा है। लोगों ने डीएफओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा डीएफओ की मौन स्वीकृति बता रही है कि उनके सहमति से यह धांधली की जा रही है।

### डिप्टी डायरेक्टर का भ्रष्ट ठेकेदार से आखिर क्या रिश्ता? मूक दर्शक बने

बड़ा सवाल यह है कि डिप्टी डायरेक्टर रानीपुर टाइगर रिजर्व एनके सिंह का ठेकेदार से क्या रिश्ता है, कि वह भ्रष्ट ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं ? मारकुंडी स्थित रेस्ट हाउस मे हो रहे मानकविहीन निर्माण कार्य पर कोई कार्यवाही करने से क्यों बच रहे है?कुल मिलाकर डीएफओ जानबूझकर इस मामले से अंजान बन रहे हैं। विभाग से जुडे सूत्र बताते हैं कि घटिया निर्माण कार्य कर रहा ठेकेदार साहब का खास संबंधी है, जिसके चलते ठेकेदार को माननीय का संरक्षण प्राप्त हैं।

## क्षेत्र में नहीं होना चाहिए अवैध खनन और परिवहन - जयकरण सिंह

**जन एक्सप्रेस | मऊ, चित्रकूट**



यमुना तट पर कुछ इलाकों में मिल रही अवैध खनन की शिकायतों को मऊ क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने गम्भीरता से लिया है। इसके चलते उन्होंने दो आरक्षियों को तैनात करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही क्षेत्र में हर हालत में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण करने के निर्देश दिए हैं।

मऊ क्षेत्र में बियावल, रेडीभुसौली, बरियारीकला और बरहाकोटरा में अवैध खनन की शिकायतों को लेकर मऊ क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने बताया कि किसी भी हालत में अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। अवैध खनन और अवैध परिवहन के विरूद्ध निरंतर अभियान चलेगा। यदि अवैध कार्यों में किसी पुलिस कर्मी की संलिप्तता पाई गई तो उसके विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने बताया कि अवैध खनन के शिकायत वाले स्थानों उन्होंने दो सिपाहियों को तैनात करने के आदेश दिए हैं। यह अवैध कार्यों पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी स्थान पर अवैध शराब या जुआं समेत कोई भी गैर कानूनी कार्य होने पर उन्हें गोपनीय तरीके से सूचना दी जाए। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखते हुए सम्बन्धित अराजकत्तवों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने यातायात नियमों का भी सख्ती से पालन कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि चार पहिया गाड़ी के सीसों में काली फिल्म नहीं लगी होनी चाहिए। साथ ही सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य किया जाए और दो पहिया वाहन चालक हेल्मिट अवश्य लगाएं।

## रामघाट में हुआ योग शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में रामघाट धार्मिक स्थल पर मंदाकिनी के किनारे आयुष विभाग द्वारा पतंजलि योगपीठ के सदस्यों के साथ योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भरत मंदिर रामधाट के महंत दिव्य जीवन दास महाराज एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ राजेश सिंह तथा डॉ आशुतोष तिवारी नोडल अधिकारी आयुर्वेद ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक के रूप में पतंजलि योगपीठ से अरविंद कुमार शिवहरे एवं दिनेश ने योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया। मंच का संचालन अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ की बहनों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। आयुष विभाग के समस्त चिकित्साधिकारी फार्मासिस्ट एवं अन्य कर्मचारी तथा योग प्रशिक्षक योग सहायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में मनाया जाना है, की जानकारी दी गई। साथ ही आयुष विभाग ने जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में योगाभ्यास प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें रामनगर ब्लॉक से आए हुए 10 योग अभ्यर्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ अखिलेश पटेल एवं डॉ धीरेंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में किया गया।

### किशोरी को भगा ले जाने में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर साथ ले जाने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोंच कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को बीते दिन 18 जून को घर से मप्र के जिला दतिया के ग्राम सोजना निवासी आकाश पुत्र राजू गोस्वामी व कोतवाली कोंच क्षेत्र के ग्राम विरगुवां बुजुर्ग निवासी सागर पुत्र कुलदीप गोस्वामी बहला फुसला कर अपने साथ ले गए। काफी जगह खोजबीन करने के बाद भी बेटी का अब तक कहीं कोई पता नहीं चल सका है। मामले को लेकर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश तेज कर दी है।

## पुलिस अधिकारियों ने जागरूकता कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने अपने कार्यालय एवं अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी, कर्मचारियों के साथ स्वापक नियंत्रण ब्यूरों, लखनऊ के आधिकारिक यू ट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रामिंग के जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में प्रतिभाग किया।

पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में स्वापक नियंत्रण ब्यूरों, लखनऊ के आधिकारिक यू ट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रामिंग के जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

प्रस्तावित जागरूकता सत्र में गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार मादक पदार्थों के समापन सम्बन्धी ई-प्रतिज्ञा भी किया गया। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल ने क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय कालूपुर में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों व आम जनता तथा क्षेत्राधिकारी मऊ जय करन सिंह द्वारा थाना मऊ में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों व आम जनता तथा जनपद के समस्त थाना, चैकियों में थाना, चैकी प्रभारियों द्वारा अपने थाना परिसर में नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस कर्मचारियों एवं आम जनता को मादक पदार्थों से दूर रहने के लिए शपथ दिलायी गयी।

## जनपद में तीन दिन रहकर जनसमस्याओं पर करेंगे काम: सांसद

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

समाजवादी पार्टी की नव निर्वाचित सांसद कृष्णा शिवशंकर पटेल के प्रथम जनपद आगमन पर सपा जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव के नेतृत्व में पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल के आवास में पार्टी पदाधिकारियों एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सांसद कृष्णा पटेल का जनपद की सीमा में प्रवेश से लेकर राजापुर, कुचाराम, पहाड़ी, आशोह, चकरेही चैराहा, पटेल तिराहे में जनपद वासियों ने फूल मालाओं एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। सांसद कृष्णा सिंह ने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव पार्टी कार्यकर्ता एवं जिला संगठन ने लडा है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव के नेतृत्व एवं सदर विधायक एवं पूर्व विधायकों की मेहनत से ही जिले की दोनों विधानसभाओं में पार्टी की जीत सुनिश्चित हुई है। उन्होंने बताया कि वह जनता के मुद्दों को प्रमुखता से सदन में उठाने का काम करेंगी।

साथ ही तीन दिन चित्रकूट में रहकर जनसमस्याओं का निराकरण करने का काम करेंगी। सभा का संचालन जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने किया। इस मौके पर जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, मो. गुलाब खान, सीताराम कश्यप, सियाराम गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राजा यादव, सेक्टर प्रभारी शीलू यादव, युवजन सभा के उपाध्यक्ष आलोक सिंह चैहान, सभासद ओंकार यादव, संदीप प्रजापति, जागेश्वर यादव, संतोष कोटार्य, यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष अमर पटेल, निजाम सिद्दकी, ब्लॉक अध्यक्ष मानिकपुर रामानंद यादव, ऋतुराज वर्मा, गया प्रसाद निषाद, हरिमोहन यादव, फूलचंद्र यादव, महिला सभा की जिलाध्यक्ष रमा यादव, अंजू सोनी आदि मौजूद रहे।

## समाज को विशेष शिक्षाप्रद दिशा देता है संघ: हेमराज सिंह

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



जिला मुख्यालय के धुस मैदान स्थित श्रीराम शाखा प्रभात में गुरूवार को हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में संघ के विभाग सह समरसता प्रमुख अधिवक्ता हेमराज सिंह ने कहा कि भारत में सामान्यतया प्रत्येक दिन उत्सव के रूप में मनाया जाता है, किन्तु राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने वर्ष में विशेष शिक्षाप्रद समाज को दिशा देने वाले 6 उत्सवों को शाखाओं में मनाने का निर्णय किया है। जिसमे पहला उत्सव चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नव वर्ष के रूप में वर्ष प्रतिपदा के नाम से मनाया जाता है। दूसरा उत्सव ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी को हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी प्रकार अषाढ शुक्ल पूर्णिमा को गुरू पूर्णिमा, श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को रक्षाबन्धन, अश्वनी शुक्ल दशमी को विजया दशमी और सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायन की ओर प्रवेश करते समय मकर संक्रान्ति का पर्व मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि भारत में हिन्दू साम्राज्य की स्थापना छत्रपति शिवाजी महाराज ने दिनोत्सव में की थी। मुस्लिम आक्रांताओं से लोहा लेने के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज ने समाज के सभी वर्गों को जोडकर गोरिल्ला युद्ध किया था। उन्होंने औरंगजेब के सिपहसालार साहिस्ता खान, अफजल खान आदि का वध करने के बाद उनका सिर चैराहों में टांगकर मुस्लिम आक्रांताओं को चुनौती दी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज हिन्दूत्व और भारत माता के लिए पूरी तरह समर्पित थे।

उनके जन्म के समय यहां के कुछ राजा विदेशी सत्ता की चाकरी करते थे। वर्तमान समय के युवाओं को छत्रपति शिवाजी महाराज के पदचिन्हों पर चलते हुए राष्ट्र को परमवैभव पर पहुंचाने में सहभागी बनना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन मुख्य शिक्षक अजय मौर्य ने किया।

इस मौके पर अधिवक्ता रामप्रकाश अग्रवाल, प्रदीप निगम, सुशील सिंह, प्रभाकर चौधरी, राजेश गर्ग आदि मौजूद रहे। इसके पूर्व कार्यक्रम का प्रारम्भ ध्वजारोहण और छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ और समापन संघ की प्रार्थना के साथ हुआ।

### रोजगार स्थापना के लिए करें ऋण आवेदन

**चित्रकूट।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अर्न्तगत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए शासन से जनपद को इकाई संख्या-10 धनराशि-50 लाख एवं रोजगार 200 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना के अर्न्तगत सामान्य श्रेणी पुरुष को 4 प्रतिशत ब्याज उद्यमी द्वारा वहन किया जायेगा। साथ ही उससे ऊपर का ब्याज उपादान के रूप में शासन से टर्मलोन (पूंजीगत ऋण) पर ही अनुमन्य है। आरक्षित वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, अन्य पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक, भूतपूर्व सैनिक एवं दिव्यांगजन के लिए समस्त ब्याज की धनराशि ब्याज उपादान के रूप में शासन से टर्मलोन (पूंजीगत ऋण) पर ही अनुमन्य है। उद्यमी को अधिकतम 10 लाख रूपए तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। सामान्य श्रेणी के पुरुष लाभार्थियों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत एवं आरक्षित श्रेणी के लाभार्थियों को 5 प्रतिशत निजी अंशदान जमा करना होगा। 18 से 50 वर्ष तक के पुरुष व महिला अभ्यर्थी जो अपना उद्यम ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित करना चाहते है वह अपना आवेदन उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन करते हुए आवेदन की प्रति जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

### पुलिस टीम ने पारिवारिक विवादों को समाप्त कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी पारिवारिक झगडे को समाप्त कराकर एक परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। आवेदिका अन्जू देवी पुत्री मुन्ना लाल निवासी छिपनी बाहर खेडा थाना कोतवाली कर्वी ने अपने पति सुरेश मिश्रा पुत्र साधू प्रसाद निवासी डटिया पुरवा बाया पहरा थाना भरतकूप के विरुद्ध लडाई झगडा कर प्रताडित करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थना-पत्र के निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उप निरीक्षक गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव, मंजूलता द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया।

## गल्ले की आढ़त से चोरों ने 6 लाख 70 हजार रुपए की नगदी की पार

**जन एक्सप्रेस | उरई**



कुठौंद कस्बे में बुधवार को गल्ले की आढ़त से चोरों ने 6 लाख 70 हजार रुपए की नगदी पार कर दी। व्यापारी ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कस्बा कुठौद निवासी गल्ला व्यापारी पवन शर्मा पुत्र राममोहन ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया कि मेरे पिताजी रोज की तरह दुकान बंद कर सो रहे थे। तभी चोर दुकान की छत पर गए और जाल को खोलकर अंदर घुस आए। दुकान में घुसे चोरों ने फुर्सत से दुकान को खंगालना शुरू किया और गोलक में रखे 6 लाख सत्तर हजार रुपए चोरी कर भाग गए। सुबह दुकान की शटर खोली तो जाल खुला और समान बिखरा हुआ था, और गोलक में रखी नगदी गायब थी। जिसके बाद व्यापारी ने सूचना थाना पुलिस की दी। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात करीब 11 बजे मुहल्ले का ही राजू सेंगर पुत्र शिवनाथ सहित चार अज्ञात लोग ढाले पर खड़े थे। जब मेरे पिताजी ने अज्ञात व्यक्तियों को टोका, तो शिवनाथ व उनकी पत्नी आरती देवी पक्ष लेने लगी। व्यापारी के पुत्र का आरोप है कि शिवनाथ के पुत्र विपिन ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसके संबंध में क्षेत्राधिकार जालौन राम सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना पर वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया। गुल्लक में कुछ पैसा शेष भी मिला है। फिलहाल फॉरेंसिक टीम ने भी नमूने लिए हैं। प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### मंदिर जा रही किशोरी से मनचलों ने की छेड़खानी, पिता ने दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच में मंदिर जा रही एक नाबालिग किशोरी के साथ दो युवकों द्वारा छेड़खानी कर दी। पीड़ित किशोरी के पिता ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। नगर के मोहल्ला गोखले नगर निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि गुरुवार की सुबह आठ बजे उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी मोहल्ले में ही स्थित लंकेश्वर मंदिर में पूजा करने जा रही हुई थी। वहां मौजूद मोहल्ले के ही दो युवकों ने बेटी के साथ छेड़खानी की और उसके द्वारा विरोध करने पर उन दोनों युवकों ने गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से चले गए। मामले को लेकर पीड़ित पिता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सर्व सम्मति से जिला पंचायत बोर्ड में स्वीकृत हुईं विकास योजनाएं

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला पंचायत में बैठक हुई।

बैठक में बीती 6 मार्च को हुई कार्यवाही की सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी। इसके बाद पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए शासन द्वारा आवंटित धनराशि के सापेक्ष 817.85 लाख रूपए की वार्षिक कार्य योजना एवं जिला निधि के अन्तर्गत 450 लाख की वार्षिक कार्ययोजनएं सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। पन्द्रहवाँ वित्त आयोग-टाइड फण्ड एवं अनटाइड फण्ड की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए शासन द्वारा आवंटित धनराशि एवं अटल भूजल योजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष टाइड फण्ड की 504.31 लाख रूपए तथा अनटाइडफण्ड की 344.20 लाख रूपए की वार्षिक कार्य योजनाएँ सर्वसम्मति से स्वीकृति की गयी।

इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति सदन के समक्ष रखी। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में उठाये गये बिन्दुओं पर त्वरित कार्यवाही करते हुए से एक सप्ताह के अन्दर जिला पंचायत को अवगत कराएं। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अनिल, विनीत कुमार, राजाराम, अर्जुन प्रसाद, उमाकान्त, प्रेमा, राजरानी, दशरथ प्रसाद, जगदीश, प्रेमचन्द्र, मीरा, अनीता सिंह, शिव औतार त्रिपाठी, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, मऊ ब्लाक प्रमुख सुशीला देवी, रामनगर ब्लाक प्रमुख गंगाधर, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार, वित्तीय परामर्शदाता पंचानन वर्मा आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में ह के बादल छाए रह्न` के आसार ैहं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहि ैहं द्य तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रह्न` के आसार हैं

अधिकतम (डिग्री0से0) : 43.8 (+3.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 30.0 (+2.5)
स`क्षिक आर्द्रता अधिकतम : 51 प्रतिशत
स`क्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 31 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 18.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक







# के.डी.ए: जोन एक व दो योगी सरकार और प्राधिकरण को अवैध निर्माण से पहुंचा रहे करोड़ों के राजस्व की क्षति

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** कानपुर विकास प्राधिकरण के ईमानदार वी.सी.ने कल फिर जोन चार में अवैध निर्माणों को सील करने करने का अभियान जारी रखते हुए सात निर्माणों को सील कराया है। लेकिन इसका क्या फायदा मिलेगा हम आपको बताते हैं। इसका केडीए के ईमानदार वी.सी. और प्राधिकरण तथा सरकार को कोई फायदा नहीं मिलेगा। जल्द ही जिम्मेदार अधिकारी जो निचले क्रम में है वह सील की डील कर लेंगे सील तोड़ दी जाएगी। सील तोड़ने का मुकदमा दर्ज होगा, मुकदमे में विवेचना चलती रहेगी, बिल्डर अवैध निर्माण को पूरा करके उसकी रजिस्ट्री भी कर देगा। फिर वही हाल दोबारा होगा फिर बिल्डर अवैध निर्माण बनाएगा कोई मदन गर्व्याल जैसा ईमानदार वीसी आया तो वह अवैध निर्माण को सील कराएगा नहीं तो जैसे भ्रष्टाचार फैला था वह फैला रहेगा लेकिन इस कारण योगी सरकार की किरकिरी जरूर हो रही है। आज के अंक में हम आपको बताएंगे कि कैसे जोन एक और दो में अवर अभियंताओं की अनदेखी ने सरकार और प्राधिकरण की किरकिरी करने के साथ-साथ करोड़ों रुपए के राजस्व को अवैध निर्माण से क्षति पहुंचवाई है।

आपको खबर के कॉलम में फोटो नंबर एक और दो जो नजर आ रहा है। यह दोनों निर्माण जोन 2 के हैं और दोनों पूर्ण रूप से अवैध है। एक निर्माण जो आपको बड़ा दिखाई दे रहा है जिसकी फ़ोटो संख्या एक है। इस निर्माण को होली से ठीक 2 दिन पहले प्रवर्तन प्रभारी शुक्ला के निर्देश पर अवैध रूप से अतिरिक्त डलने के समय सील कर दिया गया था। शटरिंग लगे लगे प्राधिकरण ने सील लगाई थी। वर्तमान समय में केडीए की सरकारी सील तोड़ दी गई है। अतिरिक्त तल के कार्य को पूरा कर लिया गया है। प्राधिकरण के नियमों के जानकारों की माने तो अगर यह निर्माण कमर्शियल में पास होता तो सरकार और प्राधिकरण को करोडों रूपए का राजस्व मिलता। फोटो संख्या में जो आपको निर्माण दिखाई दे रहा है यह शास्त्री नगर का है। इसका निर्माण भी पूर्ण रूप से अवैध है। अगर इसका नक्शा पास करवाया जाता तो इस विशेष रूप से कमेटी से इजाजत लेनी होती क्योंकि पहले से इसके नीचे एक तल का निर्माण हुआ है। लाखों रुपए का राजस्व प्राधिकरण और सरकार को मिलता लेकिन ऐसा नहीं हुआ।










**जोन एक के तीनों निर्माण पूर्ण रूप से अवैध**

आपको खबर के कॉलम में फोटो संख्या तीन चार और पांच जो दिखाई दे रही हैं। यह गगनचुंबी इमारतें जोन एक के चमनगंज क्षेत्र में बनी हुई है। यह तीनों इमारतें पूर्ण रूप से अवैध हैं। अगर प्राधिकरण से इन बिल्डिंगों का भी नक्शा पास करवाया जाता तो करोड़ों रुपए के राजस्व की बढ़ोतरी सरकार और प्राधिकरण के कोष को होती।

# प्रशिक्षक स्मिता वर्मा ने योग कर निरोग रहने के बताए तरीके



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी निदेशक महेंद्र वर्मा के दिशा निर्देशन एव क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एव यूनानी अधिकारी कानपुर नगर डाक्टर मनोज वर्मा के कुशल दिशा निर्देश के क्रम में विकासखंड ककवन ग्राम पंचायत में योग प्रशिक्षक स्मिता वर्मा द्वारा सैकड़ों लोगों को योग अभ्यास में प्रोटोकॉल के अनुसार सूक्ष्म क्रिया, ताड़ासन, वृक्ष आसान, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, पश्चिमोत्तानासन, वक्रासन, उत्थान मंडूकासन, वज्रासन, प्राणायाम ध्यान अभ्यास करवाकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ किया गया। साथ ही साथ योग प्रशिक्षक स्मिता वर्मा ने योग से होने वाले फायदे भी बताए जैसे योग करने से आपको कभी गठिया बाई नही होगा, पाचन क्रिया हमेशा ठीक रहेगी, सास की बीमारी कभी नही होगी आदि



इस मौके पर ककवन विकासखंड वी. डी. ओ. शिव नरेश राजपूत, योग सहायक वीरेश कुमार, पंचायत सहायक दीक्षा राठौर, रोजगार सेवक सुधीर कांत पाल समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# सीएसए में योगाभ्यास का आयोजन किया जायेगा

जन एक्सप्रेस कानपुर नगर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में 21 जून को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक योगाभ्यास का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम आयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉं. मुनीश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना है। यह कार्यक्रम योग



गुरु मदन मोहन भरतीया एवं डॉ. अनिल आनंदम द्वारा संपन्न कराया जाएगा जिसमें विश्व विद्यालय के समस्त अधिकारी, शिक्षक, कार्मिक एवं उनके पारिवारिक सदस्य, छात्र-छात्राओ सहित 1200 से अधिक प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कमरे में पड़ा मिला दो दिन पुराना शव

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। रावतपुर के सैयद नगर में कल एक युवक का दो दिन पुराना शव मिला है। परिजनों को बदबू आने पर जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत हीट स्टोक या हार्ट हटैक से होनी बताई जा रही है। मृतक के बड़े भाई मनोज मिश्रा ने बताया कि उनके परिवार में मृतक भाई अनिल मिश्रा छोटे भाई नीरज मिश्रा मां मुन्नी व अपने परिवार के साथ संयुक्त रूप से सैयद नगर में रहते हैं। मृतक भाई अनिल मिश्रा (42) फजलगंज में मुंशी का काम करता था। कई सालों से मां की देखभाल के कारण काम पर नहीं जा रहा था। भाई की शादी नहीं हुई थी। तीन दिन से अनिल को बुखार आ रहा था। बीते मंगलवार की रात खाना खाने के बाद अनिल अपने कमरे में सोने चला गया, तक से किसी ने अनिल को अपने कमरे से बाहर निकलते नहीं देखा। घर के लोगों को आज सुबह कमरे से बदबू आई तो दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन कोई आवाज नहीं आने पर पुलिस को फोन किया। पुलिस के आने के बाद दरवाजा तोड़कर देखा गया तो अनिल का शव चारपाई पर मृत अवस्था में मिला। शव दो दिन पुराना होने के चलते सड़ने लगा था।

### सत्ता पक्ष व विपक्ष के विधायक सांसद के कार्यालयों में बिछेगी खटिया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। दिव्यांगजनों का सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटा पुरा करवाने, सामाजिक समानता कानून बनाकर नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा, सुरक्षा की सौ फसदी गारन्टी देने की मांग को लेकर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी सत्ता पक्ष व विपक्ष के विधायकों व सांसदो के कार्यालयों में खाट बिछाकर प्रदर्शन करेगी। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आन्दोलन की शुरूआत कानपुर से होगी। उसके बाद पुरे देश में मांगों को लेकर आन्दोलन किया जाएगा। आन्दोलन की शुरूआत विपक्ष के विधायक अमिताब बाजपेई व सत्ता पक्ष के विधायक सुरेन्द मैथानी के यहाँ से होगी। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार दिव्यांगजन को आन्दोलन के लिये मजबुर कर रही है। दिव्यांगजन नौकरी, रोजगार, ईलाज व शिक्षा के लिये मारे मारे घुम रहे है। कानपुर उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा जिला व मण्डल है एक भी प्राथमिक से लेकर उग्च शिक्षा के लिये सरकारी विद्यालय नहीं है। सरकारी विभागों में दिव्यांगजन के रिक्त पद हैं सरकार उन्हें भर नहीं रही है।

### विधायक मैथानी के प्रयास से 18 रोगियों को मिली संजीवनी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे 18 लोगों को गोविंदनगर विधायक सुरेंद्र मैथानी के प्रयास से संजीवनी मिल गई है। ये लोग गरीबी में न कहीं बेहतर इलाज करा पा रहे थे, न कहीं से मदद की आस दिख रही थी। निराशा की गर्त में डूबे इन रोगियों के बारे में जानकारी होते ही विधायक मैथानी सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंचे और इनके लिए 41 लाख 02 हजार रुपये की मदद मंजूर कराके इन्हें एक बार फिर जीवन की डगर पर चला दिया। एक दो दिन में इनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज शुरू हो जाएगा। अस्पतालों को इस्टीमेट पहुंचा दिया गया है। रोगियों को खुश देख विधायक ने कहा कि यह सेवा ईश्वर के चरणों में समर्पित है। जरूरतमंदों की जान तो ईश्वर बचाएगा लेकिन प्रभु ने हमे माध्यम बनाकर हमारे ऊपर उपकार किया है। श्री मैथानी ने बताया कि इससे पहले भी वे 12 बार जरूरतमंदों को इलाज करने के लिए पैसा दिला चुके हैं। उनके दोनों कार्यकाल में अब तक 14 करोड़ की रकम गरीबों को मुहैया हो चुकी है।



# जोन चार में आधा दर्जन से अधिक अवैध निर्माण किए गए सील







जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर विकास प्राधिकरण के वी.सी. मदन गर्वयाल जिन्हें अब जनता ईमानदार बाहुबली के नाम से पुकारने लगी है। वीसी के निर्देश पर प्राधिकरण के जोन चार में सात अवैध निर्माणों पर सील की कार्रवाई की गई है। जिसमें थाना-सेन पश्चिम पारा के अन्तर्गत ह्लाट संख्या-260, तौधकपुर, थाना-जूही के अन्तर्गत परिसर संख्या-133/81, एम-ब्लाक, किदवई नगर, थाना-चकेरी के अन्तर्गत परिसर संख्या-633, गाँधीग्राम, चकेरी, थाना-नौबस्ता के अन्तर्गत ह्लाट संख्या-128/543/116 ब्लाक ''के'' किदवई नगर, भूखण्ड सं0 128/1256 वाई-1, ब्लाक, किदवई नगर, भूखण्ड सं0 622 वाई-1, ब्लाक, किदवई नगर, व भूखण्ड सं0 128/543/11 ब्लाक-के, किदवई नगर, एवं थाना-बाबूपुरवा के अन्तर्गत ह्लाट सं0-130/132 ई अजीतगंज, शामिल हैं।

# दिव्यांग योग कार्यक्रम विश्वविद्यालय के मल्टीपरपज हाल में किया आयोजित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगोत्सव पखवाड़े के अन्तर्गत गुरुवार को दिव्यांग योग कार्यक्रम विश्वविद्यालय के मल्टीपरपज हाल में आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन कार्यक्रम अध्यक्ष कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी, विशिष्ट अतिथि विश्वनाथ गुप्ता, इंडिया बुक आफ रिकार्डस् लता टाक, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वन्दना पाठक, प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि कुलपति के निर्देशन में विश्वविद्यालय ने आनलाइन योगा शपथ में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। विशिष्ट अतिथि विश्वनाथ गुप्ता ने कहा कि कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय दिव्यांगो के लिये योगाभ्यास के माध्यम से इंडिया बुक आफ रिकार्डस् में दर्ज करा कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहा है। मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जब विश्व के सामने योग दिवस का प्रस्ताव रखा था तो कुछ देशों ने इसका विरोध भी किया था परन्तु आज योग को संपूर्ण विश्व ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु योग के अन्तर्गत दिव्यांग महिलाओं को योगाभ्यास करा कर इंडिया बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराने के लिये शुभकामनायें देता हूँ।

# कोतवाल नौबस्ता पर लगा प्लॉट कब्जा कराने का आरोप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बुधवार को शहर के नवीन मार्केट स्थित कानपुर प्रेस क्लब में एक पीड़ित दंपति ने वार्ता के दौरान कोतवाल नौबस्ता के ऊपर उनके ह्लाट पर जबरन कब्जा कराने का दबाव बनाने और फर्जी मुकदमा लिखने का आरोप लगाते हुए वार्ता की है। वहीं दूसरी ओर कोतवाल नौबस्ता ने उन पर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि जो खुद को पीड़ित बता रहा है उसके द्वारा गैर कानूनी तरीके से किसी के ह्लाट पर कब्जा किया गया है और खुद इस व्यक्ती का आपराधिक इतिहास भी है।

थाना नौबस्ता क्षेत्र स्थित ग्राम बूढ़पुर मछरिया निवासी धीरेंद्र सिंह ने कानपुर प्रेस क्लब में पत्र वार्ता के दौरान कोतवाल नौबस्ता जगदीश पांडे पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि कोतवाल नौबस्ता द्वारा मानसिक उत्पीड़न कर उनके मकान पर कब्जा कराने की नियत से चोरी और कब्जे की झूठी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। उनका कहना था कि कोतवाल ने जबरन उन्हें थाने में बैठा कर श्रीमती उर्मिला मिश्रा के लिए ह्लाट खाली करने का नाजायज दबाव बनाया है। और इसी के चलते उर्मिला मिश्रा से झूठे मामले की तहरीर लेकर नाजायज दबाव बनाने के लिए चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में कोतवाल नौबस्ता जगदीश पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि एक ह्लॉट जो उर्मिला मिश्रा के नाम से 13 नम्बर ह्लॉट है, जिसकी रजिस्ट्री 2013 में हुई थी, जिस पर उर्मिला मिश्रा की बाउंड्री वाल बनी थी, उसी जमीन को धीरेंद्र सिंह ने 2021 की रजिस्ट्री के आधार पर ह्लॉट में लगे पेड़ तथा अन्य सामान को गायब करते हुए कब्जा कर लिया है, जिसके आधार पर उर्मिला मिश्रा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर थाना नौबस्ता पर मुकदमा धारा454/ 448/ 380/ 506 भादवि0 बनाम धीरेंद्र सिंह,योगेंद्र सिंह आदि पर पंजीकृत किया गया है। धीरेंद्र सिंह मुकदमे में नाजायज दबाव बनाने के लिए अनर्गल आरोप लगा रहे हैं वह विवेचना में सहयोग भी नहीं कर रहे हैं। साथ ही साथ उनका कहना था कि इनका बजरिया थाने से आपराधिक इतिहास भी है।



पीड़ित और उसकी पत्नी

# अष्टांग योग पर विभिन्न प्रकार के प्राणायाम कराये

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत योग पखवाड़ा के दूसरे दिन गुरुवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में योग जागरूकता के लिए अष्टांग योग पर योग एम्बेसडर अरविंद ने विभिन्न प्रकार के प्राणायाम कराये। उन्होंने कहा कि कि इस भाग दौड़ की जिंदगी में अस्वस्थ जीवन शैली ही समस्त रोगों की जड़ है, समस्त रोगों का उद्गम मानसिक अशांति से होते हुए शारीरिक रोग में परिवर्तित होता है। उन्होंने कहा कि योग न सिर्फ मन और शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि जीवन को संपूर्ण और सफल बनाता है वहीं डॉ.अनुपमा गुप्ता ने हार्टफुलनेस मेडिटेशन पर ध्यान करवाया। इस अवसर पर योग आधारित शोध पर की गई पोस्टर एवं पोस्चर प्रतियोगिता में यूजी एवं पीजी छात्रों ने बढ़-चढ कर कर हिस्सा लिया व योग में किए गए शोध कार्य पर प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की डॉ.मनीषा ठाकुर ने पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, हार्टफुलनेस मेडिटेशन पर डॉ.इति मिश्रा ने द्वितीय स्थान एवं डॉ सहर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन योग इंचार्ज डॉ.सीमा द्विवेदी एवं डॉ.अनुपमा गुप्ता ने किया। निर्णायक मंडली में डॉ.जलज सक्सेना, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ सुनीति पांडे, डॉ. सीमा निगम, डॉ.रूपा डालमिया, डॉ.सुरैया अंसारी, डॉ. आनंद नारायण डॉ.जी.डी. यादव, डॉ.डॉली, डॉ.मधु यादव डॉ.निधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉं.पारुल ने किया व कार्यक्रम में 300 छात्रों ने सहभागिता की।




### घर में सो रहे युवक की मौत हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर के थाना हनुमंत विहार क्षेत्र स्थित आशा नगर इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का मृत अवस्था में घर के अंदर शव पड़ा मिला है। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची हनुमंत विहार पुलिस और फोरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच कर मामले की पड़ताल में जुट गई है। डीसीपी रविंदर कुमार ने बताया कि सुबह कंट्रोल रूम को एक फोन आया था जिसकी सूचना पर मौके पर हनुमंत विहार पुलिस पहुंची तो जानकारी हुई राकेश विश्वकर्मा के बेटे सुभाष विश्वकर्मा दोनों छत पर सोए हुए थे देर रात अचानक बारिश के कारण सुभाष विश्वकर्मा छत से नीचे जाकर कमरे में सोने चले गए सुबह जब राकेश विश्वकर्मा की नींद खुली तो वह नीचे आए और देखा तो उनके बेटे सुभाष विश्वकर्मा का रक्त रंजित शाए पड़ा था जिस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी है।

### नहर नहाने गए दो बच्चे डूबे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर में गुरूवार को गुजैनी स्थित पनकी नहर में नहाने पहुंचे चार बग्चे गु शाम को डूब गए। हल्ला मचते ही मौजूद जनता ने दो बग्चों को तो बाहर निकाल लिया लेकिन दो बग्चे डूबने के बाद लापता हो गए जिनकी तलाश लगातार जारी है। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर बर्रा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची थी पीएसी के गोताखोर और इलाके के गोताखोरों की मदद से पुलिस डूबने वाले बग्चों की तलाश में लगी है। जानकारी के अनुसार दबौली निवासी आयुष, कृष्णा, हिमांशु पाल और निशांत कुमार कल दोपहर को घर से चुपचाप बिना बताए पनकी- गुजैनी नहर पर नहाने गए थे। मेरहबान सिंह का पुरवा एकता पार्क के पास नहर में चारों नहा रहे थे इस दौरान चारों डूबने लगे उनकी चीख-पुकार सुन वहां मौजूद लोगों ने नहर में छलांग लगा दी और हिमांशु पाल और निशांत कुमार को बचा लिया। निशांत किसी के मोबाइल से अपनी बहन प्रीती को बताया। पुलिस की टीम दोनों बग्चों आशीष और कृष्णा का पता लगाती रही लेकीन ख़बर लिखे जाने तक पता नहीं चल सका था।

# अयोध्या में निर्माणाधीन सेतुओं का कार्य प्रगति पर, लगभग सभी कार्यों को दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



श्री रामलला के दर्शन पूजन के लिए प्रतिदिन लाखों की तादाद में श्रद्धालु आ रहे हैं ऐसे में अयोध्या में सड़कों पर ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा है इसको लेकर केंद्र सरकार व योगी सरकार नए पथों का निर्माण करा रही है जल्द ही कार्य पूर्ण हो जाएगा इस क्रम में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अयोध्या धाम आने वाले पर्यटकों,श्रद्धालुओं यात्रियों एवं जनसामान्य के आवागमन की सुविधा को और भी सुगम बनाये जाने के दृष्टिगत जनपद अयोध्या में उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड के निर्माणाधीन सेतुओं के प्रगति की समीक्षा की तथा उप परियोजना प्रबन्धक सेतु निगम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस अवसर पर उप परियोजना प्रबन्धक ने अयोध्या में निर्माणाधीन रेलवे उपरिगामी सेतुओं के प्रगति की जानकारी देते हुये बताया कि बहराइच- फैजाबाद- अकबरपुर मार्ग एस0एच0-30 के चैनेज 118.25 से 199.200 तक चार लेन चौड़ीकरण में रेलवे सम्पार संख्या 107 ए/2टी (वाराणसी लखनऊ रेल सेक्शन दर्शननगर के पास) पर चार लेन उपरिगामी सेतु के पहुंच मार्ग (कुल लम्बाई 614.11 मीटर सेतु के कैरेज-वे की चौड़ाई 15 मीटर, सेतु के दोनों तरफ 3.75 मीटर चौड़ाई में सर्विस रोड निर्माण) का कुल 89 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शेष कार्यो को अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। इसी प्रकार 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर सूर्यकुण्ड स्थित रेलवे सम्पार संख्या 105 पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु (कुल लम्बाई 675 मीटर) का 91 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शेष कार्यो को अगस्त 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। अयोध्या-अकबरपुर मार्ग पर सम्पार संख्या 118ए (फतेहगंज) पर दो लेन उपरिगामी सेतु (कुल लम्बाई 793.95 मीटर) का भी 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण है शेष कार्य को अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर हलकारा का पुरवा रेलवे सम्पार संख्या 108एसी पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का भी 10 प्रतिशत कार्य पूर्ण है, सेतु के नीव संरचना, अधो संरचना एवं उर्ध्व संरचना का कार्य प्रगति पर है तथा सेतु के सरंक्षण में आने वाले सर्विसेज के शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। इस रेल उपरिगामी सेतु को दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने की समयावधि निर्धारित है। इसी प्रकार रेल प्रखण्ड जफराबाद-अयोध्या-लखनऊ के अयोध्या स्टेशन के पश्चिम यार्ड में किमी0 968/2-3 पर स्थित रेलवे सम्पार संख्या 121बी (मोदहा) पर 04 लेन उपरिगामी सेतु का भी 20 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है इस सेतु के भी नीव संरचना, अधो संरचना एवं उर्ध्व संरचना का कार्य प्रगति पर है तथा सेतु के सरंक्षण आने वाले सर्विसेज के शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। इस रेल उपरिगामी सेतु को भी दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने की समयावधि निर्धारित है।जिलाधिकारी ने उप परियोजना प्रबन्धक सेतु निगम को समस्त सेतुओं के निर्माण कार्यो को आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। जिससे यात्रियों को इन स्थानों पर किसी प्रकार की जाम की समस्या का सामना न करना पड़े और इन मार्गों पर निरंतर एवं निर्बाध आवागमन सुनिश्चित रहे।ज्ञातव्य है कि अयोध्या धाम में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर बड़ी बुआ के पास रेलवे सम्पार संख्या 112ए (दो लेन) रेल उपरिगामी सेतु तथा एन0एच0 27 बाईपास से निकलकर मोहबरा बाजार होते हुये श्रीराम जन्मभूमि मंदिर हेतु राम पथ तक जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे सम्पार संख्या 111बी पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का कार्य क्रमशः महज 20 व 22 माह में पूर्ण कर लिया गया था जिसका लोकार्पण पूर्व में ही प्रधानमंत्री द्वारा किया जा चुका है।

## कांग्रेसियो ने उत्सव के रूप में मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर।** अयोध्या प्रमुख बाजार में अपने आवास के सामने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद अहमद अपने संगठन के लोगों के साथ बुधवार को शाम फैजाबाद से प्रयागराज जाने वाले प्रमुख मार्ग पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर तिरंगा लहराते हुए गगन तारों के साथ लड्डू का वितरण करते और लोगों से गले मिलने के साथ पार्टी के प्रमुख नेता राहुल गांधी की दीर्घायु होने के लिए सभी से निवेदन करके देखे गए हैं। उक्त जन्मदिन को उत्सव के रूप में मनाते हुए प्रमुख रूप से राम दीन, मुकेशभाई, मनोज, राजेश, जितेंद्र, सलमान, अदनान, असलम, मिराज ,अक्सर मेहंदी आदि लोग देखे गए हैं। नेता मोहम्मद अहमद के नेतृत्व में देर शाम तक जन्म उत्सव का कार्यक्रम चलता रहा है जो बीकापुर में एक चर्चा का विषय रहा है।

## जनता को सूचीबद्ध करके बचत खाता व ग्रामीण डाक जीवन बीमा से जोड़ें: एच के यादव

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मिल्कीपुर ब्लाक के विद्या मंदिर स्कूल में बचत बैंक खाता, सुकन्या समृद्धि एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा को गति देने के लिए अछोरा, कुमारगंज, खंडासा, इनायतनगर, हरिंगटनगंज, मजरुद्दीनपुर, कुचेरा, बारुन, शाहगंज के ग्रामीण शाखा पोस्टमास्टरों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन डाक निरीक्षक अमित कुमार ने किया। अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एच के यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहा कि बचत खाता से अल्प बचत करने की आदत पड़ती है छोटी छोटी राशि जमा करके लाखों धन एकत्र किया जा सकता है। दूसरी तरफ ग्रामीण डाक जीवन बीमा के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा एक परिवार की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका अदा करता है ग्रामीण डाक जीवन बीमा से इंसान अपनी आवश्यकता को आसानी से पूरा कर सकता है। यह ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी किसी भी बीमा कम्पनी से कम किश्त तथा अधिक बोनस भुगतान देता है इसलिए जनता को इसका सीधा लाभ मिलता है। उन्होंने जनता से बचत खाता एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा को अपनाने के लिए अपील किया। श्री यादव ने सभी शाखा पोस्टमास्टर को निर्देशित किया कि सभी अपने अपने क्षेत्र की जनता को सूचीबद्ध करके बचत बैंक खाता तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा से जोड़ने के निर्देश भी दिए। साथ ही श्री यादव ने सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में कहा कि बेटियों के भविष्य को सँवारने के लिए डाकपाल अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए सुकन्या समृधि खाता के लिए वह प्रत्येक परिवार के घर घर तथा प्राथमिक स्वास्थ केंद्र, एवं निजी अस्पतालों में जाकर बेटियों के भविष्य को सवारने के लिए सुकन्या समृद्धि खाता खोले।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव परिणाम के विषय में मंडल स्तर व विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ताओं से लिया फीड बैक

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी बुधवार की देर शाम तक लोकसभा क्षेत्र की तीन विधान सभा व गुरूवार को रूदौली विधानसभा के प्रमुख कार्यकताओं तथा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में आगामी कार्यक्रम के बारे में चर्चा की। पदाधिकारियों से संगठनात्मक विषयों की जानकारी ली। गुरूवार को रामजन्मभूमि, हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किया। कारसेवक पुरम् में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय से मुलाकात की।लोकसभा चुनाव परिणाम के विषय में उन्होंने मंडल स्तर व विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ताओं से फीड बैक लिया। कार्यकताओं के फीड बैक के अनुसार रिर्पोट तैयार कर शीर्ष नेतृत्व को भेजी जाएगी। मिल्कीपुर विधानसभा की बैठक इनायतनगर, बीकापुर विधान सभा सहादतगंज पार्टी कार्यालय, अयोध्या विधानसभा सर्किट हाउस, रूदौली विधानसभा की बैठक आरसीएम लॉन रूदौली में सम्पन्न हुई।प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने बताया कि भाजपा शीर्षनेतृत्व द्वारा सभी लोकसभाओं में दो वरिष्ठ लोगों की टीम भेजी गई है। उन सभी कारणों की समीक्षा गई है जिस कारण अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नही आया। जनता ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने का जनादेश दिया है। एनडीए को इंडी गठबंधन से ज्यादा प्रतिशत मत प्राप्त हुए हैं। लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने नकारात्मक एजेंडे के द्वारा जनता को भ्रमित करने का कार्य किया है। सभी कार्यकर्ता उसका पर्दापाश करने का कार्य करेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने बताया कि बैठक में आगामी दिनों के कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई। 21 जून को योग दिवस, 23 जून को डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, 25 जून आपात काल की बरसी पर काला दिवस, 23 जून से 8 जुलाई तक एक वृक्ष मॉ के नाम कार्यक्रम चलाए जाएंगे। 30 जून को माह के अंतिम रविवार को बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रमों को सुनेंगे।बैठकों में क्षेत्रीय अध्यक्ष बृज क्षेत्र दिग्विजय सिंह शाक्य, अवध क्षेत्र कमलेश मिश्र, अवध क्षेत्र महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिपंअ रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, रूदौली बैठक में विधायक राम चन्दर यादव, बीकापुर बैठक में अमित सिंह चौहान, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, लोकसभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह, मंडल व विधानसभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बागवानी पारदर्शी किसान सेवा योजना के तहत अनुदान हेतु पंजीकरण

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि उद्यान विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं में आनलाइन रजिस्ट्रेशन बागवानी पारदर्शी किसान सेवा योजना' ''पहले आओ पहले पाओ'' अनुदान का भुगतान डीबीटी से लागू है।उन्होंने बताया कि योजनावार प्राप्त लक्ष्य के अनुसार राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत फल क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम में नवीन उद्यान रोपण हेतु आम-10 हे.अमरूद 5 हे.केला-50 हेक्टेयर.तथा सब्जी फसल क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के तहत 210 हेक्टेयर संकर टमाटर-45 हे.संकर पत्तागोभी-40 हे.संकर फूलगोभी 50 हे.संकर कद्दूवर्गीय 70 हेक्टेयर, परवल-05 हेक्टर लक्ष्य निर्धारित है। और मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के तहत 320 हेक्टेयर जिसमें मिर्च-20 हे.प्याज-300 हेक्टयर,एवम पुष्प क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के तहत 39 हेक्टेयर कटरोज-05 हे. ग्लैडियोलस-04 हे.गेंदा-30 हेक्टेयर का अनन्तिम लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि शासनादेश के अनुरूप किसान पंजीकरण के सात दिनों के अन्दर आधार कार्ड, बैंक पासबुक के प्रथम पेज,खतौनी की छायाप्रति व एक फोटो जमा करें।अन्यथा बाद में जो पंजीकृत किसान शासनादेश के अनुरूप आवेदन जमा किया होगा।उसे पहले कार्यक्रम का पात्र होगा।एवं उसका आवेदन लक्ष्य की उपलब्धता के अनुरूप स्वीकृत किया जायेगा।इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि नवीन उद्यान रोपण कार्यक्रम के तहत पौध राजकीय पौधशाला से स्वयं के व्यय से अन्य सभी मद कार्यक्रम भी किसान को अपने व्यय से स्वयं कराना होगा तथा अन्य कार्यक्रमों में शासनादेश के अनुरूप काईन्ड डीबीटी के माध्यम से किसानों को समय-समय मेला व गोष्ठी के माध्यम से रोपण सामग्री उपलब्ध करायी जायेगी।

## नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद का हुआ भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

समाजवादी पार्टी अयोध्या विधानसभा ने पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन के आवास कृष्णापुर पूरा बाजार पर भव्य स्वागत हुआ ।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव व संचालन वरिष्ठ नेता गयादीन यादव ने किया । इस अवसर पर नवनिर्वाचित संसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि यह जीत आम जनता की जीत है पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं को भी जीत का श्रेय दिया । उन्होंने कहा की सबसे ज्यादा श्रेय सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जाता है । जिन्होंने सामान्य सीट मुझे उम्मीदवार बनाया । श्री प्रसाद ने कहा कि यह जीत समाजवादी विचारों की जीत उन्होंने कहा कि अब किसी भी पीड़ित के साथ अन्याय नहीं होने देंगे सभी को न्याय दिलाने का काम करूंगा जनता की लड़ाई को सड़क से संसद तक ले जाऊंगा । पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि यहां की जनता ने जिस भरोसा से फैजाबाद लोकसभा से अवधेश प्रसाद को चुनाव जिताया । आने वाला समय समाजवादियों का है । श्री पांडेय ने नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद का स्वागत करते हुए कहा अयोध्या फैजाबाद में जो विकास का कार्य पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुरू किया था उसको आगे बढ़ने का काम करेंगे इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव ने कहा की अयोध्या फैजाबाद के मतदाताओं ने इस चुनाव में बढ़-कर कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को आशीर्वाद दिया है।

## देशव्यापी आह्वान के तहत भाकपा (माले) ने राष्ट्रपति महोदया के नाम सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) ने देशव्यापी आह्वान के तहत जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर जानी मानी लेखिका अरुंधति रॉय और डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए के मुकदमे को रद्द करने की मांग पर राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन सौंपा। माले नेता फूल चंद्र मौर्या, आर एस यादव और विद्यावती ने प्रदर्शनकारियो को संबोधित किया। माले नेताओं ने कहा कि प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार से सम्मानित जानीमानी अंग्रेजी लेखिका व सामाजिक कार्यकर्ता अरुंधति रॉय और प्रसिद्ध राजनीतिक विश्लेषक व कश्मीर केंद्रीय विवि के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन पर, करीब चौदह साल पहले एक कार्यक्रम में दिए गए वक्तव्य को आधार बनाकर, उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसे दमनकारी कानून के तहत मुकदमा चलाने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा दिये गए हालिया आदेश की हम तीव्र भर्त्सना करते हैं।

नेताओं ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही आये इस आदेश को हम अभिव्यक्ति की आजादी के विरुद्ध, लोकतांत्रिक बुद्धिजीवियों को निशाने पर लेने और उनका उत्पीड़न करने बताया।

## एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा उमरन गांव में नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन

जन एक्सप्रेस। ऊंचाहार, रायबरेली




एनटीपीसी ऊंचाहार ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व (ष्टस्क्र) कार्यक्रम के तहत जीवन ज्योति अस्पताल के सौजन्य से उमरन गांव में एक विशेष नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय के बीच नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में उमरन और आसपास के गांवों के लगभग 200 ग्रामीणों ने नेत्र जांच करवाई। शिविर में अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने ग्रामीणों की नेत्र जांच की। जांच के दौरान दृष्टि परीक्षण, मोतियाबिंद की पहचान, ग्लूकोमा की जांच और अन्य सामान्य नेत्र रोगों की जांच की गई। शिविर में आने वाले सभी ग्रामीणों को मुफ्त में नेत्र जांच के साथ-साथ आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। साथ ही चश्में भी उपलब्ध करवाए जाएंगे।

एनटीपीसी ऊंचाहार के परियोजना प्रमुख श्री मनदीप सिंह छाबड़ा ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि हमारे नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे आसपास के समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। नेत्र जांच शिविर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीणों को नेत्र संबंधी समस्याओं का समय पर पता चल सके और उनका उचित इलाज हो सके। एनटीपीसी ऊंचाहार अपने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, और सामुदायिक विकास के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन उसी प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है।

इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख श्रीमती रूमा दे शर्मा ने कहा कि नेत्र जांच शिविर के माध्यम से हमारा प्रयास है कि हम आसपास के गांवों के लोगों तक अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें। सभी ग्रामीणों से ये ही अपील है कि इस शिविर का अधिक-से-अधिक लाभ लें और नेत्र रोगों की जांच करवाएं।

ग्रामीणों ने एनटीपीसी ऊंचाहार की

## अग्निशमन की गाड़ियों के सायरन से गूंज उठा कलेक्ट्रेट परिसर

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** शहर के जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी कार्यालय में उस समय हड़कंप और अफरा तफरी मच गई जब परिसर में फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां एक साथ सायरन बजाते हुए आई। पूरा कलेक्ट्रेट सायरन की आवाज से गूंज उठा। वहां परिसर में मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। सभी दमकल कर्मी सीढ़ी लगाकर पानी की पाइप लेकर जिलाधिकारी कार्यालय की छत पर चढ़े जिसे देखने के लिए वहां मोजूद लोगों की भीड़ लग गई। कुछ देर बाद लोगो को जानकारी हुई की यह आग बुझाने व बचने के लिए मॉकड्रिल की गई है। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि गैस सिलेंडर में आग लगने पर थोड़ी सतर्कता पर बड़ी से बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि अगर गैस सिलेंडर में आग लगती है तो घबराएं नहीं तुरंत सिलेंडर के ऊपर गीला कपड़ा डाल दें।

## भीषण गर्मी मे ग्राहकों के बैठने के स्थान का पंखा बन्द

जन एक्सप्रेस। बीकापुर- अयोध्या

कोतवाली क्षेत्र के गोला बाजार में स्थित उत्तर प्रदेश बैंक ऑफ़ बरोदा से जुड़े ग्राहकों को की गरज हो तो बैंक आवे बैंक के शाखा प्रबंधक की कोई इच्छा नहीं होती कि उनके बैंक में ग्राहकों का आना-जाना बना रहे। उक्त बात बैंक आकर किसी भी समय देखा जा सकता है जब ग्राहकों की बैठने के स्थान पर कोई पंखा चलता नहीं देखकर एक ग्राहक शाखा प्रबंधक प्रियंका सिंह से पूछा कि साहब इस भीषण गर्मी में हम लोगों के तरफ का एक भी पंखा ठीक से चल नहीं रहा है। प्रबंधक ने कहा कि हफ्तों से मिस्त्री से कहे हैं लेकिन अभी देखने नहीं आया है। जल्द ही बन जाएगा जहां मानवता के चलते लोग पशु पक्षियों की व्यवस्था करते देखे जा रहे हैं। वहीं इस बैंक में जिन ग्राहकों के चलते उन्हें वेतन मिल रहा है। उनको भी बैठने उठने की उचित व्यवस्था न होने से लोगों को विड्रॉल भरने में गर्मी के चलते दो-तीन बार अंकों के भूल जाने से भरना पड़ रहा है। उक्त बैंक में खाता धारकों के साथ द्वयम् दर्जे की व्यवस्था देखकर एवं शाखा प्रबंधक प्रियंका सिंह द्वारा उचित सुविधा देने की जगह समस्या पैदा करने का आरोप लगाते हुए ग्राहकों की उचित व्यवस्था के लिए निवेदन करते हुए। ग्राहकों ने बैंक पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की सभी कृषि संबंधित योजनाओं का लाभ बैंक से मिलना और बैंक में आने पर गर्मी से हालत खराब होने तथा ग्राहकों के काम मे कानून बताकर परेशान करने का आरोप लगाया है। ग्राहकों ने बैंक पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की सभी कृषि संबंधित योजनाओं का लाभ बैंक से मिलना और बैंक में आने पर गर्मी से हालत खराब होने तथा ग्राहकों के काम मे कानून बताकर परेशान करने का आरोप लगाया है।

## अधिवक्ताओं का सम्मान व हित सर्वोपरि : जयनारायण



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

बार एसोसिएशन तहसील रुदौली के नव निर्वाचित अध्यक्ष,महामंत्री सहित कार्यकारिणी समिति का शपथ ग्रहण कार्यक्रम तहसील परिसर में बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं सह अध्यक्ष जय नारायण पाण्डेय के मुख्य अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सर्व प्रथम नव निर्वाचित अध्यक्ष गोरख नाथ तिवारी को एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष साहब शरण वर्मा ने शपथ दिलाई । महामंत्री रवीन्द्र नाथ तिवारी,कोषाध्यक्ष नंद किशोर यादव सहित नव निर्वाचित पदाधिकारियों को अध्यक्ष गोरख नाथ तिवारी ने शपथ दिलाई ।बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जय नारायण पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि मेरे लिए अधिवक्ताओं का सम्मान व हित सर्वोपरि है सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा की बार कौंसिल से अधिवक्ताओं को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है ।बार एसोसिएशन फैजाबाद के जिला अध्यक्ष पारस नाथ पाण्डेय ने कहा कि रुदौली बार क्रान्तिकारी रही है यहां के अधिवक्ताओं से जितना स्नेह हमको मिला है उसका मैं ऋणी हू अधिवक्ताओं की हित के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।

## माटी कला शिल्पकारों को रोजगार का सुनहरा अवसर

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला ग्राम उद्योग अधिकारी संतोष कुमार गौतम ने बताया है कि उ0प्र0 माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटी कला समन्वित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत माटी कला कौशल विकास योजना के अन्तर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए माटी कला के कारीगारो/ शिल्पियों को अपना उद्यम संचालित करना सुगम हो सके। इस उद्देश्य से उनमें निहित कौशल के विकास हेतु माटी कला कौशल विकास योजना संचालित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाना, सजावटी वस्तुएं बनाना, मिट्टी के उत्पादों पर कटिंग-पच्चीकारी, चित्रकारी-नक्काशी आदि विधाओं से संबंधित 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय होगा तथा प्रशिक्षण अवधि में रुपये 250.00 प्रतिदिन की दर से प्रशिक्षु वृत्ति भी प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को प्रदान की जायेगी।

### योग शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी करते है: पुलिस उपाधीक्षक अर्चना सिंह

## विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



वर्ल्ड योगासन एवं योगासन भारत के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन तथा उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव रोहित कौशिक के नेतृत्व एवं योगासन स्पोर्ट्स उत्तर प्रदेश के समन्वयक पियूष कांत मिश्र के दिशा-निर्देशन में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में चल रही जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिताओं के तत्वावधान में विश्व योगदिवस की पूर्व संध्या पर प्रथम जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता ध्यान केंद्र, योग विज्ञान विभाग डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में गुरूवार को सम्पन्न हुई।

इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो हिमांशु शेखर सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अर्चना सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या रही। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेल का विशेष महत्व है। सरकार ने योग को एक खेल के रूप में मान्यता दे दी है। योगसन खेल, केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी करते हैं। कुछ खेल बच्चों के लिए होते हैं, कुछ बड़ों के लिए, कुछ वृद्धों के लिए होते हैं, जबकि ये एक ऐसा खेल हैं, जिसमें सभी वर्ग के लोग प्रतिभाग कर सकते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह रहे। डॉ. सिंह ने खिलाड़ियों को योग के महत्व के विषय जानकारी दी और सरकार द्वारा खिलाड़ियों की लिए चलाई जा रही योजनाओं के विषय में प्रकाश डाला।इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में महिला और पुरुषों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इन सभी वर्गों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीनियर वर्ग महिला एवं पुरुष में अवध विश्वविद्यालय योग विज्ञान विभाग का दबदबा रहा। सीनियर वर्ग महीला में क्रमशः प्रथम स्थान शालू कुमारी द्वितीय स्थान आकृति त्रिपाठी तृतीय स्थान रोली पांडे का रहा। सीनियर वर्ग पुरुष में क्रमशः प्रथम स्थान आशीष शुक्ला द्वितीय स्थान राजपाल तृतीय स्थान कमलेश कुमार का रहा। सभी विजेता प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता में ऑब्जर्वर की भूमिका योगासन उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रतिनिधि वैभव उपाध्याय ने निभाई। योग विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ. आलोक तिवारी ने निर्विवाद निर्णय देकर प्रतियोगिता सम्पन्न कराई। डॉ. अनुराग तिवारी ने मंच संचालन एवं अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में योग विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ. अनुराग सोनी, सुश्री गायत्री वर्मा की महती भूमिका रही। रजिस्ट्रेशन का कार्य दिवाकर पाण्डेय के द्वारा किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 29°C |
| कानपुर | 39°C | 30°C |
| देहरादून | 34°C | 26°C |
| नई दिल्ली | 39°C | 31°C |

# प्रदेश को वर्ष 2027 तक मलेरिया मुक्त करेगी योगी सरकार

- योगी सरकार प्रदेश के हर मरीज के इलाज और जांच पर दे रही जोर
- सीएम योगी के निर्देश पर मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग और पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर दिया जा रहा विशेष ध्यान
- राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

योगी सरकार वर्ष 2027 तक प्रदेश को मलेरिया मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में योगी सरकार मलेरिया के हर केस की जांच व हर मरीज के पूर्ण इलाज पर जोर दे रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरुप राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है। बता दें कि प्रदेश में इस साल अब तक 771 मलेरिया के मरीज मिले हैं।

### केस रिपोर्टिंग और प्रबंधन पर दिया जा रहा जोर

मलेरिया उन्मूलन की दिशा में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए भारत ने देश के विभिन्न हिस्सों में बेहतर केस रिपोर्टिंग और प्रबंधन पर ज़ोर दिया है। वेक्टर नियंत्रण प्रक्रिया मे तेजी लाते हुए निरंतर महामारी विज्ञान और कीट विज्ञान निगरानी को बढ़ाया है। साथ ही सामुदायिक भागीदारी, प्रशिक्षण और क्षमता विकास पर बल दिया है। साथ ही क्षेत्रीय रणनीति तैयार कर उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धता दर्शायी है। राज्य मलेरिया अधिकारी डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग और पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। वास्तव में यह सुनिश्चित करने के लिए हर मामले की जांच और पूरा इलाज किया जाता है। सभी जिला मलेरिया अधिकारियों, संबंधित कर्मचारियों और प्रथम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है और सभी जिलों मे मलेरिया की जांच के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किट उपलब्ध कराई गई है। इस क्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा अधिक से अधिक सर्वेक्षण कर बुखार पीड़ितों की मलेरिया की जांच की जा रही है। समुदाय में लोगों को मलेरिया से बचाव एवं लक्षणों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### यह हैं मलेरिया के लक्षण

- सर्दी व कंपन के साथ बुखार आना
- तेज सिर दर्द, बुखार उतरने के समय अधिक पसीना आना
- थकान, चक्कर आना, कमजोरी बढ़ना
- उल्टी आना
- थोड़ी-थोड़ी देर में प्यास का लगना, हाथ व पैर में ऐंठन होना

### ऐसे करें खुद का बचाव

- घर व आसपास कहीं भी पानी इकट्ठा न होने दें
- गमलों, छत पर पड़े पुराने टायर, प्रयोग में न आने वाली सामाग्री में पानी को एकत्र न होने दें
- कूलर का पानी जल्दी-जल्दी बदलते रहें, समय-समय पर मिट्टी का तेल डालते रहें
- सोते समय मच्छरदानी, मच्छररोधी क्रायल का प्रयोग करें
- पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें जिससे शरीर के अधिक से अधिक हिस्से को ढककर रखा जाए और मच्छरों से बचाव किया जाए
- गर्भवती इनसेक्टीसाइड ट्रीटेड मच्छरदानी (आईटीएन) में सोएं

### मच्छर नियंत्रण के लिए की जा रही फॉगिंग

राज्य मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जून के आखिरी सप्ताह में मानसून आने की उम्मीद है। इस दौरान मच्छरजनित बीमारियां भी पनपती हैं। इनसे बचाव की व्यापक तैयारियों के मद्देनजर जून को मलेरिया माह के रूप मनाया जाता है। इसको लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मलेरिया मच्छरजनित बीमारी है, जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होती है। इसके परजीवी के शरीर में प्रवेश करने के बाद 14 से 21 दिन के अंदर बुखार आता है। इससे बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि इसके लक्षणों को पहचान कर इसका समय से इलाज किया जाए। इसका पूर्ण इलाज और रोकथाम किया जा सकता है। लखनऊ की जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव ने बताया कि मच्छर नियत्रंण के लिए इंसेक्टिसाइड का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है। समुदाय को जागरूक करने के लिए गोष्ठियां की जा रही हैं। शहरी क्षेत्र में इन्सेक्ट कलेक्टर द्वारा उन क्षेत्रों की पहचान की जा रही है, जहां मच्छरों का घनत्व अधिक है और वहां पर प्रॉयरिटी के आधार पर इंसेक्टिसाइड का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है। शहरी क्षेत्र में यह काम नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत द्वारा किया जा रहा है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा डेंगू, मलेरिया से बचाव एवं लक्षणों के बारे में समुदाय को बताया जा रहा है एवं बुखार पीड़ितों की रैपिड डायग्नोस्टिक किट के द्वारा मलेरिया की जांच की जा रही है।

# चुनाव खत्म होते ही ढेर होने लगे अपराधी

- सीएम योगी के जीरो टॉलरेंस नीति को अमलीजामा पहनाने में फिर से जुटी यूपी पुलिस
- बैकफुट पर माफिया, 15 दिन में 9 पर कसा शिकंजा, एनकाउंटर में दो ढेर, 96 घायल



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव के साथ ही विभिन्न पर्व-त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने वाली यूपी पुलिस का इकबाल एक बार फिर बुलंदी पर है। अपराध और आपराधियों के विरुद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति को अमलीजामा पहनाने में जुटी यूपी पुलिस की निगाहें अपराधियों के खिलाफ दोबारा टेढ़ी हो चुकी हैं। बीते 15 दिनों की रिपोर्ट पर नजर डालें तो बदमाशों के खिलाफ चली 79 ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों के पांव एक बार फिर उखड़ने शुरू हो गये हैं। 4 जून से 19 जून के बीच हुए इन मुठभेड़ों में दो दुर्दांत बदमाशों को ढेर किया जा चुका है, जबकि 96 अपराधी घायल हुए हैं। एनकाउंटर के दौरान अबतक 139 बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। हालांकि इन मुठभेड़ों के दौरान सात पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

### पप्पू स्मार्ट अरेस्ट, प्रशांत और निलेश ढेर

उन्होंने बताया कि कानपुर के सऊद अख्तर गैंग का शातिर अपराधी आसिफ उर्फ पप्पू स्मार्ट पर भी 25 हजार का इनाम घोषित था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यही नहीं अंबेडकरन नगर के अजय सिंह उर्फ सिपाही गैंग के सक्रिय सदस्य उत्कर्ष सिंह को भी एसटीएफ ने दबोच लिया है। उत्कर्ष पर भी 25 हजार का इनाम घोषित था। इसके साथ ही मुजफ्फरनगर के कुख्यात माफिया सुशील उर्फ मूंछ की 4.4570 हेक्टेयर जमीन को कुर्क किया गया है, जिसकी कीमत साढ़े चार करोड़ रुपए आंकी गई है। वहीं पुलिस मुठभेड़ में जौनपुर के कुख्यात प्रशांत सिंह उर्फ प्रिंस और मुजफ्फरनगर के दुर्दांत निलेश राय को ढेर किया जा चुका है।

### माफिया विजय मिश्रा को हुई सजा

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के अनुसार राज्य स्तर के चिह्नित 68 माफिया गैंग के सदस्य और सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। अबतक विभिन्न माफिया गिरोह के 9 सदस्यों के खिलाफ विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई की गई है। इनमें से तीन की गिरफ्तारी की जा चुकी है, जबकि 1 के खिलाफ गैंगेस्टर और 2 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा भदोही के माफिया विजय मिश्रा के खिलाफ विचाराधीन अभियोग में न्यायालय में सघन पैरवी करते हुए बीते 13 जून को उसे सजा दिलाई जा चुकी है। वहीं मुजफ्फरनगर का 50 हजार का फरार इनामिया माफिया विनय त्यागी उर्फ टिंकू को गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

# दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में 2.35 लाख से ज्यादा युवा हुए प्रशिक्षित, 1.25 लाख को मिला रोजगार

- ग्रामीण युवाओं का भविष्य सुधारने के लिए यूपी में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का सफलपूर्वक किया जा रहा संचालन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत योगी सरकार ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। इस योजना के तहत अब तक 2,35,334 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है और 1,25,822 युवाओं को सेवायोजित किया गया है। यह योजना विशेष रूप से बीपीएल सूची में शामिल परिवारों के 15-35 आयुवर्ग के सदस्यों महिलाओं के लिए 15-45 वर्ष, मनरेगा के श्रमिकों, बेरोजगारों, अल्प शिक्षित अथवा स्कूल ड्रॉपआउट को लक्ष्य बनाती है। उल्लेखनीय है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 98वें जन्मदिवस के अवसर पर भारत सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना है। उत्तर प्रदेश में यह योजना उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित की जा रही है।

### विकसित गांव, विकसित प्रदेश का सपना हो रहा साकार

इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपने हुनर से स्वाबलंबी बनाकर विकास के कीर्तिमान स्थापित करने में सक्षम बनाना है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले युवाओं को कौशल से जोड़कर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से कौशल से सशक्त बन रहे युवा बेहतर कल का निर्माण कर रहे हैं, जिससे विकसित गांव और विकसित प्रदेश का सपना साकार हो रहा है।

### युवाओं को प्रदान किया जा रहा विभिन्न रोजगारपरक कोर्सेज में प्रशिक्षण

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इस योजना के तहत, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। युवाओं को आधुनिक कक्षाओं और लैब में प्रशिक्षण के साथ-साथ निःशुल्क आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री, यूनिफॉर्म आदि की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। विभिन्न विषयों जैसे अपैरल, टेक्सटाइल, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी आदि के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स भी सिखाई जा रही हैं।

# भाजपा राज में पेपर माफिया जमकर कर रहे धांधली, ये देश के खिलाफ साजिश: अखिलेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा और अभी तक कई परीक्षाओं में हुई धांधली का मुद्दा उठाते हुए कोर्ट द्वारा सख्ती से जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये हमारे देश के लिए मानव संसाधन के खिलाफ साजिश भी हो सकती है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि ज और अब गड़बड़ी की ख़बर के बाद त्तष्ट- ह्श्वञ्ज की परीक्षा भी रद्द कर दी गयी है। भाजपा के राज में पेपर माफ़िया एक के बाद एक, हर एग्ज़ाम में धांधली कर रहा है। ये देश के ख़िलाफ़ किसी की बड़ी साज़िश भी हो सकती है। पुलिस भर्ती की परीक्षा का पेपर लीक होगा तो क़ानून-व्यवस्था नहीं सुधरेगी। जिससे देश-प्रदेश में अशांति और अस्थिरता बनी रहेगी। नीट की परीक्षा में घपला होगा तो ईमानदार लोग डॉक्टर नहीं बन पाएंगे और देश के लोगों के इलाज के लिए भविष्य में डॉक्टरों की कमी और बढ़ जाएगी और बेईमान लोग, जनता के जीवन के लिए खतरा बन जाएंगे। यूजीसी- नेट परीक्षा न होने से पहले से शिक्षकों की जो कमी चली आ रही है उसमें और भी ज्यादा इजाफा होगा। शिक्षकों की कमी से देश के मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न होगी, जो कालांतर में देश के लिए बेहद घातक साबित होगी। इन सबसे प्रशासन के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था चौपट हो जाएगी। ये हमारे देश के शासन-प्रशासन व देश के मानव संसाधन के विरूद्ध कोई बहुत बड़ा षड्यंत्र भी हो सकता है जिसके दूरगामी नकारात्मक परिणाम निकलेंगे। इसीलिए कोर्ट की निगरानी में इसकी कठोर जांच हो और दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए और कोई भी अपराधी छोड़ा न जाए, फिर वो चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो या फिर उसके सिर पर सत्ता का हाथ ही क्यों न हो। लोग कह रहे हैं जो भ्रष्ट लोग कोरोना के वैक्सीन में चुनावी चंदे के नाम पर पीछे से करोड़ों रूपये खा सकते हैं, वो भला परीक्षा-प्रणाली को क्या छोड़ेंगे।

**रिपोर्ट** संघ के कार्यक्रम में गोरखपुर आने के दौरान बंद कमरे में मिले संघ प्रमुख मोहन भागवत और सीएम योगी

# भाजपा संभल कर उठाए हर कदम, योगी हैं संघ की पसंद

- दोनों दिग्गजों के बीच एक ही दिन दो अलग-अलग जगह हुई बैठक ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी
- सीएम योगी से गंभीर चर्चा कर मोहन भागवत ने स्पष्ट निर्देश दे दिया योगी संघ के पैमानों पर खरे हैं
- स्पष्ट कर दिया है कि उत्तर प्रदेश में फिलहाल योगी का कोई विकल्प नहीं है। योगी को नजरअंदाज करने का खामियाजा पार्टी को उठाना पड़ सकता है

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा



**लखनऊ।** हाल ही में संघ के कार्यक्रम में शामिल होने गोरखपुर आए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि योगी आदित्यनाथ संघ की पसंद में शुमार हैं। उन्होंने विपक्ष और योगी विरोधी भाजपा के एक धड़े को बिना एक शब्द कहे यह भी स्पष्ट कर दिया है कि उत्तर प्रदेश में फिलहाल योगी का कोई विकल्प नहीं है। योगी को नजरअंदाज करने का खामियाजा पार्टी को उठाना पड़ सकता है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार को नसीहत देने के बाद संघ प्रमुख मोहन भागवत की गोरखपुर में सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ बंद कमरे में एक ही दिन दो अलग-अलग जगह हुई बैठक ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा को मिली शिकस्त के बाद भाजपा और संघ के बीच संबंधों में वह गर्मजोशी नहीं रही जैसी पहले रहा करती थी। सूत्रों के अनुसार संघ के कार्यक्रम में गोरखपुर आए संघ प्रमुख मोहन भागवत यूपी में भाजपा की हार के जमीनी कारण जानना चाहते हैं। यह भी जानना चाहते हैं कि शासन स्तर पर अच्छे कामकाज और राम मंदिर बनने के बाद भी आखिर भाजपा को हार का सामना क्यों करना पड़ा। इसलिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार (15 जून 2024) को गोरखपुर में कथित तौर पर बंद कमरे में दो बैठकें कीं। यह बैठक करीब 30 मिनट तक चली।

### कैंपियरगंज इलाके के एक स्कूल में भागवत से पहली मुलाकात हुई

सूत्रों के अनुसार, आदित्यनाथ ने शनिवार दोपहर कैंपियरगंज इलाके के एक स्कूल में भागवत से पहली मुलाकात की। मोहन भागवत यहां संघ के एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। सीएम योगी आदित्यनाथ और मोहन भागवत के बीच दूसरी बैठक पक्कीबाग इलाके में सरस्वती शिशु मंदिर में रात करीब 8:30 बजे हुई।

### हार के कारणों पर चर्चा पर केंद्रित रही बात

चर्चा है कि मोहन भागवत का यह दौरा नियमित नहीं है। तीन दशकों से संघ से जुड़े एक वरिष्ठ भाजपा नेता का कहना है कि भागवत उत्तर प्रदेश में हार के पीछे के प्रमुख कारणों पर आदित्यनाथ के साथ चर्चा करने वाले थे। हो सकता है कि ये दोनों बैठक इसलिए ही हुई हो। दरअसल भाजपा यूपी में सबसे मजबूत स्थिति में दिख रही थी, लेकिन नतीजे उसके उलट रहे। यहां की 80 सीटों में से बीजेपी ने 33 पर ही जीत दर्ज की। जबकि 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने यहां से 71 सीटें और 2019 लोकसभा चुनाव में 62 सीटें जीती थीं। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन ने यूपी में 43 सीटें जीती हैं। इसमें से 37 पर सपा को और छह पर कांग्रेस को जीत मिली है।

### अयोध्या मंडल में हार से संघ भी विचलित

यूपी में सबसे ज्यादा चौंकाने वाले नतीजे अयोध्या मंडल से रहे। दरअसल, अयोध्या राम मंदिर के भरोसे बीजेपी पूरे देश में बेहतर नतीजों की उम्मीद लगाए बैठी थी, लेकिन पार्टी अयोध्या मंडल की अधिकतर सीटें हार गई। यही नहीं, अयोध्या राम मंदिर जिस फैजाबाद सीट के तहत आता है, बीजेपी वहां भी जीत दर्ज नहीं कर पाई।

# माता विंध्यवासिनी देवी से जुड़ीं कथाओं को शोकेस करेगी योगी सरकार, आर्ट गैलरी बनेगी माध्यम

- मीरजापुर में 3.43 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा निर्माण, कार्ययोजना को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया शुरू
- यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सौंपा गया है आर्ट गैलरी के निर्माण का जिम्मा, माता विंध्यवासिनी तीर्थ क्षेत्र में ही होगा निर्माण
- वर्षा अवधि के अतिरिक्त 6 महीने में आर्ट गैलरी के निर्माण को किया जाएगा पूर्ण, कार्यों की पूर्ति के लिए स्पेशलाइज्ड एजेंसियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक चेतना के केंद्रों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने श्री काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या के कायाकल्प के बाद मीरजापुर में माता विंध्यवासिनी देवी के धाम को भी नव्य-भव्य रूप देने की शुरुआत कर दी है। यहां आने वाले भक्तों को अब माता विंध्यवासिनी की लीलाओं से जुड़ी कथाओं और तीर्थ के माहत्म को दर्शाने वाली विभिन्न कलाकृतियों को आर्ट गैलरी के माध्यम से शोकेस किया जाएगा। आर्ट गैलरी के निर्माण ये यहां आने वाले पर्यटकों को आस्था, कला और संस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भगवती विंध्यवासिनी आद्या महाशक्ति हैं तथा विन्ध्याचल सदा से उनका निवास-स्थान रहा है। यही कारण है कि विंध्यगिरि को एक जागृत शक्तिपीठ माना जाता है और न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश-दुनिया से भक्त माता विंध्यवासिनी के चरणों में निरंतर शीश नवाने आते हैं।

### यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सौंपा गया है जिम्मा

आर्ट गैलरी के निर्माण का जिम्मा यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को सौंपा गया है। यूपीपीसीएल द्वारा कार्यों की पूर्ति के लिए स्पेशेलाइज्ड एजेंसियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ई-निविदा माध्यम के जरिए संबंधित एजेंसियों की नियुक्ति के लिए यूपीपीसीएल ने आवेदन मांगे हैं। गौरतलब है कि आर्ट गैलरी से संबंधित सभी निर्माण कार्यों को 3.43 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। कार्यावंटन के बाद नियुक्त एजेंसियों को वर्षा अवधि के अतिरिक्त 6 माह में सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जाएगा।

### विभिन्न प्रकार के कार्यों को दी जा रही गति

विंध्य कॉरिडोर योजना के अंतर्गत मां विंध्यवासिनी माता मंदिर के अंतर्गत परिक्रमा पथ परकोटा (ए ब्लॉक से लेकर एच ब्लॉक तक) बनाया जा रहा है। परकोटों के छत पर ए ब्लॉक से लेकर एच ब्लॉक तक कुल आठ केंद्र बिंदु हैं। 16 स्थानों पर मंदिर का अलग-अलग गुम्बद नुमा डिजाइन पत्थरों से बनाया जा रहा है। यहां देवी-देवताओं की मूर्तियों की स्थापना की जाएगी जो मां विंध्यवासिनी मंदिर की छत से इसकी भव्यता एवं दिव्यता प्रदर्शित करेगी। इसके अतिरिक्त, गलियों का चौड़ीकरण करने के पश्चात सड़क के बीच डिवाइडर का भी निर्माण कार्य चल रहा है। डिवाइडर को तरह-तरह के रंग बिरंगे पौधे, आर्क लैंप्स और रोशनी सज्जा युक्त किया जाएगा।

### पर्यटन विकास का माध्यम बनेगी आर्ट गैलरी

विंध्य कॉरिडोर योजना के अंतर्गत मां विंध्यवासिनी माता मंदिर के अंतर्गत परिक्रमा पथ समेत विभिन्न प्रकार के निर्माण व विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में, आर्ट गैलरी के निर्माण के जरिए विंध्य क्षेत्र के पर्यटन विकास की प्रक्रिया को और बल मिलेगा। गौरतलब है कि सीएम योगी की मंशा अनुरूप मीरजापुर व विंध्य क्षेत्र के समेकित विकास का जो खाका खींचा गया था उसे क्रियान्वित करते हुए सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यही कारण है कि आर्ट गैलरी के निर्माण कार्य को गति देने की प्रक्रिया भी तेज हुई है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या — 08—2024—CW**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि० मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर /समाडि/को०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा, निम्नलिखित कार्य हेतु बिड सिस्टम आधारित खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।, **निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नामः- निविदा सूचना संख्या 08—2024—CW** 'अनलोडिंग ऑफ एमजी कोचेज एण्ड ट्रालीज फ्राम बीजी बीआरएन एण्ड लोडिंग ऑफ एमजी कोचेज एण्ड ट्रालीज ऑन बीजी बीआरएन ऐट कोचिंग डिपो मैलानी फॉर ए पीरियड आफ 01 ईयर (12 मन्थ्स)', **अनुमानित लागत (रू० में):**- रू० 19,67,846.40, **अग्रिम धन (रू० में):**- रू०, 39,400.00, **निविदा की अवधि** :- 12 माह, • ई निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम **तिथि एवं समय 15.07.2024, 15:00 बजे तक एवं यह ई-निविदा दिनॉक 15.07.2024 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी।,** • इस ई-निविदा से सम्बंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्ते, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।, • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित् शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**वरि0 मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/समाडि, लखनऊ**

मुजाधि/यांत्रिक-33

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# तपते टापू बनते शहरों में जनजीवन पर मंडराया संकट कौन है जिम्मेदार?

**वहीं, सेंसर आधारित शोध में कंक्रीट की इमारतों का तापमान मिट्टी की दीवारों की तुलना में पांच से छह डिग्री तक ज्यादा पाया गया है। वहीं, एक अध्ययन बताते हैं कि हीट आइलैंड बन चुके शहरों में कम बारिश हो रही है, जिसके चलते मौसम की उग्रता बढ़ रही है। खास बात यह है कि प्राकृतिक तौर पर ठंडक बनाये रखने की प्रणाली (नेचुरल कूलिंग सिस्टम) की भी ऐसे शहरों में कमी दिख रही है। इससे शहर के भीतर और बाहर के तापमान में बड़ा अंतर आया है। इसलिए सरकार को चाहिए कि ऐसे शहरों के लिए वह विशेष रिहायशी व औद्योगिक नीति बनाए।**

*उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू से आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। क्योंकि लू के दिनों की संख्या इस बार दो गुनी से ज्यादा हो गई है। आंकड़े बता रहे हैं कि लू की चपेट में आने से अबतक दर्जनों लोगों की जान चली गई है। वैसे तो ऐसा हर साल मई और जून के महीनों में होता आया है, लेकिन अब जलवायु परिवर्तन से स्थिति साल दर साल और गम्भीर ही होती जा रही है, जो सार्वजनिक और सामूहिक चिंता की बात है। इस स्थिति से निबटने के लिए सरकार और सामाजिक संगठनों, दोनों को जागृत होना पड़ेगा, अन्यथा जिम्मेदारी और जवाबदेही दोनों तय किये जाने की मांग भी जोर पकड़ेगी, जो जायज होगी। जानकारों के मुताबिक, देश के कुछेक शहर अब तपते टापू यानी हीट आइलैंड प्रतीत हो रहे हैं। सामान्य शब्दों में हीट आइलैंड का मानक 44 डिग्री और उससे ऊपर का तापमान है। चूंकि यह सामान्य से 4 डिग्री अधिक होता है। इसलिए हीट आइलैंड का शिकार हो रहे शहरों में लू का प्रकोप भी भयावह हो जाता है। इससे शहर की गतिविधियां लगभग ठप पड़ जाती हैं। अमूमन हर साल मई और जून के महीनों में इन शहरों में तापमान 45 से 49 डिग्री तक पहुंच चुका है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो उठता है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर अंधाधुंध विकास की आंधी में झुलस रहे इन शहरों की मौजूदा स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है और इससे बचने का सही रास्ता क्या है, जिसे सुझाने में सरकार भी लापरवाही बरत रही है! मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के साथ उपयुक्त और अनुपयुक्त भूमि के बिगड़ते संतुलन, शहरों में कंक्रीट के बढ़ते जंगल, वातानुकूलित (एयर कंडीशनर) इमारतें, वाहन और उद्योगों के उगलते धुओं के चलते व्याप्त गर्मी से जगह-जगह पर हीट आइलैंड बन रहे हैं। गांवों की अपेक्षा कंक्रीट वाले शहर इससे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, जिन इलाकों में पेड़-पौधे कम होते हैं और कंक्रीट के भवन, घनी आबादी और एसी ज्यादा होते हैं, वहां पर हीटलैंड बन जाते हैं। वहां पर अन्य जगहों के मुकाबले 2 से 3 डिग्री अधिक तापमान देखने को मिलता है। इससे स्पष्ट है कि हीट आइलैंड बनने के वास्ते किसी भी शहर में जो स्थानीय कारण हैं, उनमें बढ़ते भवनों की संख्या, पौधों का कटना, एसी की संख्या बढ़ना, वाहन बढ़ना, घनी आबादियां आदि शामिल हैं। इनका सीधा असर जलवायु परिवर्तन पर पड़ता है, इसलिए इस नजरिए से भी चिंतन जरूरी है। चिकित्सक बताते हैं कि हीट वेब का असर हीट आइलैंड पर ज्यादा होता है। इसके चलते हृदय रोगियों के साथ मस्तिष्काघात (ब्रेन स्ट्रोक) के मामले भी बढ़ रहे हैं। वहीं अनिंद्रा से तनाव-बेचैनी के साथ लोगों की दिनचर्या भी स्पष्ट तौर पर प्रभावित हुई है। इससे गम्भीर बीमारियां भी बढ़ रही हैं। किसी को त्वचा सम्बन्धी सर्वाधिक बीमारियां हो रही हैं तो कोई घमौरियों से परेशान महसूस कर रहा है। वहीं, काम की गति कम होने से शहर के विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हीट वेब का वनस्पतियों और फसलों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिससे सब्जियों पर महंगाई के बादल मंडराने लगे हैं। वहीं, ऐसे शहरों में लोग बिजली व पानी के संकट के भी शिकार हो रहे हैं। दैनिक मजदूरों के लिए संकट तो आम बात है। वहीं, पशु-पक्षी तक इससे प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए इन सबके लिए एहतियाती उपाय करना राज्य प्रशासन की जिम्मेदारी है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**हजारों लाखों लोग इन एपो के माध्यम से करोड़पति बनने का सपना संजोए हुए है। अब तो टीवी चैनल और यूटयूब चैनल अन्य प्रचार माध्यम भी इनके विज्ञापन करने लगे है। सरकार ने क्रिकेट के साइटों को वैधानिकता प्रदान कर दी है। क्रिकेट जेंटलमैन गेम कहा जाता है। इस खेल से टीम भावना, एक दूसरे का सम्मान करना, अंपायर के निर्णय का सम्मान करना जैसे महत्वपूर्ण गुण सीखें जा सकते है। फटाफट क्रिकेट ने इस खेल में चकाचौंध पैदा की है। क्रिकेट में सट्टे की प्रवृति को बढ़ाने के जतन किए जा रहे है। क्रिकेट का मैच अब दो टीमों या दो देशों के नहीं रहा यह करोड़ों दिमागों में दौड़ रहा है। क्रिकेट के सट्टे का नशा देश के युवाओं को अपना गुलाम बना रहा है।**

# क्रिकेट का सट्टा युवाओं के भविष्य से खिलवाड़



नरेंद्र तिवारी

**क्रिकेट में पनप रही सट्टे की प्रवृति भारतीय समाज के युवाओं के लिए घातक है। आनलाइन सट्टे के खिलाफ तो सख्ती होना ही चाहिए। सरकार द्वारा पोषित क्रिकेट के विभिन्न एप ड्रीम इलेवन, माय इलेवन सर्कल, हाउजैट जैसे सट्टेबाजी की प्रवृति को बढ़ाने वाले एपो को भी प्रतिबंधित करना चाहिए।**

सरकार मानव के उत्थान के लिए कार्य करती है। सरकार को सामाजिक विकास के साथ मानवीय उत्थान की गति भी बढ़ना चाहिए। हरदम आदर्श समाज की स्थापना का प्रयास करते रहना चाहिए। भारत जैसे देश में जहां मानवीय मूल्य और गरिमा का बहुत अधिक महत्व है। वहां प्रजातांत्रिक सरकार का दायित्व है की वह नागरिकों के लिए मूल्य युक्त समाज और आदर्श समाज की स्थापना के प्रयास करें सिर्फ प्रयास ही नहीं करें उन्हें मूर्तरूप भी प्रदान करें। यह देखकर बढ़ा अंचम्भा होता है की जिस सरकार को आदेश समाज की स्थापना का कार्य करना चाहिए, वह क्रिकेट जैसे खेल को जुएं में परिणित कर समाज में खुले आम सट्टे की प्रवृति को बढ़ा रही है। एक और पुलिस एवं सरकार की आंखों में धूल झोंककर अपराधी वर्ग आनलाइन सट्टे का खेल खिला रहा है। उज्जैन में पकड़ाया करोड़ों का आनलाइन सट्टा इसी प्रकार के अपराधियों की करतूत है। यह सच है की क्रिकेट एक जेंटलमैन खेल है। यह खेल दो टीम मैदान में खेलती है। क्रिकेट शारारीक प्रदर्शन की मांग करता है। यह मनुष्य को खिलाड़ी भावना, एक दूसरे के सम्मान तथा अंपायर के निर्णय को सर्वमान्य मानने की सीख भी देता है। क्रिकेट के मैच में दो टीम खेलेगी तो एक टीम जीतेगी दूसरी की हार होगी। जब क्रिकेट का मैच दो देशों की टीमों के मध्य होता है, तब नागरिकों की भावनाएं अपने देश के प्रति होती है। हार जीत का देश के नागरिकों पर भावनात्मक असर होता है। किंतु क्रिकेट के विषय में यह बात अब पुरानी हो गई है। जितना मैच और खेल मैदान में नही होता उससे अधिक सट्टा मोबाइलों की स्क्रीन पर चलता है। आनलाइन सट्टे के कारोबार से जुड़े कारोबारियों और क्रिकेट के सट्टे में रुचि लेने वाले सट्टेबाजों के मन मतिष्क में चलता है। एक एक गेंद पर सट्टा लगता है। क्रिकेट के सट्टे में आनलाइन तकनीकी का उपयोग होता है। मोबाइल के एप इस खेल में रुचि रखने वालो को एक गेंद पूर्व की स्थिति से अवगत कराते है। याने आप जो मैच टीवी पर देख रहे है। उसका हाल सट्टेबाजो को अपने एप के सहारे आपसे दो गेंद पहले पता चल जाता है। आनलाइन सट्टा सेंटर से कमेंट्री भी प्रसारित होती है। फटाफट क्रिकेट ने पूरे परिदृश्य को बदल दिया है। यह कहने में बुरा लगता है की क्रिकेट अब सट्टे का पर्याय हो गया है। मध्यप्रदेश के उज्जैन में पकड़ा गया आनलाइन सट्टे का बड़ा कारोबार मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में सरकार की नाक के नीचे चल रहे अपराध का नमूना है। इतने बड़े रूप में चल रहा क्रिकेट का सट्टा कबसे चल रहा है। मध्यप्रदेश की तकनीकी रूप से सक्षम पुलिस से यह पूछा जाना चाहिए की इतने बड़े रूप में क्रिकेट का सट्टा कब से चल रहा है? सरकार को इसकी भनक क्यों नही लग पाई? यह भी पता लगाना चाहिए की इतना बड़ा अवैध कारोबार किस नेता, अधिकारी के सरंक्षण में चल रहा था? आए दिन देश में आनलाइन सट्टे से जुड़े अपराधियों को पकड़ने का सिलसिला जारी है। मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर भी इससे अछूता नहीं है। इंदौर में सट्टे के बड़े कारोबारी पूरे मध्यप्रदेश में क्रिकेट के सट्टे का बड़ा नेटवर्क संचालित करते है। गांव-गांव से इनके कनेक्शन है। यह कहने और लिखने में कोई गुरेज भी नहीं होना चाहिए की क्रिकेट से जुड़ा यह आपराधिक वर्ग राजनीति और पुलिस के गठजोड़ से फलफूल रहा है। एक और अपराधियों द्वारा संचालित आनलाइन सट्टा देश की युवा पीढ़ी को अंधेरे कुएं में धकेल रहा है। दूसरी ओर ड्रीम इलेवन सर्कल, माय इलेवन सर्कल, हाउजेट जैसे एप ने क्रिकेट के सट्टे को नया रूप दिया है। सरकार द्वारा पोषित सट्टे का यह रूप भी समाज के लिए नुकसानकारी है। समाज के एक बहुत बड़े वर्ग को बर्बाद कर रहा है। युवा पीढ़ी के भड़काव का कारण बन चुका है। यह देखकर बड़ा आश्चर्य होता है की क्रिकेट की दुनियां से बड़े चेहरे जो समाज का मार्गदर्शन करते है। जिनकी महती जवाबदेही आदर्श समाज निर्माण की होना चाहिए। वें क्रिकेट के सरकार पोषित सट्टे के एप का प्रचार कर रहे है। एमपी के उज्जैन में पुलिस द्वारा नील गंगा थाना क्षेत्र में तिरुपति ड्रीम्स कालोनी में रहने वाले पियूष चोपड़ा के ठिकानों पर दबिश दी तो 15 करोड़ रुपए की राशि और भारी मात्रा में विदेशी करेंसी भी बरामद की गई। आई जी संतोष कुमार सिंह के अनुसार आनलाइन सट्टे की यह मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी कार्यवाही है। जूम मीटिंग एप का उपयोग कर सट्टे का कारोबार पूरे मैच के दौरान बुकीज और पंटर जूम मीटिंग एप सिमटोडो एप का उपयोग करते लाइव कम्युनिकेशन में रहते। इसी दौरान अवैध धंधा होता एक बार में 50 हजार से 25 लाख रुपए का इस पार से उस पार होता। धंधा कितना करना है, यह पियूष चोपड़ा बताता इसके बाद पंटर बुकीज को धंधा उतारते। इस तरह एक मैच में करोड़ों की हार जीत हो जाती। पुलिस ने दस्तावेज भी बड़ी मात्रा में जप्त किए है। आईपीएल 2024 के मैच के दौरान इंदौर क्राइम ब्रांच ने लसूडिया क्षेत्र के स्कीम 136 स्थित फ्लैट में छापामार कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से 22 मोबाइल, 17 चैकबुक, , 5 लैपटाप, 31 एटीएम 21 सीम कार्ड, नगदी और आनलाइन सट्टे के हिसाब का करोड़ों रुपए का लेखा जोखा जप्त किया था। आरोपी लोटस 365 वेबसाइट के जरिए ग्राहकों की आईडी बनाकर आईपीएल मैचों में सट्टा खिलवाते थे। एक नहीं देश में अनेकों प्रकरणों में तकनीकी के दुरुपयोग से सट्टा खिलाने के मामले उजागर हुए है। मोबाइल युग के पदार्पण के बाद चिट्ठी वाले सट्टे का स्थान आनलाइन सट्टे ने ले लिया है। इस सट्टे ने हजारों लोगों का जीवन बर्बाद कर दिया है। लाखो लोग कर्ज के दलदल में डूब चुके है। आनलाइन सट्टे के जैसा ही ड्रीम इलेवन, माय इलेवन सर्कल और हाउजैट जैसे एप है।




**सरकार का कार्य समाज में आदर्श स्थापना का होना चाहिए। क्रिकेट का सट्टा समाज को पतन की राह पर ले जा रहा है। सरकारों को इस दिशा में गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। देश को गर्त में ले जाने वाले तथाकथित एप मीडिया के विज्ञापन का प्रमुख मसाला हो जाए। तब मीडिया की समाज निर्माण में भूमिका भी प्रश्नों के घेरों में दिखाई पड़ती है।**

## एक्सप्रेस कविता

*भारतीय वैदिक योग जनमानस होता निरोग, विश्व गुरु बनने की प्रथम क्रिया तथा प्रतिक्रिया में पहला कदम है वैश्विक योग दिवस, भारत की पहल पर विश्व में मनाया जाएगा वैश्विक योग दिवस। पहले निरोगी काया फिर उस पर योग का साया, पड़ जाए फिर स्वस्थ जीवन की छाया। योग ने किया सबको निरोगी वैश्विक मुद्रा के लिए भी उपयोगी। स्वस्थ रहेगा तन और मन योग शिक्षा से ही कमा पाएंगे हम पोंड,डॉलर और धन, विश्व के गुरु तो बनेंगे ही देंगे दुनिया को दिशा दर्शन, आओ अपनाएं योग को दूर भगाएं सारे रोग को, योग विद्या है भारत की संपत्ति, अपनाने में किसी को नहीं है आपत्ति, आओ हम सब लोग योग सीखे और सिखाएं इस तरह इस विद्या से निरोगी स्वास्थ धन पाए।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*भावनाओं को समझने के लिए शब्दों का साथ चाहिए, और रिश्ता निभाने के लिए मन में विश्वास चाहिए*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 07:30 तक |
| नक्षत्रः | ज्येष्ठा 18:07 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | शुभा, 18:30 |
| सूर्योदयः | 05:27 |
| सूर्यास्तः | 19:17 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 10:38-12:22 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:54-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### हुए व्याकुल लोग !

*गर्मी ने झकझोर दिया ।*
*किया परेशान ।।*
*हुए व्याकुल लोग ।*
*जा रही है जान ।।*
*राहत की उम्मीद नहीं ।*
*ना आया बदलाव ।।*
*हुए गायब बादल ।*
*गजब है पड़ाव ।।*
*चैन में अब है खलल ।*
*बरस रही है आग ।।*
*है सारे मजबूर ।*
*क्या करे विभाग ।।*
*आस लगाए बैठे हैं सब ।*
*हो शुरू बरसात ।।*
*ले ले मौसम करवट ।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# रात में सोने से पहले पिएं चिया सीड्स और अलसी के बीजों का पानी, सेहत को मिलेंगे कई फायदे



**चिया** सीड्स और अलसी के बीज अपने स्वास्थ्य फायदों के लिए जाने जाते हैं। दोनों का इस्तेमाल लोग अलग-अलग तरह से हेल्दी रहने के लिए करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी इन दोनों बीजों को एक साथ मिलाकर खाने के बारे में सोचा है। इन दोनों बीजों को अलग-अलग खाने से जितने फायदे मिलते हैं, एक साथ इनका सेवन करना आपके सेहत के लिए उससे ज्यादा ही फायदेमंद होता है। ये कई बीमारियों को दूर रखने में मदद करते हैं, क्योंकि चिया सीड्स में आयरन, जिंक, फाइबर, कैल्शियम और प्रोटीन जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, तो वहीं अलसी के बीज विटामिन, प्रोटीन, फाइबर जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते है।

**पोषक तत्वों से भरपूर:** चिया सीड्स और अलसी के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। दोनों बीज घुलनशील फाइबर से भरपूर हैं, जो पाचन में मदद करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर रखते हैं। जबकि इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड दिल को हेल्दी रखने में मदद करते हैं।

**पीरियड को नियमित करें:** चिया सीड्स और अलसी के बीज में मौजूद गुण हार्मोन को रेगुलेट करने में मदद करते हैं, जिससे पीरियड्स फ्लो को सामान्य करने और नियमित करने में मदद मिल सकती है।

**कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने में फायदेमंद:** इन दोनों बीजों में ओमेगा-3 होता है, जो अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाकर खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद कर सकता है।

**प्रजनन स्वास्थ्य के लिए बेहतर:** चिया के बीज और अलसी के बीज, दोनों में ही ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो शुक्राणु उत्पादन और गतिशीलता के लिए जरूरी होता है। इनके सेवन से हार्मोनल स्वास्थ्य को नियंत्रित करके प्रजनन क्षमता में सुधार किया जा सकता है।

**वजन घटाने में मददगार:** इन दोनों बीजों में फाइबर मौजूद होता है, जो तृप्ति की भावना पैदा करने में मदद करती है, जो संभावित रूप से ज्यादा खाना खाने से रोकती है और वजन प्रबंधन में मदद करती है।

**स्किन और बालों को रखें हेल्दी:** चिया सीड्स और अलसी के बीज ओमेगा-3 और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते है, जो त्वचा और बालों को हेल्दी रखने में मदद करता है, स्किन को चमकदार और बालों को झड़ने से रोकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# जलते जंगल, अमंगल के संकेत



कुलभूषण उपमन्यु

**पुराने समय में लोगों की वनों पर निर्भरता का स्तर बहुत ऊंचा था जिससे आग बुझाने में उनका सहयोग लेना आसन था। लोग हाथ से कठिन परिश्रम के आदी थे और आग बुझाने जैसे कठिन काम को करने की हिम्मत जुटा लेते थे। आज इन बातों की कमी हो गई है।**

**एकल रोपण भी आग के लिए बड़ा जिम्मेदार है। अतः प्रयास किया जाना चाहिए कि चीड़ वनों को मिश्रित प्राकृतिक वनों में बदला जाए। वन संबंधी विविध डेटा विश्लेषण के आधार पर अग्नि शमन दीर्घकालीन योजना बनानी चाहिए। जिसमें भूमि आग्छादन, स्थलाकृति, मिटटी का प्रकार, वनस्पति प्रकार और मानव गतिविधि को ध्यान में रखकर योजना बने तो संपूर्णता से स्थाई समाधान की ओर बढ़ा जा सकता है।**

**दुनिया** भर में जंगलों में लगने वाली आग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसके पीछे जलवायु परिवर्तन एक बड़े कारक के रूप में उभर रहा है। इस वर्ष ब्राजील में अमेजन के वर्षा वनों में 75000 आग की घटनाएं हो चुकी हैं। 2013 से यह संख्या दोगुनी है। इससे 30 लाख जीव प्रजातियों पर खतरा मंडरा रहा है। दुनिया की 25 प्रतिशत आक्सीजन की जरूरत इन वर्षा वनों से पूरी होती है। मैक्सिको, ग्रीस, अमेरिका सहित दुनिया के अनेक देश दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। वैसे तो मनुष्य शुरू से ही जंगलों को आग से साफ करके खेती के लिए जमीनें तैयार करता रहा है, किन्तु अब दुनिया की हवा, पानी, और पर्यावरणीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जितने न्यूनतम क्षेत्र में वन होने चाहिए उतने भी नहीं बचे हैं। इसलिए इस घातक प्रक्रिया पर विराम लगाना अति आवश्यक हो गया है। जंगलों की आग के और भी अनेक नुकसान हैं। आग से फैलने वाला धुआं कार्बनडाई आक्साइड का मुख्य स्रोत होने के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करके वैश्विक तापमान में वृद्धि करता है। तापमान वृद्धि से आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इस तरह एक घातक दुश्चक्र चल निकला है। वनाग्नि से असंख्य जीव-जंतु नष्ट हो जाते हैं और जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाता है। मिट्टी की ऊपरी परत जल कर खुरखुरी हो जाती है और बारिश में बह कर समुद्र में पहुंच जाती है। वनस्पति का आच्छादन समाप्त हो जाने से भू-जल भरण की प्रक्रिया भी बाधित हो जाती है। वायु प्रदूषित हो जाने के कारण श्वास संबंधी रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। हमारे देश में भी वनाग्नि भयंकर समस्या बनती जा रही है। अकेले हिमाचल प्रदेश में ही इस वर्ष 1900 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं। इससे 20,000 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इसमें से 2729 हेक्टे।प वृक्षारोपण क्षेत्र है। 374 वन बीट संवेदनशील हैं। इससे 6।61 करोड़ रु का नुकसान अनुमानित है। किन्तु यह अनुमान तो वृक्ष की मृत पैदावार की कीमत पर आधारित है। पेड़ की पर्यावरणीय सेवाओं के हिसाब से यदि नुकसान का आकलन करना हो तो यह अरबों रुपये में जाएगा। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए दो तरह से प्रयास करने होंगे। एक तो आग लगने की घटनाएं ही कम होती जाएं ऐसी व्यवस्था करनी होगी। लोगों को जागरूक करना ताकि वे वनों में आग के नुकसान से परिचित हों और इस कार्य का प्रकट विरोध करने के लिए सक्रिय हों। वनों का नुकसान सरकार का नुकसान नहीं है बल्कि पूरे समाज का नुकसान है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकड़ने और दंडित करने की व्यवस्था हो। दूसरा काम है, जब आग लग जाती है तो उस पर काबू पाना। इसके लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जानी चाहिए। आग लगे तो कुआं खोदने की प्रवृति से बाहर निकलना होगा। और आग प्रतिरोधक स्थाई योजना बनानी चाहिए। सबसे पहले आग लगने के तत्काल बाद पता लग जाना चाहिए। इसके लिए खोज टावर नेटवर्क, और दूरबीन एवं रेडियो से लैस कर्मी चाहिए जो त्वरित रिपोर्टिंग कर सकें। पुराने समय में लोगों की वनों पर निर्भरता का स्तर बहुत ऊंचा था जिससे आग बुझाने में उनका सहयोग लेना आसन था। लोग हाथ से कठिन परिश्रम के आदी थे और आग बुझाने जैसे कठिन काम को करने की हिम्मत जुटा लेते थे। आज इन बातों की कमी हो गई है जिससे आधुनिक तकनीकों का प्रयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। झाड़ियों से पीट कर आग बुझाने की मजबूरी से बाहर निकलना होगा। आधुनिक तकनीकों के बिना आग नियंत्रण के प्रयास करते हुए गत वर्ष भी वनकर्मी हिमाचल प्रदेश में काल का ग्रास बन गए थे। संवेदनशील बीटों में प्राकृतिक जल स्रोतों को चिह्नित करके स्थाई तौर पर पाइप लाइनें बिछा कर उच्चस्तरीय व्यवस्था बनाई जानी चाहिए ताकि तत्काल वहां से पानी लेकर रोलिंग पाइप बिछा कर आग पर काबू पाया जा सके। जहां-जहां सडकें पहुंच गई हैं वहां मोबाइल वाटर टैंक की व्यवस्था होनी चाहिए। हर तरह की स्थलाकृति में चल सकने वाले छोटे अग्नि शमन वाहनों का प्रबंध होना चाहिए। कम पानी से अधिक सफल अग्नि नियंत्रण के लिए धुंध स्प्रे तकनीक का प्रयोग किया जा सकता है। इस तकनीक में अग्निशमन वाहन पर टरबाइन स्प्रेयर लगा होता है जो पानी को धुंध में परिवर्तित करके स्प्रे करता है, जिससे अग्निशमन की कुशलता बढ़ जाती है। पिट्ठू स्प्रेयर भी कारगर हो सकते हैं। यदि पानी में डिटरजेंट मिला कर स्प्रे किया जाए तो अग्निशमन की क्षमता बढ़ जाती है। छोटे रास्तों के लिए अग्निशमन बाइक भी उपलब्ध हैं। इनमें 40-50 लीटर पानी के टैंक लगे होते हैं और स्प्रे व्यवस्था होती है। अग्निशमन कर्मियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए जाने चाहिए।

# सीएचसी अधीक्षक पर कार्रवाई की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़े अधिवक्ता


- सीडीओ और एडिशनल एसपी के आश्वासन पर नीचे उतरे अधिवक्ता
- चार मई को सीएचसी अधीक्षक और वकील में हुई थी मारपीट, चिकित्सक ने दर्ज कराया था मुकदमा

जन एक्सप्रेस । सुनहरा/आशीष तिवारी





लखीमपुर खीरी। गोला तहसील अधिवक्ता अपनी मांगों को लेकर तहसील में कई दिनों से कर रहे अनशन से लेकर मुंह करताल तक शुरू की इसके बाद पानी की टंकी पर चढ़ गया जिससे पूरे तहसील परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों में अपरा तफरी का माहौल हो गया प्रशासन के हाथ पर फूल गए अधिवक्ताओं को मानमनोव्वल कर पानी की टंकी से उतारा जा सका।सीडीओ अनिल कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह ने वकीलों को भरोसा दिलाया कि वह एक समिति गठित कर सीएचसी अध्यक्ष पर लगाए गए आरोपी की जांच कराएंगे और वकील मनोज श्रीवास्तव पर दर्ज मुकदमे को स्पंज कर दिया जाएगा।डॉक्टर का तबादला करा दिया जाएगा।जिस पर वकील मान गए फिर सीडीओ ने जूस पिलाकर आंदोलन खत्म कर दिया।गुरुवार को दोपहर 12:10 बजे वकील अपनी मांगों को लेकर परिसर में ही बनी पानी की टंकी पर चढ़ गए।स्थानीय अधिकारियों को वकीलों की नोकझोंक हुई।जब मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह, एसडीएम रत्नाकर मिश्र, सीओ मोहम्मदी, तहसीलदार सुखबीर सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और वकीलों को पूरा भरोसा दिलाया कि उन पर सीएचसी अधीक्षक द्वारा दर्ज कराया गया मुकदमा स्पंज कर दिया जाएगा, डॉ गणेश का दूसरी जगह तबादला कराया जाएगा और सीएचसी अधीक्षक की शिकायतों को लेकर समिति गठित कर जांच कराई जाएगी। जिस पर वकील सहमत हो गए और नीचे उतर आये फिर उन्हें सीडीओ ने जूस पिलाकर आंदोलन खत्म कराया।वकीलों की तहरीर भी पुलिस ने ले ली है। सीएचसी अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई न होने से वकील मनोज श्रीवास्तव ने आमरण अनशन शुरू किया और दो दिन बाद भी कोई ध्यान न दिए जाने से वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा और मनोज श्रीवास्तव अपने तीन अन्य साथियों के साथ तहसील परिसर में ही बनी पानी की टंकी पर चढ़कर गए जिससे हड़कंप पहुंच गया।वकील मनोज श्रीवास्तव ने सीएचसी अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई न होने से नाराज हो कर मंगलवार से आमरण अनशन शुरू कर दिया था फिर भी वकीलों के आंदोलन की प्रशासन ने अनदेखी की तो उनका गुस्सा फूट पड़ा और उसके बाद अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव, मुकेश शर्मा, अशोक शुक्ला का एक अन्य मुंशी तहसील परिसर में ही बनी पानी की टंकी पर चढ़ गए और वंदे मातरम के नारे लगाने लगे। इसके बाद अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर कुछ कार्यालय बंद करवाए।पानी की टंकी पर चढ़े अधिवक्ता को देखकर उनके अधिवक्ता साथी मुकेश शर्मा और अशोक शुक्ला सहित एक अन्य व्यक्ति भी पानी की टंकी पर चढ़ गया।अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारियों की हठधर्मिता और अड़ियल रवैए के चलते तीन जून से क्रमिक अनशन चला जो कार्रवाई न होने पर 18 जून से आमरण अनशन में बदल गया।लेकिन दो दिन आमरण अनशन के बाद भी कोई अधिकारी नहीं चेते तो अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव गुरुवार को पानी की टंकी पर चढ़ गए। वकील मनोज श्रीवास्तव के पानी की टंकी पर चढ़ जाने की सूचना पाकर एसडीएम रत्नाकर मिश्रा पहुंचे, जहां उनकी अधिवक्ताओं के साथ तीखी नोकझोख हुई। हालांकि उन्होंने उच्च अधिकारियों के आने की बात कहकर कार्रवाई का आश्वासन देकर चले गए। कोतवाली का क्राइम इंस्पेक्टर दो सिपाहियों के साथ पानी की टंकी पर चढ़ने लगे तो वकीलों ने जोरदार नारेबाजी कर उन्हें नीचे उतरने पर मजबूर कर दिया। चार मई को सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर गणेश और अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव के बीच भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर मारपीट हो गई थी। जिसमें डॉक्टर गणेश की ओर से



अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव पर सरकारी दस्तावेज फाड़ने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करा दी गई थी। इसी मामले में अधिवक्ता की ओर से भी कोतवाल को तहरीर दी गई थी, लेकिन अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। जिससे नाराज अधिवक्ताओं ने तीन जून को तहसील परिसर में क्रमिक अनशन शुरू किया था और चेतावनी दी थी कि अगर अधिकारियों द्वारा 17 जून तक डॉ गणेश द्वारा दर्ज कराया गया मुकदमा स्पंज करते हुए उन पर कार्रवाई नहीं की गई तो 18 जून क्रमिक अनशन अनिश्चितकालीन आमरण अनशन में बदलेगा। फिर भी कार्रवाई नहीं हुई, 18 जून से आमरण अनशन शुरू हो गया और गुरुवार को अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव सहित उनके साथी मुकेश शर्मा और अभिषेक शुक्ला व एक मुंशी भी पानी की टंकी पर चढ़ गए।

### यह रहे मौजूद

अधिवक्ता श्रीराम भार्गव
लालबिहारी वर्मा
प्रदीप सिंह काजल
सुरेश गुप्ता
अशोक गुप्ता
कामता चौधरी
राजेश गिरि
सुरेश गिरि
नरेन्द्र शुक्ला
विनोद
अवनीश
जितेंद्र
रामकुमार गौतम
अरूण दीक्षित
अवधेश
विजयपाल
पंकज
लालबहादुर
हरिनाम पांडे
प्रमोद गुप्ता
संतकुमार
रचित पाठक
जयप्रकाश वर्मा
सहित तमाम वकील मौजूद थे।

## कहर ए आंधी बारिश, दीवार के नीचे दबने से 3 लोगों की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



बुधवार को तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हुई।जिस वजह से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन कई लोगों पर यह बारिश कहर बनकर टूटा है। बारिश की वजह से इलाके में दीवार ढह गई। जिसके नीचे दबने से बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गए। दीवार गिरने से झोपड़ी में सो रहे दो लोग दब गए जानकारी के मुताबिक, बारिश की वजह से यह हादसा ईसानगर और नीमगांव थाना इलाके में हुआ। थाना ईसानगर इलाके में बीती रात आई तेज आंधी के चलते गांव गोडवा मजरा गणेशपुर में एक सरकारी नलकूप की पक्की दीवार गिर गई।जिससे तालाब में मछलियों की रखवाली कर रहे 75 वर्षीय परसादी घायल हो गए। जबकि उनके साथ झोपड़ी में सो रहे पोते 75 वर्षीय अजय कुमार पुत्र राम मंतर लाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, दूसरा हादसा ईसानगर इलाके के मोहनपुरवा मजरा शेखपुर में हुआ। यहां तेज आंधी-तूफान और बारिश की वजह से एक मकान की दीवार गिर गई।घर में सो रही गायत्री देवी पत्नी 35 मौजी लाल की दीवार के नीचे दबने से मौत हो गई। जबकि उसके पास सो रहा बेटा 30 वर्षीय राजेश और उनकी पांच वर्षीय पोती गंभीर रूप से घायल हो गई।

इसी तरह नीमगांव थाना क्षेत्र के आमघट गांव निवासी किशोर की दीवार के नीचे दबने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### गैस कर्मचारी घर घर जाकर फ्री में कर रहे हैं गैस चूल्हा पाइप की जांच

जन एक्सप्रेस । हरदोई। मल्लावां। गैस एजेंसी पर औचक निरीक्षण करने आए कम्पनी के फील्ड अधिकारी विशाल पोरवाल ने बताया कि गैस कर्मचारी घर-घर जाकर फ्री में गैस चुल्हा पाइप की जांच करे और लोगों को जागरुक कर रहे हैं इस अभियान में ग्राहकों के खराब पाइप और नान स्टैंडर्ड पाइप को बदला जा रहा है पाइप के लिए ग्राहकों का इसका मूल्य भुगतान करना पड़ेगा पहले इस जांच के लिए ग्राहकों को भुगतान करना पड़ता था।अभी यह सुरक्षा जांच बिल्कुल मुफ्त में की जा रही है। साथ ही क्षेत्रिय अधिकारी ने ग्राहकों से अपील की कोई भी ग्राहक बाजार से खरीद कर गैर मानक नकली होज पाइप का उपयोग न करें। होज पाइप अपनी एजेंसी से ही ख़रीदे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ई रिक्शा व ऑटो की आमने सामने टक्कर

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली। शाहाबाद मार्ग पर बेगराजपुर गावं के पास ई रिक्सा व ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑटो सवार महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद ई रिक्सा लेकर चालक मौके से भाग गया। सूचना के बाद पहुंचीं पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए शाहाबाद सीएचसी भेज दिया है। गुरुवार की शाम करीब छह बजे एक ऑटो शाहाबाद से सावरिया लेकर पाली आ रहा था। उसी समय एक ई रिक्सा पाली से शाहाबाद की ओर जा रहा था। पाली-शाहाबाद मार्ग पर बेगराजपुर गावं के पास दोनों की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें ऑटो पर सवार कस्बा के मोहल्ला शेख सरायं निवासी बबली (30) और भरखनी निवासी सुरेश (60) गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सुरेश का बायां हांथ कटकर लटक गया है। वहीं हादसे के बाद ई रिक्सा लेकर चालक मौके से फरार हो गया। ऑटो का भी चालक हादसे के बाद ऑटो छोंड़कर मौके से भाग गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को शाहाबाद सीएचसी भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक एके राय ने बताया कि ऑटो को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जाएगी।

### बेटे के साथ बाइक से जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली। बेटी से मिलकर मोटरसाइकिल से बेटे के साथ घर जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई, सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। लखीमपुर जिले के बरखंडी थाना ग्राम पसिगवां निवासी सुनीता ने अपनी बेटी सोनी की शादी कस्बा के मुहल्ला काजिसराय निवासी संतोष के साथ की थी। सोमवार को वह अपने बेटे रवी के साथ मोटरसाइकिल से दामाद के घर बेटी से मिलने आई थी। बृहस्पतिवार सुबह 7 बजे घर जाते समय पाली शाहाबाद रोड गोपालपुर गांव के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, हादसे में सुनीता की मौके पर ही मौत हो गई, जबिक रवी को मामूली चोट आई। मृतका के परिवार में दो बेटे और एक बेटी है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि अज्ञात वाहन के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

### स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्थान पर पुलिस लाइन ग्राउंड में होगा योग कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि 21 जून 2024 को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 5.30 से 7.00 बजे तक स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्थान पर पुलिस लाइन ग्राउंड में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अधिक से अधिक संख्या में जनपद वासी योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के योग दिवस की थीम योग- स्वयं और समाज के लिए है। समाज हर व्यक्ति आज स्वस्थ रहना चाहता है।

### प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक 22 तथा द्वितीय बैठक 29 जून को होगी: सी0एम0ओ0

जन एक्सप्रेस । हरदोई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रोहताश कुमार ने बताया है कि आगामी 01 से 31 जुलाई 2024 तक संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने हेतु प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक 22 जून 2024 को अपरान्ह 04 बजे तथा द्वितीय अन्तर्विभीय बैठक 29 जून 2024 को अपरान्ह 04 बजे जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आहूत की गयी है उन्होने अभियान से जुड़े जिलास्तरीय अधिकारियों, जिला चिकित्सालय उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं अन्य चिकित्सक, एमओआईसी तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी सभी संस्थाओं के पदाधिकारी से कहा है कि उक्त दोनो बैठकों में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### ठोस अपशिष्ट जेनरेटर स्वयं अपने स्तर पर ही गीले कचरे का निपटान करेंगे: अधिशासी अधिकारी

जन एक्सप्रेस । हरदोई। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद हरदोई ने समस्त प्रतिष्ठानों, दुकानों, संस्थाओ को सूचित किया है कि जिन प्रतिष्ठानों/दुकानों/संस्थाओ के द्वारा लगभग 100 किलोग्राम कचरा प्रतिदिन उत्सर्जित किया जाता है, वह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2016 के तहत ठोस बल्क वेस्ट जेनरेटर की श्रेणी में आता है। ठोस अपशिष्ट जेनरेटर स्वयं अपने स्तर पर ही गीले कचरे का निपटान करेंगे तथा सूखे कचरे को नगर पालिका परिषद् हरदोई को प्रदान करेंगे। अतः ऐसे समस्त प्रतिष्ठानों/दुकानों/संस्थाओ को निर्देशित किया जाता है कि स्वयं को बल्क वेस्ट जेनरेटर घोषित करते हुए नगर पालिका परिषद् हरदोई को अपने पत्र द्वारा सूचित करने का कष्ट करेंगे अन्यथा नगर पालिका परिषद् हरदोई द्वारा चिन्हित किये जाने पर ठोस प्रबंधन अधिनियम 2016 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए अर्थदंड वसूल किया जायेगा।

### क्षेत्र पंचायत की बैठक 24 जून को

जन एक्सप्रेस । हरदोई। खण्ड विकास अधिकारी हरियावां ने अवगत कराया है कि हरियावां क्षेत्र पंचायत की बैठक 24 जून 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से ब्लाक प्रमुख रामदयाल की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार में आयोजित की जायेगी। उन्होने समस्त मा0 क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं प्रधानगणों से कहा है कि उक्त बैठक में ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## पोटाश का उपयोग करें, गन्ने की अच्छी होगी पैदावार: अवधेश गुप्ता

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

खंभारखेडा लखीमपुर बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेड़ा ने किसानो से वार्ता करते हुए उन्हें पोटाश के गन्ने की फसल में होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि अभी जो फसल का समय है उसमें गन्ने की लाइनों पर मिट्टी चढ़ाई जा रही है। गन्ने में मिट्टी चढ़ाई के समय पोटाश लगाना उत्तम रहेगा। उन्होंने कहा कि पोटाश से गन्ना स्वस्थ रहता है और उसका वजन भी बढ़ता है। यूनिट हेड ने ग्राम लखनापुर, मकसोहा, मटेही, रैनी, बड़ागांव में किसानो के गन्ने के खेत का सर्वे निरीक्षण किया और उपस्थित किसानो से वार्ता कर उनके अनुभव साझा किए। किसान बिजय, श्रीधर, विनोद, राजेश, मोहन सिंह ने बताया कि उन्होंने गन्ना प्रजाति15023 लगाई है और इस वर्ष उनकी पैदावार 1050 कुंतल प्रति हेक्टेयर रही है। इस प्रजाति में बीमारी भी बहुत कम अति है।

यूनिट हेड ने किसानो को कहा की गन्ने में लगने वाले कण्डुआ रोग(स्मट) से भी फसल को जरूर बचाएं इसकी, पहचान के लक्षण, यह फफूँद जनित रोग है। गन्ने की अगोले के उपरी भाग से काला कोड़ा निकलता है जो कि सफेद पतली झिल्ली द्वारा ढका होता है। इसके बचाव के लिए प्रबन्धन के उपाय बुवाई के समय गन्ना के टुकड़ों को प्रोपिकोनाजोल 25 ईसी या कार्बेन्डाजिम 50 के 0.1 प्रतिशत घोल में 5-10 मिनट तक उपचारित करें। तथा ग्रसित पौधों में बन रहे काले कोड़ों को बोरों से ढककर सावधानी पूर्वक खेत से निकालकर दूर नष्ट कर दें ओर प्रोपिकोनाजोल 25 ई.सी. के 0.1 प्रतिशत घोल का 15 दिनों के अन्तराल पर दो बार छिडकाव करें। निरीक्षण के समय चीनी मिल के अन्य अधिकारी तथा फील्ड स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## जिंदगी को हां और नशे को ना कहें विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं उ.प्र.शासन के निर्देशों के अनुपालन में नशा विरोधी पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय में जिंदगी को हां और नशे को ना कहें विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में चीफ प्राक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि नशीली दवाओं के दुरूपयोग को रोकने में जागरूकता कार्यक्रमों की महती भूमिका होती है। युवा विद्यार्थी नशा उन्मूलन से सम्बन्धी कार्यकमों में सहभागिता कर अन्य लोगों को भी जागरूक करें। प्रो. चन्द्रा ने गृह मंत्रालय द्वारा जारी फाइट अगेंस्ट ड्रग्स अब्यूज लिंक https://pledge.mygov.in/fightagainstdrugabuse पर सभी विद्यार्थियों को ई-प्रतिज्ञा पंजीकरण कराने हेतु जानकारी दी। रसायन विज्ञान विभाग प्रभारी मो. नजीफ एवं गणित विभाग प्रभारी मो. आमिर ने बताया कि मादक पदार्थों के सेवन से शरीर की रासायनिक प्रक्रियायें अव्यवस्थित हो जाती हैं, जिससे शारीरिक संरचना को क्षति पहुँचती है। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने नशीली दवाओं के दुरूपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को इससे दूर रहने व स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिये मादक पदार्थों के सेवन से बचने की सलाह दी तथा उपस्थित विद्यार्थियों को नशा उन्मूलन शपथ दिलाई।अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अन्तर्गत योग सप्ताह के पांचवे एवं छठवें दिन दो दिवसीय ऑलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ऑनलाइन संगोष्ठी में प्रो. विशाल द्विवेदी ने अष्टांग योग का जीवन में महत्व तथा शारीरिक एवं मानसिक रोगों के निदान में योग का प्रभाव एवं भगवत गीता में समत्व योग की अवधारणा विषय पर विस्तृत जानकारी देकर योग को जीवन शैली के रूप में अपनाने पर जोर दिया।

## आधुनिकता में योग स्वस्थ जीवन का आधार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीर

आधुनिकता में योग स्वस्थ जीवन का आधार उच्च शिक्षा में निरंतर प्रगतिशील चौधरी बेचेलाल महाविद्यालय बौद्धिक विकास के साथ साथ आध्यात्मिक ज्ञान के लिए योग को महत्व देते हुए छात्र एवम छात्राओं के साथ शिक्षक साथियों ने भी योग सेशन में हिस्सा लिया। दिन प्रति दिन बदलती जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए मानव जीवन में स्वस्थ शरीर एक चुनौती दे रहा।उच्च रक्तचाप, अनिद्रा, डायबिटीज, आदि ऐसी बीमारियाँ जो हमारे गलत खानपान और असन्तुलित दिनचर्या के कारण पैदा होती हैं

जिसके चलते इंसान को फिर दवाइयों के ऊपर निर्भर रहना पड़ता हैं,

अगर मनुष्य अपनी दिन की शुरुआत योगा से शुरु करें तो हम जल्द ही स्वस्थ जीवन की कल्पना को साकार कर सकते है।

## बेसिक शिक्षकों द्वारा लिखित पुस्तकों का डीएम द्वारा किया गया विमोचन

जन एक्सप्रेस । हरदोई




जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत प्राथमिक विद्यालय पिरोजापुर, विकास खण्ड बावन के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार सिंह एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ लाल बहादुर गौतम प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय म्योनी विकास खण्ड सुरसा द्वारा लिखित पुस्तकें निपुण बनेंगे हम, कला की दुनिया, एवं आई.सी.टी. स्मार्ट शाला पुस्तकों का जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में लोकार्पण किया । आपको बताते चलें कि दोनों शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में बच्चों के अंदर नए-नए प्रयोग करके शैक्षिक गतिविधियों एवं कला शैक्षिक एवं तकनीकी शिक्षा में बच्चों को पारंगत बनाने का प्रयास किया। उन्ही गतिविधियों का उक्त पुस्तकों में संकलन किया गया है। जनपद मे उक्त दोनों विद्यालयों के शिक्षको ने अपनी मेहनत और लगन से नई-नई शैक्षणिक विधाओं का पुस्तकों में संकलन किया है जिसके माध्यम से हमारे बेसिक के बच्चों को उक्त गतिविधियों से कुछ न कुछ नई चीजे सीखने को मिलेंगी निपुण बनेंगे हम पुस्तक में कक्षा 1 से लेकर तीन तक की सभी गतिविधियों का संकलन किया गया है तथा दूसरी पुस्तक कला की दुनिया जिसमें इन विद्यालयों में बच्चों को चित्र कला के माध्यम से बाला पेंटिंग, वाल पेंटिंग द्वारा बेहतरीन कला को सिखाया गया है बेसिक शिक्षा में वर्तमान समय में प्रौद्योगिकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आई, सी, टी, का विकास हुआ है इसी के तहत उक्त शिक्षकों द्वारा बच्चों को तकनीकी शिक्षा में कम्प्यूटर शिक्षा, मे पारंगत बनाने की दृष्टि से आईसीटी स्मार्ट शाला पुस्तक का लेखन किया है इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह जी, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय आर. के.द्विवेदी जी सहित शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### बंद पड़े मकान में हुई लाखों की चोरी नकदी समेत करीब 5 लाख का माल किया पार

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। महमूदाबाद। सदरपुर क्षेत्र में बंद पड़े घर से चोरों ने दिन-दहाड़े सवा लाख की नकदी समेत करीब पांच लाख की संपत्ति चोरी कर ली। घटना की सूचना पीड़ित द्वारा लिखित तहरीर देकर पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदरपुर के सुकालीपुर के दीपू वर्मा पुत्र कमलेश की गोडैचा चौराहे पर रेउसा मार्ग पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की दुकान है। बुधवार की सुबह वह दुकान चला आया और उनकी पत्नी दरियापुर लहरपुर मायके चली गईं। देरशाम जब दीपू अपने घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर देखने पर पता चला कि अंदर रखी एक लाख 30 हजार की नकदी, सोने-चांदी के जेवर समेत करीब पांच लाख की संपत्ति चोरी चली गई। पीड़ित ने गुरुवार को सदरपुर थाने पहुंच घटना की तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक सदरपुर राकेश सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, मामले की जांच की जा रही है।



## मीडिया से अनुरोध है आधी अधूरी वीडियो क्लिप व एकतरफा बयान जनता में न प्रसारित किया जाए: अध्यक्ष बार एसोसिएशन

जन एक्सप्रेस । सीता पुर

उप जिलाधिकारी महमूदाबाद अपने राजस्व न्यायालय में 03 वर्ष व 05 वर्ष से लम्बित वादों को नियत तिथि में सुनवाई हेतु बुलाये गये वादकारियों की उपस्थिति में सुन रही थी। तभी अत्यधिक संख्या में अधिवक्ताओं का समूह न्यायालय में आकर नारेबाजी करने लगा और कुछ अधिवक्ताओं जैसे राजकिशोर, वीरेन्द्र पटेल आदि द्वारा अधोहस्ताक्षरी को धमकी दी गयी कि किसी भी कीमत पर कोर्ट नहीं चलने देगें। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिवक्ताओं से मौखिक व दिनांक 15.06.2024 को लिखित रूप से पत्र भेजकर विधिमान्य रूप से कोर्ट चलाये जाने का आग्रह किया गया, जिससे शासन की मंशा के अनुसार राजस्व वादों की नियमित सुनवाई तथा उनका गुण दोष के आधार पर निस्तारण किया जा सके, परन्तु अधिवक्ताओं द्वारा कोर्ट में आकर कोर्ट की कार्यवाही में व्यवधान डालते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा विभिन्न वादों में आए वादकारियों को भी कोर्ट से बाहर भगा दिया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बार एसोसिएशन महमूदाबाद के अध्यक्ष से बातचीत का प्रयास किया गया और उनका ध्यान नायब तहसीलदार महमूदाबाद के साथ अधिवक्ताओं द्वारा दिनांक 14.06.2024 को उनके साथ हुई गाली गलौज की घटना की ओर आकर्षित किया गया। ÷जिस पर अधिवक्ता राजकिशोर, वीरेन्द्र पटेल आदि ने आकोशित होकर कहा कि गाली गलौच ही नहीं अब तो मारपीट से यहॉ काम कराया जायेगा और मारपीट ही होगी। उनके द्वारा स्पष्ट रूप से धमकी दी गयी कि जो काम रूके हुए हैं अब उन्हें गाली गलौज व मारपीट करके ही कराया जायेगा। उनकी इस प्रकार की अमर्यादित भाषा शैली पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त किया गया और कहा गया कि यदि आप लोगों द्वारा किसी भी अधिकारी के साथ गाली गलौज व मारपीट की गयी तो उसके बाद जो होगा उसके आप स्वयं उत्तरदायी होगें। बार एसोसिएशन महमूदाबाद के अध्यक्ष द्वारा शकील खाँ बनाम जयकरन यादव वाद संख्या 2478/2024 अन्तर्गत धारा 145 के निर्णय का हवाला देते हुए आदेश को अनुचित ठहराया गया। जिस पर अधोहस्ताक्षरी ने कहा कि यदि आप किसी भी निर्णय से क्षुब्ध हैं तो उस निर्णय के विरूद्ध अपील में जाकर अनुतोष प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन इस तरह से समूह बनाकर किसी भी अधिकारी पर दबाव बनाना उचित नहीं है। इन्हीं सब घटना के क्रम में कोर्ट में जो आज घटना घटित हुई वह अत्यन्त ही दुर्भाप्यपूर्ण है। अधिवक्ताओं का कोर्ट में अभद्र भाषा का प्रयोग करना अधिकारियों को धमकी देना आदि के क्रम में अधोहस्ताक्षरी ने अपने पद की गरिमा सुनिश्चित करने हेतु प्रतिक्रिया व्यक्त की। जिसका 27 मिनट का संपूर्ण वीडियो अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है, लेकिन कुछ अवसरवादी तत्वों के द्वारा वीडियो को एडिट (काट-छांट) कर प्रशासन की छवि धूमिल करने हेतु इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर प्रसारित किया जा रहा है। जोकि अत्यन्त दुर्भाप्यपूर्ण है।

अतः समस्त इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं प्रिन्ट मीडिया से निवेदन है कि इस प्रकार की आधी अधूरी वीडियो क्लिप व एकतरफा बयान के आधार पर किसी भी प्रकार का गलत संदेश जनता में न प्रसारित किया जाए तथा सम्पूर्ण घटना का गहन विश्लेषण करने के उपरान्त ही पारदर्शी तरीके से निष्पक्ष पत्रकारिता की जाए, जिससे इस घटना से शासन की छवि धूमिल न हो एवं शासन की मंशा के विरूद्ध कोई भ्रम की स्थिति न पैदा हो।

### विधायक मनीष रावत बने सिधौली स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। सिधौली। सिधौली विधायक मनीष रावत को भारत सरकार द्वारा संचालित स्वग्छ भारत मिशन (नगरीय) स्वग्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए नगर पंचायत सिधौली का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिधौली रेणुका यादव ने पत्र देकर उन्हें नागरिकों को स्वग्छता के प्रति जागरूक करने एवं स्वग्छ भारत मिशन को सफल बनाने, योजना के महत्वपूर्ण घटकों की जानकारी पहुचाने में सहयोग करने की अपील की।



# 'बड़ा सवाल' : सीएम सिटी की पुलिस चौकी में जाम लड़ाता बाहुबली कौन?

जन एक्सप्रेस । संजय मिश्रा

**गोरखपुर।** गोरखपुर- सीएम सीटी के गीडा थाना क्षेत्रांतर्गत नौशढ़ पुलिस चौकी की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने सिर्फ सीएम सीटी ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में सनसनी फैला दी है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही तस्वीर में एक बाहुबली शख्स को पुलिस चौकी के अंदर सिपाही के बगल में कुर्सी पर बैठकर बियर पीते हुए देखा जा सकता है। वायरल तस्वीर की इस घटना ने उत्तर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली और अनुशासनहीनता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### चौक चौराहों पर उठ रहे सवाल

1. 'बाहुबली की हो पहचान' – यह शख्स कौन है जो सीएम योगी सख्त प्रशासनिक व्यवस्था को धता करते पुलिस चौकी में इस तरह की कृत्य करने की जूर्रत कर रहा है।
2. 'क्या पुलिसकर्मियों की थी विवशता'– बाहुबली के इस कृत्य पर चौकी में मौजूद पुलिसकर्मी इस घटना को रोकने में क्यों रहे विवश, पुलिसकर्मी बाहुबली के समक्ष क्यों थे नतमस्तक –
3. 'पुलिस उच्च अधिकारियों का क्या होगा रुख'– उत्तर प्रदेश सरकार के अपराध और अपराधी मुक्त प्रदेश के दावे को शर्मशार करती इस घटना पर वरिष्ठ अधिकारियों का क्या रुख होगा और क्या कार्रवाई की जाएगी ये तो वक्त ही बताएगा।




4. 'घटना से स्थानीय लोगों में है भारी आक्रोश' सोशल मीडिया पर लोग पुलिस प्रशासन की कड़ी निंदा कर रहे हैं और तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। एक स्थानीय निवासी ने कहा, ष्पुलिस चौकी पर जहां कानून का पालन सख्ती से होना चाहिए, वहां इस तरह की घटनाएं बेहद शर्मनाक हैं।

इस मामले में उच्च अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा है कि ष्यह एक गंभीर मामला है और हम इसकी पूरी जांच करेंगे। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### वायरल तस्वीर पर बोले नौसढ़ चौकी इंचार्ज

वायरल तस्वीर में देखा जा सकता है कि बाहुबली शख्स बियर की बोतल हाथ में लिए आराम से बियर गटकते हुए चौकी में बैठा है, जबकि वहीं बगल में बैठा सिपाही बेबस नजर आ रहा है। इस वायरल तस्वीर के संबंध में चौकी इंचार्ज अरुण कुमार सिंह ने सफाई देते हुए कहा कि ष्मेरे गैरमौजूदगी में यह घटना हुई है और मैंने उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और हम इसकी गंभीरता से जांच करेंगे।

### मामले की हो निष्पक्ष जांच, ताकि जनता का पुलिस पर बना रहे विश्वास

गोरखपुर की इस घटना ने पुलिस प्रशासन की छवि को धूमिल किया है। यह जरूरी है कि इस मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच हो ताकि दोषियों को सजा मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि कानून का पालन करने वाले नागरिकों का पुलिस पर विश्वास बना रहे और इस तरह की घटनाएं उनके विश्वास को कमजोर न करें।

# डीएम की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस । देवरिया




जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु एवं कानून सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए जनपद में उद्योग को बढ़ावा देने का माहौल विकसित करने का कार्य सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की कोई हीला-हवाली न हो, यह विशेष रुप से ध्यान रखें। उन्होंने बैंकों को उद्यमियों के समस्याओं के समाधान तथा ऋण पत्रावलियों को शीघ्रता के साथ निस्तारित किए जाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बैंक पोषित सभी योजनाओं का लाभ उद्यमियों सहित सभी को प्राथमिकता के साथ अग्रणी बैंक प्रबंधक उपलब्ध कराएं।

डीएम ने उद्यमियों की समस्यायों का त्वरित निस्तारण का दिया निर्देश

उद्यमियों ने बैठक में उसरा बाजार औद्योगिक आस्थान में अग्शिमन केन्द्र की स्थापना सहित साफ-सफाई की समस्यायें उठाई गई, डीएम ने त्वरित कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया। औद्योगिक आस्थान देवरिया में बाउन्ड्रीवाल व नाली निर्माण की बात पर भी आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। औद्योगिक केन्द्रों में अप्रेटिंस हेतु युवाओं को भी रखे जाने को कहा गया, जिससे कि स्किल्ड युवक स्थानीय स्तर पर ही उद्योगो में योजित हो सकेगें।

बैठक में पूर्व विधायक एवं उद्यमी रविन्द्र प्रताप मल्ल, शक्ति गुप्ता, जेपी जायसवाल, रमेश चन्द्र तिवारी, बासुदेव वर्मा आदि ने उद्यमियों से जुडी समस्याओं को रखा।

बैठक में रुप से मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, एडीएम

## बीयर की दुकान से नगदी समेत बीयर की हुई चोरी

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** जनपद के बेलघाट थाना क्षेत्रांतर्गत बेलघाट कस्बा स्थित बीयर की दुकान से बुधवार की रात को अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर 161160 रुपये नगदी समेत दो बोतल व चार कैन बीयर चुरा ले गए । दुकान मालिक चिलुवाताल थाना क्षेत्र के डोहरिया बाजार निवासी स्वर्गीय भगोली सिंह के पुत्र राम शब्द सिंह ने बेलघाट थाने में बृहस्पतिवार को तहरीर देकर बताया कि दुकान पर रहने वाले मुनीम अवधेश मौर्य बुधवार की रात को 10 बजे दुकान बंद कर चले गए थे। बृहस्पतिवार की सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर रखे हुए 2 दिन के बिक्री के 1,61,160 रुपये व दो बोतल तथा चार कैन बीयर भी गायब मिला। मामले की जानकारी मुनीम अवधेश मौर्य ने तत्काल स्थानीय बेलघाट पुलिस को दिया इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

# नपा बोर्ड की बैठक हुई संपन्न विभिन्न परियोजनाएं स्वीकृत



जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

अधशिासी अधिकारी मीनू सिंह, अध्यक्ष रामानंद सिंह की अध्यक्षता में नगरपालिका परिषद हाटा सभागार में बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्क, सड़क, विद्यालयों के कायाकल्प, पोखरी सौन्द्रीयकरण, वृक्षारोपण, नाली, नाला निर्माण व सामग्री क्रय सहित अन्य प्रस्ताव पारित किये गये। कुल मिलाकर 15 करोड़ रूपये की विभिन्न कार्योजना बोर्ड के सदस्यों के समक्ष रखी गई जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। उक्त बैठक में अवर अभयिन्ता मनोज कुमार यादव, सभासदगण देवन्ता, विनय सिंह, राजू वर्नवाल, खेदनी, संजू देवी, विश्राम प्रसाद, बदामी देवी, निधि मिश्रा, सुनीता मौर्या, अमित मणि, मनीष चैरसिया, रणजीत सिंह, मिठाई सिंह, प्रतिमा मल्ल, अनीता सिह, विनय प्रताप, बबलू वक्शा, चन्द्रावती देवी, प्रमोद गुप्ता, सैफुद्दीन आलम, छांगुर रौनियार, टीपू खान सहित निकाय कर्मचारी रमाशंकर गुप्ता, ठाकुर सिंह व पंकज भारद्वाज उपस्थित रहें।

# तालाब में तब्दील हुई सड़क, आमजन में आक्रोश

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



जनपद के सेवरही विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलेमगढ़ के सलेमगढ़ बाजार मुख्य सड़क के बीच में बीते एक वर्षों से सड़क पूरी तरह तालाब में तब्दील हो गई है, जिससे सड़क के किनारे बसे लोगों के घरों का गंदा पानी सड़क के गढ्ढे में भरा रहता है।इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है।इस समस्या का समाधान नहीं होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार सलेमगढ बाजार की मुख्य सड़क पर गढ्ढा बनने से जलजमाव की स्थिति बिकते एक वर्षो से बनी हुई है। इस सड़क से आने जाने वाले लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई है।इस खतरनाक गढ्ढे के चलते अनजान राहगीर दो पहिया वाहन से गुजरता है तो गढ्ढे में फंस कर गिर जाते है तो आसपास के लोग उसे निकालते हैं। गढ्ढे को अभी तक किसी भी जिम्मेदार ने ठीक कराने की जहमत नहीं उठाई है जिसके चलते बाजार का व्यवसायी आक्रोशित हैं।

बाजार के व्यापारियों का कहना है कि कुछ लोगों के घर का गंदा पानी सड़क में बने गढ्ढे मे बहता है इस तेज धूप में भी सड़क पर जल जमाव बना हुआ है। बाजार के व्यवसायी दिग्विजय गुप्ता, रविन्द्र चौहान,मुन्ना गुप्ता, प्रिंस , विनोद जायसवाल आदि का कहना है कि सड़क पर खतरनाक गढ्ढा होने के चलते कुछ लोग सड़क पर ही घर का पानी बहवाते हैं। जिससे सड़क टूटते टूटते खतरनाक गढ्ढे के रूप में तब्दील हो चुका है। जल निकासी के लिए आज तक बाजार में नाली का निर्माण नहीं कराया गया है। बाजार ग्राम पंचायत होने के चलते केवल प्रधानी के चुनाव में वोट के लिए नाला निर्माण कराने का आश्वासन बाजार के लोगों को मिल जाता है। चुनाव जितने के बाद जनप्रतिनिधियों के इरादे बदल जाते हैं।

विधायक असीम कुमार राय ने बताया कि सलेमगढ़ से अहिरौलीदान तक लगभग दस किमी सड़क बनने जा रही है।उसी दौरान सड़क के साथ सलेमगढ़ में नाली भी बनेगी। सड़क भी चौड़ी होंगी। चुनाव बीत गया काम शीघ्र शुरू हो जाएगा।

# बिना लाइसेंस संचालित हो रहे हैं पैथालॉजी लैब, जिम्मेदार मौन

जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज

जनपद के फरेंदा तहसील क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरो की तर्ज पर संचालित लैब टेक्नीशियन जांच के नाम पर मनमानी फिर करते हैं वसूली। फरेंदा क्षेत्र में कुकुरमुत्ते की तरह बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रही पैथोलॉजी लैब, विभागीय अधिकारी मौन।नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में संचालित पैथोलॉजी लैब के संचालकों के पास न किसी प्रकार की डिग्री है न ही डिप्लोमा और न ही स्वास्थ्य विभाग से कोई लाइसेंस ही मिला हुआ है। अपनी गलत रिपोर्ट के कारण मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।एक ही मरीज के द्वारा अगर अलग-अलग पैथोलॉजी लैब में खून की जांच कराई जाती है तो सभी पैथोलॉजी लैबों की रिपोर्टअलग-अलग दिखाई जा रही है जिससे मरीज इस रिपोर्ट को देखकर के भ्रमित रहता हैं।कुछ पैथोलॉजी लैब में चिकित्सकों से साथ गांठ करके उन्हें डेंगू व प्लेटलेट्स की कमी, और टाइफाइड की रिपोर्ट बनाकर मरीज को पकड़ा दी जा रही है और डेंगू और प्लेटलेट्स की कमी की रिपोर्ट देखकर के मरीज चिकित्सकों के चंगुल में फंसकर हजारों रुपए की अनायास ही दवा करने में खर्च कर दे रहे हैं। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया, सूत्रों की माने तो क्षेत्र के अधिकांश लैब के पास सीएमओ के यहां से रजिस्ट्रेशन तक नहीं है।

पैथोलॉजी लैब संचालक एक लाइसेंस पर 4 से 5 बाजारों में अपनी पैथोलॉजी लैब प्राइवेट लड़कों को रख करके चला रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौन है। मरीजों को लूटने पर मजबूर कर दिए है। कभी कभार जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दो एक पैथोलॉजी की जांच कर उसे बंद भी कराई जाती है। लेकिन पता नहीं किसके सह पर फिर से संचालित होने लगती है। इतना ही नहीं फरेंदा व ग्रामीण क्षेत्रों में बिना लाइसेंस की मेडिकल स्टोर संचालित कर मरीज का इलाज भी किया जा रहा है इस तरह मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

# डीएम ने नारायणी नदी के तटबंधों का बाढ़ से पूर्व किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जिले के खड्डा तहसील क्षेत्र से होकर बहने वाली नारायणी नदी के संवेदनशील भैंसहा गांव के छितौनी तटबंध के किलोमीटर 7.830 पर बने स्पर व ठोकर तथा किलोमीटर 12.700 पर बने वीराभार ठोकर स्पर सी का जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ से पूर्व की तैयारियों की जानकारी लिया तथा सुरक्षात्मक निर्माणों व उपायों का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने नारायणी नदी के छितौनी तटबंध के ठोकर व बंधे का निरीक्षण कर संवेदनशील क्षेत्र में सतर्कता बनाए रखने तथा बाढ़ बचाव से निपटने के लिए अभी से पूरी तरह तैयारी लिए बाढ़ खण्ड के अधिकारियों को निर्देशित किया।

डीएम ने तटबंधों पर बने लॉन्चिंग अप्रॉन के साथ साथ जल स्तर, बोल्डर, पैचिंग आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने पूर्व में प्रस्तावित एवं मरम्मत कराए जाने वाले ठोकरों की भी जानकारी ली। ठोकरों का जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान बाढ़ से बचाव व बंधे की सुरक्षा के लिए लगाए गए परकोपाइन का निरीक्षण किया । नदी में जल स्तर बढ़ जाने पर बाढ़ बचाव हेतु अपनाए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी सुरक्षात्मक पहलुओं पर चर्चा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने पूर्व वर्षों में गंडक नदी के कटान से प्रभावित ग्रामों के बारे में तथा जल स्तर बढ़ जाने या बाढ़ आने पर उनके लिए किए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों, बाढ़ बचाव के उपाय एवं सुविधाओं की भी जानकारी तहसीलदार खड्डा व अधीशासी अभियंता बाढ़ खंड से लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को तटबंधों की सुरक्षा सहित लोगों की सुरक्षा आदि के सभी जरूरी कदम उठाए जाने के लिए तैयारी करने के निर्देश दिये। अंत में बाढ़ बचाव एवं कराए गए निर्माण कार्यों व बाढ़ बचाव हेतु अपनाए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों के लिए अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड, बीडीओ व तहसीलदार के साथ समीक्षा बैठक करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान तहसीलदार खड्डा महेश कुमार, नायब तहसीलदार खड्डा अभिषेक कुमार, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड महेश कुमार सिंह, बीडीओ विनीत कुमार, सहित अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएम के जिले में सीएचसी पर ना पानी, ना पंखा, फिर भी सब चंगा ही चंगा

जन एक्सप्रेस । संजय मिश्रा




**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार को अफसरशाही किस तरह गुमराह कर अपनी विभागीय खामियों को बेहतर बताकर शासन से वाहवाही बटोरते हैं इसका जीता जागता उदाहरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर कैंपियरगंज तहसील मुख्यालय अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है,जहां सुविधाएं सब उपलब्ध है परंतु क्रियाशील नहीं है और विभागीय जिम्मेदारों के कागजी खानापूर्ति सब चंगा ही चंगा है।

बताते चलें कि कैंपियरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इस भीषण गर्मी में आने वाले मरीजों और उनके तिमारदारों के लिए ना हवा की व्यवस्था हैं ना पानी का बुधवार को टीकाकरण कार्यक्रम में नौनिहालों संग आई महिला मरीजो को चिलचिलाती धूप में लाइन में खड़े हो अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखा गया तो वहीं प्यास बुझाने खातिर उन्हें इधर उधर भटकते हुए भी देखा गया। पीने के पानी के लगा आर ओ प्लांट जहां खराब पड़ा है तो वहीं इंडिया मार्का हैंडपंप एक बूंद पानी पानी छोड़ने को तैयार नहीं है।दवा वितरण काउंटर पर लगा दीवाल पंखा महीनों पूर्व ख़राब हुआ उसे ठीक कराकर लगवाने की जगह एक सप्ताह पहले वहां से हटा दिया गया।

### सीढ़ियों पर पान के पीक और जमें धूल स्वच्छता की दे रहे गवाही

सीएचसी का सूरत-ए-हाल यह है कि सीएचसी के ठीक सामने लगा हैण्डपंप महीनों से ख़राब पड़ा हैं। सीएचसी के पीछे लगे हैण्डपंप से दूषित पानी आ रहा हैं। जिसे जाने अनजाने मरीज पीकर बीमार भी हो सकते गई। केंद्र में साफ-सफाई की व्यवस्था का आलम यह है कि भवन के दूसरे तल पर जाने वाले सीढ़ी पर पान मसाला के पीक और धूल जमे हुए हैं। वही सीढ़ी के बगल में पोस्टर लगा बोर्ड और बरामदे में खड़ा बाइक आने जाने वालों के लिए खतरा बना हुआ रहता है।

### भर्ती मरीज पंखा निहारते करते हैं ठंढ़ई का एहसास

जनरल वार्ड में एक तरफ का फंखा खराब पड़ा मिला, जहां भर्ती मरीज पंखा निहारते हुए ठंढ़ई का एहसास कर रहे थे,मौके पर मौजूद नर्स ने बताया की अक्सर ख़राब ही रहता हैं। जबकि मरीज भी मौके पर मौजूद थे।

वही महिला विंग में वाटर कूलर ख़राब होने के कारण गर्भवती महिलाएं प्यास से परेशान दिखी।

### यक्ष प्रश्न- जब सीएम के जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल बेहाल है तो प्रदेश के अन्य जिलों का क्या कहना

ज्ञातव्य हो कि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ महिने में कम से कम दस दिन गृह जनपद के प्रवास में रहते हैं विभिन्न विभागों की समीक्षा और निरीक्षण भी करते हैं परंतु नौकरशाही की बेपरवाही से अनभिज्ञ हैं।

# रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज होगा योग दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस । देवरिया



जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में हजारों लोग एक साथ योगासन करेंगे। 21 जून को प्रात 6 बजे से 7 बजे तक रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम देवरिया में योग दिवस का आयोजन किया गया है। महिला, पुरुष व बच्चों के साथ बुजुर्ग भी योग दिवस पर होने वाले आयोजन का हिस्सा बनेंगे। योग दिवस का थीम ष्योग स्वयं और समाज के लिएष् रखा गया है।

डीएम अधिकाधिक लोगों को शामिल होने की किया अपील

जिलाधिकारी ने योग कार्यक्रम की तैयारियों के लिए जहां अफसरों को जिम्मेदारी सौंपा है, वहीं समाजसेवियों व प्रबुद्ध लोगों से योग दिवस के दिन आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की है।सभी तहसीलों व ब्लाक मुख्यालयों पर भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को योगाभ्यास स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों, महिलाओं, बच्चों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, कहीं कोई अव्यवस्था न हो। उन्होंने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन में अपनाना जरूरी है जब हम सब स्वस्थ रहेंगे तो हमारा देश स्वस्थ रहेगा, प्रगति करेगा इसके लिए जनपदवासियों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हुए नियमित योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए।

# अमृत सरोवर, पोखरा या तालाब मिले सूखे तो जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई: बीडीओ

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



जनपद के बड़हलगंज विकास खंड सभागार में गुरुवार को खंड विकास अधिकारी घिसम प्रसाद ने सचिवो, रोजगार सेवकों व तकनीकी सहायको संग बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियो के नौ आवास पुर्ण नही पाये जाने पर नाराजगी जताई। बीडीओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि समय से कार्य पूरा नही हुआ तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। समीक्षा के दौरान अमृत सरोवरो, पोखरो, तालाबो में गर्मी में पानी भरवाने का निर्देश दिया।

लापरवाही पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। भीषण गर्मी को देखते हुए शासन से मिलने वाले पौधौ को लेकर सभी को निर्देशित किया की पौधा से पेड़ बनने तक आप देखभाल करेंगे। इसकी समय समय पर मैं खुद निगरानी करुंगा। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम सभाओं में पौधे लगाया जाना है इसलिए सभी पहले से तैयारी कर लें। इस दौरान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मीरा गौतम,ग्राम विकास अधिकारी विरेन्द्र कुशवाहा, अजय पांडेय, जेई जयराम तिवारी, आशीष कुमार, किशोरीलाल जायसवाल, कैलाशपति, पन्नेलाल, दुर्गेश कुमार, अनुप सिंह, दयानंद यादव, नीतू चौहान, मनीष यादव, रेनु यादव, धनावती, अजीज, जयहिंद आदि लोग मौजूद थे।

## बंधा मरम्मत कार्य में निकली मिट्टी का आमजन कर सकते हैं प्रयोग

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ,प्रभारी अधिकारी खनन अरुण कुमार राय ने बताया कि सिंचाई विभाग बैराज यांत्रिक अनुरक्षण खण्ड, कानपुर द्वारा जनपद में राप्ती नदी के बायें तट पर स्थित ग्रामसभा मदनपुर, केवटलिया की बाढ़ एवं कटान से सुरक्षा हेतु ड्रेजिंग द्वारा चौनलाइजेशन,रिवर ट्रेनिंग कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्य के दौरान लगभग 1.49 लाख घनमीटर ड्रेज्ड एक्सकवेटेड मैटेरियल निस्तारण हेतु उपलब्ध है। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि निस्तारण हेतु शासनादेश के क्रम में गठित कमेटी के आख्यानुसार निकाला गया ड्रैज्ड मैटेरियल साधारण मिट्टी हैं। मिट्टी पर रॉयलटी शून्य है, ड्रैज्ड मैटेरियल की नीलामी से खनन विभाग को राजस्व की प्राप्ति नही होनी है। उक्त मिटटी का निस्तारण भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा निर्गत नेशनल

# बेटा खिलाड़ी, पिता दारोगा, स्टेडियम में कोच को डंडे से पीटा

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



जनपद में ट्रैफिक पुलिस में तैनात एक दारोगा ने अपने वेटलिफ्टिंग प्लेयर बेटे साथ मिलकर कोच की पिटाई कर दी। दारोगा द्वारा कोच की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि दारोगा कोच को डंडे से पीट रहा है, कोच ने आरोपी दारोगा और उसके खिलाड़ी बेटे के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। बताते चलें कि सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रहे वीडियो क्लिप में गोरखपुर में वेटलिफ्टिंग प्लेयर और कोच के बीच झगड़े का मामला सामने आया है। वेटलिफ्टर बेटे के बुलाने पर दनदनाते हुए स्टेडियम हुए पहुंचे ट्रैफिक पुलिस दारोगा राकेश कुमार ने कोच पर लाठी बरसा दी। बताया जा रहा है कि गोरखपुर के रीजनल स्टेडियम में दारोगा के वेटलिफ्टर बेटे और कोच के बीच विवाद हुआ था। स्टेडियम में विवाद की सूचना पर पहुंची कैंट पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने लेकर आई। कोच की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुटी गई, तो वहीं किसी ने घटना का वीडियो भी वायरल कर दिया जो सोशल मीडिया खूब वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार घटना बीते बुधवार शाम की है,ट्रैफिक पुलिस में तैनात दारोगा राकेश कुमार का बेटा वेटलिफ्टिंग का खिलाड़ी है। वह रीजनल स्टेडियम में रोज की तरह प्रैक्टिस करने गया था। आरोप है कि इसी दौरान उसका अपने कोच से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों हाथापाई पर उतारू हो गए। इसी दौरान वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ी ने अपने दारोगा पिता राकेश कुमार को फोन कर दिया। जानकारी मिलते ही राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और कोच के उपर लाठियों की बौछार कर दी, इसी दौरान किसी ने घटना का वीडियो बना लिया और थाना पुलिस को मामले की सूचना दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। थाने में कोच ने दारोगा के खिलाफ लिखित शिकायत दी। कोच की शिकायत पर पर पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है।

### बोले क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, खिलाड़ी पंजीकरण होगा रद्द

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी आले हैदर ने कहा कि खिलाड़ियों और कोच के झगड़े का यह मामला गंभीर है, उन्होंने बताया कि स्टेडियम में इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए खिलाड़ी और कोच दोनों के खिलाफअनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विवाद करने वाले खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जाएगा।

# योग के जरिए भारत के विश्व गुरु बनने की परिकल्पना हो रही है साकार: राकेश गर्ग

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व प्रातः बेला पर इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन संस्कृति ने आयोजित किया योग शिविर
- सैकड़ों लोगों ने किया प्रतिभाग, योग को अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बनाने का लिया संकल्प

**जन एक्सप्रेस | आगरा**



योग स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए वरदान है। योग हमें सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए। मैं आप सभी से योग को जीवन का अहम् हिस्सा बनाने का संकल्प लेने का आह्वान करता हूँ।
**-पूरन डावर, चेयरमैन, इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन संस्कृति**

पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्ध-मत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, मयूरासन ये योग की वह क्रियाएं हैं जिन्हें यदि आप प्रतिदिन करते हैं तो तय मानिए आपका शरीर पूरी तरह रोग मुक्त रहेगा।
**-मुरारी प्रसाद अग्रवाल, योगाचार्य**

भारत योग के जरिये विश्व गुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है अब वो दिन दूर नहीं जब हमारी यह परिकल्पना साकार होगी और हम विश्व गुरु के रूप में अपने खोये हुए वजूद को पुनः हासिल करेंगे।
**-राकेश गर्ग, उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम**

यदि कोई पूछे कि रोगों से मुक्ति पाने का रहस्य क्या है तो मैं यही कहूंगा कि योग ही सभी रोगों से मुक्ति का एक मात्र रहस्य है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि प्रतिदिन आप योग अवश्य करें।
**-डॉ. कैलाश चंद्र सारस्वत, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक**

मेडिटेशन से मानसिक शांति और नकारात्मकता से दूर रहती है। यह व्यक्ति को आंतरिक रुप से उत्साहित और प्रसन्न रखने में बड़ा सहायक है। साथ ही साथ यह आपकी ऊर्जा शक्ति और आत्म शक्ति को भी मजबूत करता है।
**-कमलजीत कौर, इंटरनेशनल योगा ट्रेनर**

इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन संस्कृति द्वारा गुरुवार को कमला नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व प्रातः बेला पर योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर शुभारम्भ के मौके पर फाउंडेशन के चेयरमैन पूरन डावर ने योग को स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए वरदान बताया, उन्होंने सभी से योग को अपनी जिंदगी का अहम् हिस्सा बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। शिविर में योगाचार्य मुरारी प्रसाद अग्रवाल के निर्देशन में प्रतिभागियों को योग आसान कराये गए, जिनमें पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्ध-मत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, मयूरासन की क्रियाएं प्रमुख रूप से रहीं। एक घंटा 30 मिनट के उनके सत्र में लोगों ने एकाग्रचित्त होकर योग किया।

उस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के उपाध्यक्ष राकेश गर्ग शामिल हुए उन्होंने कहा कि भारत योग के जरिये विश्व गुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है अब वो दिन दूर नहीं जब हमारी यह परिकल्पना साकार होगी और हम विश्व गुरु के रूप में अपने खोये हुए वजूद को पुनः हासिल करेंगे।

इंटरनेशनल योगा ट्रेनर कमलजीत कौर ने मेडिटेशन यानि ध्यान मुद्रा के माध्यम से मानसिक शांति और नकारात्मकता से दूर रहने के गुर सिखाये उन्होंने बताया कि मेडिटेशन व्यक्ति को आंतरिक रुप से उत्साहित और प्रसन्न रखने में सहायक है। साथ ही साथ यह आपकी ऊर्जा शक्ति और आत्म शक्ति को भी मजबूत करता है। योग शिविर में वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. कैलाश चंद्र सारस्वत, डॉ. राम नरेश शर्मा, गुड्डू शर्मा, संजय जैन, भगवान दास, नीलम शर्मा, सीमा अग्रवाल, महेश चंद्र अग्रवाल, संजय शर्मा, नीलम अग्रवाल, सोनिया शर्मा आदि विशेष रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में व्यवस्थाएं इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन संस्कृति के महासचिव अजय शर्मा, कन्वीनर ब्रजेश शर्मा, अविनाश वर्मा, मनिंदर सिंह मोखा, नवल बाबा आदि ने संभाली।

# इंस्टाग्राम से हुआ प्यार, प्रेमी प्रेमिका ने एक साथ खाया जहर, प्रेमी की मौत

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**

जनपद के अम्बेडकर उद्यान में प्रेमी प्रेमिका ने जहर खा लिया। सूचना पर पुलिस ने प्रेमी प्रेमिका को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर प्रेमी की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं प्रेमिका की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के लारपुर के बक्सपुर निवासी सूरज वर्मा 35 वर्ष दिल्ली में चाय की दुकान चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। दिल्ली से 28 मई को अपने घर आया था। इंस्टाग्राम के जरिए सूरज वर्मा का अयोध्या के पूरा बाजार बरौली की एक युवती से करीब एक वर्ष पहले जान पहचान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत होने पर प्रेम हो गया। दोनों एक साथ जीने मरने की कसमें खाने लगे। प्रेमी दो दिन पहले पत्नी सरिता देवी को दिल्ली भेज कर प्रेमिका से मिलने पहुंच गया। गुरुवार को प्रेमी प्रेमिका ने अकबरपुर के राजकीय अम्बेडकर उद्यान में एक साथ जहर खा लिया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान प्रेमी सूरज वर्मा की मौत हो गई। जबकि प्रेमिका की स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों के साथ स्वजन जिला अस्पताल पहुंच गए। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता सहारा था। जबकि प्रेमिका की स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों के साथ स्वजन जिला अस्पताल पहुंच गए। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता सहारा था।

वही परिवार का पालन पोषण के लिए घर में कमाने वाला एकमात्र सहारा था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के घर सांत्वना देने के लिए ग्रामीणों का तांता लगा है। दो बेटियां परी 10 वर्ष, व मिट्ठू 7 वर्ष है।

# निर्माण गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर अधिशासी अधिकारी को जिलाधिकारी ने लगाई फटकार



**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**

जल निगम द्वारा ग्रामीण पेयजल योजना के तहत बनाए गए बाउंड्री वाल की गुणवत्ता में पाई गई कमी, नमूना जांच हेतु भेजा गया।

जनपद के जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा तहसील जलालपुर अन्तर्गत विकास खण्ड भियांव के ग्राम पंचायत माधवपुर में जल जीवन मिशन द्वारा बनाई जा रही माधवपुर व निमटिनी पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा माधवपुर पेयजल योजना में बाउंड्री वॉल में नींव की गहराई कम पाई गई तथा बाउंड्री वॉल की गुणवत्ता भी निम्न कोटि की पाई गई।

माधवपुर में टंकी का बाउंड्रीवॉल गिरने की वजह से जिलाधिकारी ने सीमेंट तथा ईंट जांच हेतु भिजवाया गया। जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम को फटकार लगाते हुए इस बाउंड्री को तोड़कर पुनः बाउंड्री वॉल बनवाए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान निमटिनी पेयजल योजना में गुणवत्ता सही पाई गई।

जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम को कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जलालपुर सुभाष सिंह, अधिशाषी अभियंता जल निगम सूरज वर्मा, विंध्यटेलिलिक्स के साइट इंजीनियर उपस्थिति रहे।

# छेड़खानी में बदला अंतरंग संबंध का मामला, आरोपी समेत 2 गिरफ्तार, दबाव के बाद पुलिस ने बढ़ाई धारायें, आरोपी की पत्नी पहुंची है कोर्ट

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

अंतरंग संबंध का एक मामला बिगड़ने पर छेड़खानी तक पहुंच गया। पुलिस ने पहले मारपीट का मामला दर्ज किया। हिंदू संगठन का दबाव बना तो पुलिस ने छेड़खानी, जानलेवा हमले आदि की धाराएं बढ़ाकर आरोपी व उसके साथ एक अन्य को गिरफ्तार किया। वही इस मामले में आरोपी युवक की पत्नी पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर कोर्ट पहुंच गई है।

यह पूरा मामला कोतवाली नगर के एक मोहल्ले से जुड़ा है। कोतवाली नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली युवती प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है। जिसका खैराबाद मोहल्ले के शादी शुदा युवक मोहसिन से प्रेम प्रसंग था। कई एक फोटो, वीडियो व चैटिंग इसके प्रमाण हैं। हाल के दिनों में दोनों के रिश्तों में खटास आ गई। जिसके बाद शिक्षिका के पिता ने युवक पर बेटी के साथ छेड़खानी का आरोप लगाया। पिता ने नगर कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर पुलिस ने पांच दिन पूर्व ही मुकदमा दर्ज कर लिया। बस इसके बाद प्रकरण को धार्मिक रूप दिया जाने लगा। पुलिस पर जहां तहरीर परिवर्तन कराने का आरोप लगा वही पीड़ित पिता और बेटी के पलायन का भी मुद्दा उठा।

दो दिन पूर्व भी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी अधिकारियों से मिले और आज बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। एसपी सोमेन वर्मा को ज्ञापन दिया और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग उठाई गई।

उधर इसी मामले में नया मोड़ तब आया जब आरोपी की पत्नी ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाया। पुलिस से मदद नहीं मिली तो साहिबा बानो पत्नी मोहसिन अली ने अधिवक्ता अयूब उल्ला के माध्यम से सीजेएम न्यायालय में अर्जी दिया। जिसमें उसने युवती, उसके माता-पिता बहन भाई को आरोपी बनाया है। कहा है कि उनके पति ज्वेलरी की दुकान करते है।

आरोपीगण वहां आते जाते हैं और उनके पति को बहला फुसला कर अपने वश में कर लिया और पसंद करने के बहाने काफी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात उठा लें गए। आरोप ये भी है कि शिक्षिका व उसकी मां उनके पति को फोन कर अपने घर भी ले जाती थी और बंधक बना कर रखती थी।



वे लोग उनके पति को साथ रहने का दबाव बनाती है और विरोध करने पर प्रार्थनी को अपने मोबाइल से जान से मारने की धमकी देती है।

जब उनके पति ने अपने कीमती जेवरात मांगे तो उन लोगों ने वापस करने की बजाय फर्जी मुकदमे में फंसा देने की धमकी भी दी। 3 जून को आरोपितों ने उनके पति डब्लू को अपने घर के पास बुलाया और मारते पीटते ले गए। जान से मारने की कोशिश करने लगें तो किसी तरह छुड़ाकर भाग निकले। तो उन लोगों ने कोई कार्रवाई करने पर परिवार सहित खत्म कर देने की धमकी दी। इस प्रकरण में गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने मुख्य आरोपी शेख मोहसिन उर्फ डब्लू (24) पुत्र शेख अली व शेख अब्दुल कादिर उर्फ बबी (51) पुत्र शेख मो कासिम निवासी चिकमण्डी के पीछे खैराबाद थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेजा गया है।

## पीटीएस के हेड कॉन्स्टेबल की मौत का मामला

# पिता की तहरीर पर केस दर्ज, पार्थिव शरीर को कंधा देकर साथियों ने दी श्रद्धांजलि, जेल भेजा जाएगा ड्राइवर

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

पीटीएस के हेड कॉन्स्टेबल की सड़क दुर्घटना में मौत के मामले में पिता की तहरीर पर ट्रक चालक पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार करते हुए ट्रक को कब्जे में ले लिया है। वही हेड कॉन्स्टेबल के पार्थिक शरीर को कंधा देकर पीटीएस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि दी है। शव को उनके पैतृक गांव भेजा गया है।



दरअसल कोतवाली नगर थाना क्षेत्र स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर अमहट में तैनात हेड कॉन्स्टेबल सुजीत कुमार झा (52) चंदौली जिले के बबुरी थाना अंतर्गत भटवली गांव के मूल निवासी थे। वे 16 नवंबर 2023 को पीटीएस में तैनात हुए थे। बुधवार सुबह वे कुछ घरेलू सामान लेने के लिए जैसे ही सेंटर से निकले हाईवे पर पहुंचे, एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।

बड़ी संख्या में पीटीएस स्टाफ ने वहां पहुंचकर उन्हें मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

इस मामले में मृतक के पिता नरेंद्र कुमार झा की तहरीर पर बंधुआकला थाने में ट्रक चालक अतीक पुत्र रफीक निवासी टकियागढ़ी नहैदतोर बिजनौर के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। उसे आज जेल भेजा जाएगा। उधर पीएम के बाद पैतृक गांव शव जाने से पूर्व एडीजी अजय आनंद, डीवाईएसपी लल्लन यादव, डीवाईएसपी अनिल मिश्रा, डीवाईएसपी नगर सुलतानपुर शिवम मिश्रा एवं प्रभारी थाना बंधुआकला अनिरुद्ध कुमार सिंह व चौकी प्रभारी अमहट जगदीश सिंह सहित पीटीएस के अधिकारी व कर्मचारियों ने मृतक के पार्थिक शरीर को कंधा देकर श्रद्धांजलि देते हुये परिजनो को सांत्वना दी।

## पंचायत सचिव की अग्रिम जमानत निरस्त

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** गांव के विकास के लिए आई धनराशि को खर्च करने में मनमानी व अनियमितता के आरोपी ग्राम पंचायत सचिव की अग्रिम जमानत जिला जज जय प्रकाश पांडे ने गुरुवार को निरस्त कर दिया है। प्रकरण कूरेभार के बनमई गांव का है।अनियमितता की जांच में ग्राम प्रधान भी शामिल हैं। दोनों के वित्तीय अधिकार सीज कर निलंबित किया जा चुका है।

अभियोजन के अनुसार ग्राम सभा की प्रधान बबिता वर्मा, सचिव गौतम पटेल एवंम अन्य पर गांव के रवि सिंह ने विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता, पदीय दायित्व एवं कर्तव्य का सुचारू रूप से निर्वहन नहीं करने, शासकीय धनराशि का दुरुपयोग, शासनादेश का उल्लंघन, योजनाओं को प्रभावित करने तथा उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवमानना का आरोप लगाया था। जिसकी जांच उप कृषि निदेशक सुलतानपुर को सौंपी गई थी।

## आप सांसद संजय सिंह के विरुद्ध जमानती वारंट

# एमपी/एमएलए कोर्ट ने न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर दिए निर्देश, 29 को होगी सुनवाई

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

आप सांसद संजय सिंह को लेकर एमपी/एमएलए की स्पेशल कोर्ट सख्त हो गई है। वर्ष 2021 में महामारी अधिनियम के उल्लंघन मामले में वारंट के बाद भी कोर्ट नहीं पहुंचने पर एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने सांसद के विरुद्ध जमानतीय वारंट के आदेश दिए हैं। मामला जिले के बंधुआकला थाने का है।



विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया कि 13 अप्रैल 2021 को थानाध्यक्ष प्रवीन कुमार सिंह ने एफआईआर लिखाई थी। आरोप लगाया कि दिन साढ़े तीन बजे हसनपुर गांव में सांसद संजय सिंह अपनी पार्टी की जिपं सदस्य सलमा बेगम के पक्ष में सभा कर रहे थे। जिसकी अनुमति उनके पास नहीं थी। उनके साथ 50-60 लोग और भी थे। उनके इस कृत्य से महामारी अधिनियम व अन्य कानूनों का उल्लंघन हुआ है। विवेचना के बाद पुलिस ने मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी जगदीश यादव, मकसूद, सुकई, धर्मराज, जीशान, सहबान, सिकंदर, जलील व अजय सभी निवासी हसनपुर को आरोपी बनाकर आरोप पत्र न्यायालय में भेजा।

अन्य आरोपितों ने जमानत करवा ली है। लेकिन सांसद संजय सिंह न्यायलय में उपस्थित नहीं हुए। पूर्व में कई पेशी से गायब रहने के बाद वे आज भी हाजिर नहीं हुए तो कोर्ट ने उनके विरुद्ध जमानतीय वारंट जारी कर दिया है। अगली पेशी 29 जून को है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्याः– | विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/180/2024–25 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप आलमबाग लखनऊ में सामान्य विद्युत वायरिंग, बस ट्रंकिंग एवं उक्त से सम्बंधित अन्य विद्युत कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रू० 1,27,98,469.77 |
| ग | धरोहर राशि | रू० 2,14,000/– |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ड. | कार्य समापन अवधि | 24 माह |

अन्य सूचना

| | | |
|---|---|---|
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवम समय | 13.07.2024 को अपरान्ह 13:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 13.07.2024 को अपरान्ह 13:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफ़र पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरांन्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

निविदा संख्याः– विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/180/2024–25 दिनांक–20.06.2024

1863/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## युवाओं को नशा ना करने के लिए दिलायी गयी शपथ



**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**

जनपद के अकबरपुर तहसील अंतर्गत बी.एन.के.बी.पी.जी. कॉलेज, में नशा विरोधी पखवाड़ा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शुचिता पांडेय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नशा के दुष्प्रभाव के बारे में बताया और नशा न करने के बारे में लोगों को जागरूक किया। नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दें। नशे पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं।

दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं है, नशा भी छोड़ा जा सकता है, इसके लिए दृढ़ संकल्प लेना जरुरी है। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि बृजेश कुमार आबकारी निरीक्षक आलापुर द्वारा छात्र-छात्राओं को नशे से मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई और आबकारी निरीक्षक अकबरपुर प्रदीप मिश्र द्वारा महाविद्यालय प्रांगण का निरीक्षण कर उसे नो स्मोकिंग जोन घोषित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी नशा मुक्त रहने की शपथ ली।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर अर्टिगा कार ट्रक में जाकर पीछे से घुसी, चालक समेत 6 घायल

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अर्टिगा कार ने आगे जा रही ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया। कार चालक समेत छह लोगों को चोटे आई हैं। सभी को कूरेभार सीएचसी लाया गया। जहां से हालत गंभीर देख डॉक्टर ने सभी को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। यूपीडा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गुरुवार को अर्टिगा कार यूपी 76 डब्लू 1711 लखनऊ से आजमगढ़ की ओर जा रही थी। अर्टिगा को चालक मो. सागिल पुत्र मो. शकील निवासी पूरा दुल्हन मुबारकपुर थाना मुबारकपुर चला रहा था। कार पर मो. अशरफ पुत्र अनवर व मो. खालिद पुत्र शकील अहमद, ओवैद अब्दुल्ला पुत्र मो. खालिद, अमुद अब्दुल्ला पुत्र रियाजुलहक, माज अब्दुल्ला पुत्र रियाजुलहक निवासी गण मुबारकपुर बैठे थे। चालक अर्टिगा लेकर जब किमी 115 पर पहुंचा तो आगे आगे चल रही ट्रक में उसने पीछे से टक्कर मार दिया। बताया जा रहा है कि चालक या तो नीद में था या गाड़ी अनियंत्रित थी। टक्कर होते ही गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। सभी लोगो को चोटे आयी थी। जिन्हें ईगल एम्बुलेंस से सीएचसी कूरेभार भेजा गया। जहां से घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। अर्टिगा को हलियापुर टोल खडा कराया गया।



# रात में खेत से वापस लौट रहे किसान की बाघ हमले में मौत

* आठ घंटे खोजबीन के बाद गन्ने के खेत में मिला अधखाया शव
* धान की रोपाई के लिए बेटे के साथ खेत पर पानी भरने गया था किसान

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



धान की रोपाई के लिए देर रात बेटे के साथ खेत मे पानी भरते समय अचानक आंधी और बारिश आने के कारण पंपिंग सेट बंद कर कर वापस लौट रहे किसान पर बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। रात भर चली खोजबीन के बाद सुबह गन्ने के खेत में अधखाया शव बरामद हुआ। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम से ग्रामीणों की तीखी नोंकझोंक हुई। वार्ता के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों में बाघ हमले में किसानों की मौत की घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रहा है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा निवासी पूरनलाल (55) बुधवार रात्रि अपने पुत्र रामकृष्ण के साथ धान की रोपाई के लिए खेत में पानी भरने गए हुए थे। रात्रि लगभग दस बजे बजे तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। पिता पुत्र पंपिंग सेट को बंद घर वापस लौट रहे थे। रात के अंधेरे में पीछे से आया बाघ किसान पर हमला कर खींच ले गया। आगे चल रहे पुत्र ने कुछ देर बाद पीछे देखा तो पिता गायब थे। घटना की सूचना परिजनों को दी।कुछ ही देर में स्वजनों के साथ दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। रात्रि में ही सूचना वन विभाग को दी गई। ग्रामीण ने वन विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से आस-पड़ोस के खेतों में खोजबीन शुरू की। रात भर चली खोजबीन के बाद सुबह लगभग छह बजे पड़ोस के ही गन्ने के खेत में किसान का अधखाया शव बरामद हुआ। शव मिलने से स्वजनों में चीत्कार मच गया। घटना की जानकारी पर सामाजिक वानिकी एसडीओ अंजनी कुमार श्रीवास्तव, माला वन क्षेत्राधिकार रोबिन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकार आलोक सिंह, थाना प्रभारी अचल कुमार मौके पर पहुंच गए। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप गया। पुलिस शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया।इस पर स्वजनों ने विरोध कर शव ले जाने से मना कर दिया। स्वजनों का कहना था कि ताबड़तोड़ घटनाएं हो रही है। वन विभाग कोई भी रोकथाम नहीं कर पा रहा है। उस ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा शुरू कर दिया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए घुंघचाई से भी अतिरिक्त पुलिस फोर्स बुला लिया गया। वार्ता के बाद दस लाख रुपए मुआवजा और वन विभाग में संविदा के पद पर नौकरी के आश्वासन पर स्वजन मान गए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

> “बाघ हमले में ग्रामीण की मृत्यु हुई है। वन विभाग की ओर से परिजनों को मुआवजा दिलाया जाएगा। प्रशासन की ओर से भी हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है। जंगल के किनारे दस कि.मी में जाल फेंसिंग करा दी गई है।आगे अगर बजट मिलता है तो अन्य हिस्सों में भी जाल फेंसिंग का कार्य कराया जाएगा। ग्रामीणों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **रोबिन कुमार, वन क्षेत्राधिकारी माला।**

# केन्द्र ने जनपद में लू चलने की चेतावनी जारी की, दिए दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत मौसम विज्ञान विभाग मौसम केन्द्र ने जनपद में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम सम्बन्धी पूर्वानुमान को देखते हुये जनसाधारण को जागरूकता एवं बचाव के तरीके बताए है कि लू प्रकोप एवं गर्म हवा से जनहानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानियॉं बरतें की आवश्यकता है। हीटवेव लू(हीट स्ट्रोक)गर्म हवाओं से बचाव हेतु अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ऋतु पूनिया द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। गर्म हवाएंह ीटवेव लू की स्थिति में क्या करें और क्या न करें- सभी के लिए चाहिए धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़े, खाना बनाते समय कमरें के खिड़की एवं दरवाजे खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे, पर्याप्त पानी पियें-भले ही प्यास न लगे, खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओ0आर0एस0 (ओरल रिहाइडेऊशन सॉल्यूशन), लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू का पानी, छाछ आदि जैसे घरेलू पेय का इस्तेमाल करें। हल्के वजन, हल्के रंग के, ढीले, सूती कपड़े पहनें। अपना सिर ढके, पकड़े, टोपी या छतरी का उपयोग करें, धूप में चश्में, छाता, टोपी व चप्पलक का प्रयोग करें। यात्रा करते समय पीने का पानी साथ ले जाये। यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते है तो तत्काल चिकित्सकीय सलाह लें।

नियोक्ता और श्रमिक- कार्य स्थल के पास ठंडा पेयजल उपलब्ध कराएं, कार्यकर्ताओं को सीधे धूप से बचने को कहे। अति पारिश्रमिक वाले कार्यों को दिन के ठंडे समय में निर्धारित करें। बाहरी गतिविधियों के लिए ब्रेक की आवृत्ति में वृद्धि करें। गर्भवती श्रमिकों और श्रमिकों जिन्हे चिकित्सा देखभाल की अचानक जरूरत हो सकते हो उनका अतिरिक्त ध्यान दिया जाना चाहिए। वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों के लिये- तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो। यदि वे गर्मी से बैचेनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें। उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें। उन्हें अपने पास हमेश पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

शिशुओं के लिये- उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। शिशुओं में गर्मी की वजह से होने वाली बीमारियों का पता लगाना सीखें। यदि बच्चों के पेशाब का रंग गहरा है तो इसका मतलब कि वह डिहाईडेऊशन (पानी की कमी) का शिकार हैं। बच्चों को बिना देखरेख खड़ी गाड़ी में छोड़ कर न जाए, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते हैं।

पशुओ के लिए- जहां तक सम्भव हो, तेज गर्मी के दौरान उन्हें घर के भीतर रखें। यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना सम्भव न हो तो उन्हे किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हे रखा गया हो वहां दिनभर छाया रहे। जानवरों को किसी बंद में न रखे, क्योकि गर्म मौसम में इन्हे जल्दी गर्मी लगने लगती है। ध्यान रखें कि आपके जानवार पूरी तरह साफ हों, उन्हें ताजा पीने का पानी दें, पानी को धूप में न रखें। दिन के समय उनके पानी में बर्फ के टुकडे डालें। पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें। अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें। किसी भी स्थिति में जानवर को वाहन में न छोड़े। निचली मंजिलों पर रहने का प्रयास करें। पंखे का प्रयोग करें, कपड़ो को नम करें और ठंडे पानी में स्नान करें। क्या न करें- धूप में, खडे वाहने में बच्चे एवं पालतू जानवरों को न छोडे। खिड़की की रिफलेक्टर जैसे एल्युमुनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी का अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिडकियों दरवाजे पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएँ आती है काले कपडे/ पर्दे लगाकर रखना चाहिए। जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सूनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सर्तक रहें। आपात स्थिति में निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। जहॉं तक सम्भव हो घर पर ही रहे, सूर्य के सम्पर्क से बचें। सूर्य की तापमान से बचने के लिए जहॉं तक सम्भव हो घर की निचली मंजिल में ही रहें, सबसे उपरी मंजिल में कदापि न रहे, ताप के प्रभाव से लू का शिकार होने की सम्भावना प्रायः बनी रहती है। संतुलित हल्का व नियमित भोजन करें। गहरे रंग के भारी एवं तंग वस्त्र पहनने से बचें। खाना बनाते समय कमरे के खिडकी दरवाजे खुले रखे, जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थ, शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। व्यक्ति जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है, शिशुछ्र टे बच्चे, गर्भवती या स्तनपान करवाने वाली महिलाऐ, व्यक्ति जनका वजन ज्यादा है या जो स्थूलकाय है, व्यक्ति जो अधिक चल फिर नहीं सकते, जिनका कही घर नही है, जो गर्म वातावरण में काम करते है, व्यक्ति जो गर्मी में जोशपूर्ण रूप से व्यायाम करते है। जिन्हे लम्बी/पुरानी बीमारियां है जैसे कि दिल की बीमारी, उच्च रक्तचाप, डाईबिटीज या गुर्दे की बीमारी, मानसिक बीमारी, डिमेन्शिया या अन्य व्यक्ति जो शराब या मादक द्रव्यों का सेवन करते है लो जिन्हे घातम बीमारी है, जैसे कोई संक्रमण रोग जिसमें बुखार या आतो में सूजन की बीमार आदि को गर्मी के मौसम में अपना ध्यान रखना चाहिए अन्यथा गर्मी के कारण उनको गम्भीर स्वस्थ समस्या हो सकती है। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच गर्मी से बचे, ठंडे स्थान पर रहे तरल पदार्थ का सेवन करें, ढीले ढाले सूती व हल्के रंग के कपडे पहने। अपने सिर पर टोपी, छाता व कपड़ा आदि को उपयोग करें।

ओआरएस घोल व अन्य घरेलू पेय पदार्थो का सेवन करें। रेडियों सुनिए, टीवी देखिए, स्थानीय समाचार के लिए समाचार पत्र पढ़े।

## किसान कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने अधिशाशी अभियंता को सौपा शिकायती पत्र

* तत्काल हो रही अघोषित बिजली कटौती को बंद किये जाने की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

इस समय भीषण गर्मी में बिजली विभाग द्वारा बिजली कटौती की जा रही है। जिसको देखते हुए किसान कल्याण महा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने अधिशाशी अभियंता को शिकायती पत्र देकर बिजली कटौती बंद करवाये जाने की मांग की।

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटा, शहर में 20 घंटा बिजली देने की घोषणां की थी लेकिन बिजली विभाग द्वारा देहात क्षेत्र में मात्र 6-7 घंटे बिजली दी जा रही है जिससे पड़ रही भीषण गर्मी में लोगों का जीना दुभर हो गया है। किसान कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हरिओम सिंह चौहान ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिशाशी अभियंता को शिकायती पत्र देकर तत्काल कटोती बंद कराये जाने की मांग की है। पत्र देने वालों में एडवोकेट संतोष वर्मा, कमल, नरेश चन्द्र, सचिन वर्मा, नीलम गंगवार, ब्रजेश कुमार, अंकित जायसवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो लाख रुपए दहेज को लेकर विवाहिता को मार-पीट कर घर से निकाला

* पति, सास, ससुर सहित पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

बीसलपुर





दहेज में दो लाख रुपए नकदी की मांग को लेकर दहेज लोभियों ने विवाहिता को अबोध बच्ची के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस बीच पति ने बिना तलाक के दूसरी महिला के साथ रहने लगा। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति, सास, ससुर, ननद, ननदोई सहित पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव मिघौना निवासी अनीता देवी पत्नी महीपाल सिंह पुत्री बेचेलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी शादी सात साल पहले हिंदू रीति-रिवाज के साथ जनपद बरेली के थाना क्योलड़िया के गांव धिमरी निवासी रामकिशोर के पुत्र महीपाल के साथ हुई थी। जिसमें उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। जिसमें चार लाख रुपए का खर्चा हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद उसके सास-ससुर व ननद ननदोई उसे तंग करने लगे। इस बीच विवाहिता ने एक बेटी को जन्म दिया। उसके बाद ससुराल वाले दहेज में दो लाख रुपए, दुकान खुलवाने के लिए लाने का दबाव बनाकर पति से पिटवाने लगे और ननद, ननदोई, सास, ससुर के साथ मिलकर ताने मारने लगे और विवाहिता का पति महीपाल काम करने रामपुर चला गया। वहां उसने एक तलाकशुदा महिला रजनी से अपने संबंध बना लिए। जानकारी मिलते ही विवाहिता रामपुर पहुंची। वहां पर पति ने गाली गलौज, मारपीट करते हुए दो लाख रुपए की मांग की। विवाहिता इस समय गर्भवती है। विवाहिता का भाई शिवम् उसे अपने घर बुला लाया। महिला ने परिवार परामर्श केंद्र में प्रार्थना पत्र दिया। जहां पर उसके सास-ससुर आए और उन्होंने महिला और बच्ची को अपने साथ रखने से मना कर दिया। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति महीपाल सिंह, ससुर रामकिशोर, सास गुड्डी देवी, निवासी गांव धिमरी थाना क्योलड़िया बरेली ननद नन्ही देवी, ननदोई रविन्द्र निवासी ग्राम घुरी पट्टी थाना दियोरिया कला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।


प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### तालाब की जमीन पर खुलेआम हो रहा अतिक्रमण, प्रशासन मौन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे पर सरकार कितना भी ढिढोरा पीटे परंतु हकीकत कुछ और ही है, सरकार का दावा हवा हवाई साबित होता है, प्रशासनिक अमला अवैध काम होता देखते हुए भी गूंगा और बहरा बना रहता है, ऐसा ही कुछ देखने को मिल रहा है बदलापुर तहसील क्षेत्र के पूरारजवार गॉव मे जहां तालाब की जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है, सूचना होने के बाद भी तहसील प्रशासन मौन है। जानकारी के अनुसार उक्त गॉव की आ0सं0 335 व 336 राजस्व अभिलेख मे तालाब (गड़हा) के रूप मे दर्ज है जिस पर दबंगो द्वारा कब्जा कर लिया गया है कुछ वर्ष पूर्व एक व्यक्ति के ऊपर मुकदमा भी दर्ज किया गया था, शेष बचे हुए भाग पर दबंगो द्वारा पुनः निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसे लेकर अगल-बगल के काश्तकारों और भूमाफिया के बीच नोक झोंक भी हुई तथा मौके पर डायल 112 की टीम को बुलाया गया तो टीम के लोग दोनो पक्षों को शांत कराकर राजस्व का मामला होने का हवाला देकर चले गये। हल्का लेखपाल श्रद्धा तिवारी को भी अवैध कब्जे की सूचना दे दी गयी।

## चार पहिया वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, कोहराम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सरायख्वाजा थाना क्षेत्र हड़ही गांव के निवासी ब्रह्मदेव सिंह बुधवार शाम मोटरसाइकिल से इटौरी बाजार में खरीदारी करने गया हुआ था।शाम करीब सात बजे जब वह घर के लिए निकला, इसी दौरान जब वह धौरईल गांव के समीप बनी राइस मिल के पास पहुंचा तभी इटौरी के तरफ से आ रही तेज गति से बोलेरो ने ब्रह्मदेव को कुचलते हुए भरेठी की तरफ निकल गई थोड़ी देर बाद सड़क से होकर गुजर रहे राहगीरों की नजर ब्रह्मदेव पर पड़ी तो लोग चौंक गए लोगों ने आनन-फानन में डायल 112 पर सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर एंबुलेंस बुलाई और घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया उधर सूचना लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया आनन-फानन में ब्रह्मदेव के परिजन भी जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए इलाज के लिए ब्रह्मदेव को वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि जब ट्रामा सेंटर के लिए लेकर जा रहे थे इसी दौरान बीच रास्ते में ब्रह्मदेव की मौत हो गई। थाना अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मृतक के पुत्र मनोज सिंह द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की तहकीकात की जा रही है।

## घर के पास शौच करने की शिकायत पर तीन का चालान

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

शहर कोतवाली के पास रहने वाली महिला ने कुछ लोगों पर घर के पास शौच करने का आरोप लगाया। पुलिस ने आस-पास के तीन दुकानदारों को पकड़कर उनका शांति भंग में चालान कर दिया। दुकानदारों का आरोप है कि महिला ने उनकी शिकायत नहीं की, इसके बावजूद चालान कर दिया गया। शहर कोतवाली के पास रहने वाली पुष्पा देवी ने पुलिस से शिकायत की कुछ लोग उसके घर के पास शौच कर रहे हैं। शिकायत पर पुलिस आस-पास के तीन दुकानदारों रजत कुमार, अमित कुमार, अजय कुमार को पकड़कर थाने ले गई। दुकानदारों ने बताया कि उन्होंने शौच नहीं की। पुलिस ने आरोप लगाने वाली महिला को बुलाया। महिला ने भी थाने में पहुंचे दुकानदारों द्वारा शौच नहीं किए जाने की बात कही। दुकानदारों का कहना था कि इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की जाएगी।

## वार्ड की समस्या के देखते हुए युवा समाजसेवी ने सौंपा ज्ञापन

* शाहगंज नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर एक के विकास कि मांग
* अधिशासी अधिकारी ने तत्काल नाली का सफाई के कार्य को चालू करने का दिया आदेश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



नगर पालिका परिषद शाहगंज अंतर्गत वार्ड नंबर एक अंबेडकर नगर भादी में कई समस्याओं को लेकर आज युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा एडवोकेट पुत्र सभासद छेदीलाल वर्मा ने अधिशासी अधिकारी शाहगंज, चेयरमैन प्रतिनिधि बंटी सिंह व जेई से मिलकर वार्ड की समस्याओं को अवगत कराया कई दिनों से सभासद छेदीलाल वर्मा ने मांग किया कि वार्ड के अंतर्गत समस्त नाली भट जाने से नागरिकों के घरों में पानी एकत्रित होने की खतरा है और कई जगह के नाली का चेंबर के पटिया टूट जाने से अप्रिय घटना होने की संभावना बना रहता है तथा अवगत कराए कि वार्ड में दोनों स्थानों के शौचालय में दरवाजा टूट जाने से और दो शौचालय खराब होने से नागरिकों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसलिए दो शौचालय का मरम्मत व समस्त टूटा हुआ दरवाजा का निर्माण जल्द से जल्दकराया जाए लेकिन अधिकारियों द्वारा आज कल करने से नागरिकों में आक्रोश बना हुआ था आज युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा ने समस्त अधिकारियों से मुलाकात कर समस्त मांग को एक सप्ताह में पूर्ण करने का प्रार्थना पत्र सौंपा और कहें कि अगर बरसात के पहले तक उपरोक्त मांग पूरा नहीं होता है तो हम धरना देने के लिए विवश होंगे इस प्रार्थना पत्र अधिशासी अधिकारी ने तत्काल सफाई करने के लिए कर्मचारियों सहित अधिकारी को मौके पर भेजें तब जाकर नाली के सफाई कार्य आज चालू कराया गया।

## प्रशांत का आईआईटी पटना में हुआ चयन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मल्हनी गांव निवासी होनहार छात्र प्रशांत कुमार यादव का आईआईटी पटना में चयन हुआ है। जिससे लोगों ने परिजनों को मिलकर बधाई दी। इसके पूर्व मे भी कई परीक्षाओं में सफलता मिल चुकी है।

बता दें कि मल्हनी गांव निवासी सहायक अध्यापक रामसहाय यादव का पुत्र प्रशांत कुमार यादव का आईआईटी पटना बिहार में चयन हुआ। यह जानकारी मिलते ही परिजनों में काफी खुशी का माहौल बन गया। बता दें कि इसके पहले प्रशांत कुमार यादव ने गेट की भी परीक्षा पास कर चुके हैं। बिहार की आईआईटी एमटेक की परीक्षा में शामिल हुए। इसमें सफलता मिली। इस सफलता से आसपास के लोगों ने परिजनों और प्रशांत को मिलकर बधाई दी। माता तारा देवी ने कहा की प्रशांत का लक्ष्य बनाकर पढाई किया उसे सफलता मिली है। प्रशांत कुमार यादव ने कहा कि एक लगातार मेहनत करने से किसी भी क्षेत्र में सफलता पाई जा सकती है बस लक्ष्य को निर्धारित करें और प्रतिदिन चार से पांच घंटे पढ़ाई करें। निश्चित ही सफलता मिलेगी।

## अनियंत्रित कार ने तीन बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की मृत्यु, पांच घायल

* गंभीर घायल दो युवक सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



पूरनपुर वायां मैगलगंज नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित हुई कार ने एक के बाद एक तीन बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में अलग-अलग बाइकों पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।गंभीर हालत में तीन युवकों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।दो घायलों को उपचार के लिए बंडा ले जाया गया।घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बंडा हाईवे पर पूरनपुर की ओर से जा रही तेज रफ्तार कार ने तीन बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवारों में घुंघचाई निवासी अमित पुत्र अरविंद, सुमित (16) पुत्र रामनाथ गुरुवार बैंक पासबुक में इंट्री कराने पूरनपुर आ रहे थे। हादसे में अमित का हाथ धड़ से अलग हो गया।सुमित भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पूरनपुर से बाइक से शाहजहांपुर जा रहे सुभाष वर्मा,मोहित कुमार को भी अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। दोनों घायलों को परिचित उपचार के लिए कार से शाहजहांपुर ले गए। शाहजहांपुर की होण्डा कलोनी निवासी सत्यम शर्मा एमआर हैं।गुरुवार बाइक से घर वापस जा रहे थे।कार सवार ने उनकी में टक्कर मार दी।आनन फानन में अमित, सुमित,सत्यम को उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अमित और सुमित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।सत्यम के परिजन सीएचसी से उपचार के लिए बरेली के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। चालक कार को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिला के प्रेम में पागल हुए प्रधान

* नशे में धुत्त होकर पहुंचे दूसरे गांव मिलने, बाइक छोड़कर भागे
* महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर





राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सीआरपी में कार्यरत एक महिला से एक मनचले ने पकड़ कर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट की। शोरगुल सुनकर पड़ोसी लोगों ने आकर ललकारा तभी आरोपी अपनी बाइक छोड़कर भाग गया। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सीआरपी में कार्यरत है। दो साल पहले बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव बबूरा में ग्राम प्रधान रजनीश के यहां समूह बनाने के सिलसिले में गयी थी। उसी दौरान ग्राम प्रधान रजनीश से मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान हुआ और आपस में समूह के बारे में बातचीत चलती रही। दिनांक 18 जून को समय 4 बजे ग्राम प्रधान रजनीश ने फोन किया और पूछा कहां हो तब महिला ने दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव गाजना सिधारपुर ग्राम पंचायत में होना बताया। आरोप है कि रात 11 बजे ग्राम प्रधान शराब के नशे में महिला को ढूंढते हुए गाजना सिधारपुर में समूह सखी राजेश्वरी देवी पत्नी नरेन्द्र कुमार के घर पहुंचा और महिला को पकड़ कर खींचते हुए छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट करने लगा। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी लोगों ने आकर ललकारा तभी आरोपी अपनी बाइक यूपी 26 एसी 3974 छोड़कर भाग गया। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी ग्राम प्रधान रजनीश पुत्र अज्ञात निवासी बबूरा थाना बिलसंडा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में कार्यरत महिला से प्रधान द्वारा छेड़छाड़, मारपीट करने की तहरीर मिली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गेरुआ जंगल में मिला वृद्ध का शव

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

थाना क्षेत्र के गेरुआ जंगल में बुधवार को सुबह 64 वर्षीय वृद्ध का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के तुरकहा गांव के पास गेरुआ जंगल में 64 वर्षीय व्यक्ति के शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। किसी ने पुलिस को फोन कर शव पड़ा होने की सूचना दी। सूचना पर लालगंज थानाध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव व लहंगपुर पुलिस चौकी प्रभारी विजय कुमार राय मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि लगता है वृद्ध रास्ता भटक कर चला आया था।

# बिल्हौर सीएचसी एक्स-रे मशीन वर्षों इंतजार के बाद तैयार, एनओसी आना बाकी, उद्घाटन का इंतजार

**हेमंत कुमार एक्स-रे टेक्निशियन कल्याणपुर से बिल्हौर 19 तारीख को ज्वाइन किया**

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह



बिल्हौर तहसील के समीप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन वर्षों बाद जनता के लिए फिटिंग होकर तैयार हो गई है 19 तारीख को एक्स-रे टेक्निशियन हेमंत कुमार कल्याणपुर से तबादला होकर बिल्हौर में ज्वाइन कर लिया है उन्होंने गुरुवार को संवाददाता से बातचीत में बताया कि फिटिंग का काम पूरा हो गया है हम टेस्ट भी कर चुके हैं वहीं पर उसका मैन्युअल बैठकर देख रहे हैं। किस-किस तरह से क्या-क्या चीजों में पोर्टेबल सिस्टम में दिक्कत है और सावधानी बरतनी पड़ेगी वहीं पर जगह-जगह गंदगी लगी होने पर उन्होंने बताया कि आज मैंने देखा है जल्द इसको भी दुरुस्त कराऊंगा और उद्घाटन के इंतजार में है जब कोई उद्घाटन करेगे तो विधि विधान पूजन के साथ चालू कराया जाएगा। सीएससी अधीक्षक डॉक्टर दिलीप कटियार ने बताया कि अभी कंपनी के इंजीनियर को बुलाकर पोर्टेबल सिस्टम टेक्नीशियन को समझने के बाद ही पूरी तरह से एक्स-रे टेक्निशियन को काम करते वक्त समस्या या कोई दिक्कत ना हो इसलिए उनको ट्रेनिंग करना जरूरी है वहीं पर अभी तक एनओसी प्राप्त नहीं हुई है एन ओ सी आते ही उद्घाटन का समय ले लिया जाएगा और जनता के लिए चालू कर दिया जाएगा।

# बिल्हौर के गौरी गांव में चूल्हे से निकली चिंगारी से झोपड़ी सहित गृहस्थी जलकर राख

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के गौरी गांव में गरीब के घर में खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई जिससे झोपड़ी में रखें दाल चावल आटा आदि गृहस्थी का सामान जल कर खाक हो गया। बिल्हौर थाना क्षेत्र के गौरी गांव में खाना बनाते वक्त चूल्हे से निकली चिंगारियों के चलते झोपड़ी में आग लग गई । जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया।पीड़ित रमाकांत और उनकी पत्नी रहती थी। पति पत्नी मजदूरी का काम करते हैं अपनी गुजर बसर का सामान रखकर झोपड़ी में रहते थे। मजदूर के झोपड़ी जलने से वो भुखमरी के कगार पा आ गया है। वही मामले में तहसीलदार तिमराज सिंह ने बताया पीड़ित को सरकार से हर संभव मदद की जाएगी।

# औरंगपुर सांभी गांव के खम्भे में लगे अर्थ करंट में पांच चिपके, ग्रामीणों ने छुड़ाया, दो गंभीर कानपुर रिफर

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



सविता अपने घर के बाहर लगे बिजली के खम्भे के पास जानवर बांध रहे थे तभी खम्भे में लगे अर्थ तार में बिजली का करंट उतरने से सांभी गांव



निवासी राकेश सविता बिजली के अर्थ तार में चपक गये तनवी व दो ग्रामीण राकेश सविता को बचाते वक्त बिजली पोल के तार में चपक गये ग्रामीणों ने

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के औरंगपुर सांभी गांव में बिजली के खंभे से लगे स्टे में करंट उतरने से एक-एक करके 5 ग्रामीण चिपक गए ग्रामीणों ने लाठी डंडों से किसी तरह से बिजली के तार से छुड़ाया जहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर में भर्ती कराया वहीं पर दो की हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया है एक का प्राइवेट अस्पताल बिल्हौर मे इलाज चल रहा है और दो को अस्पताल में दवा देने के बाद में घर भेज दिया गया। रात्रि हल्की बारिश से सांभी गांव में राकेश सविता अपने घर के बाहर लगे बिजली के खम्भे के पास जानवर बांध रहे थे तभी खम्भे में लगे अर्थ तार में बिजली का करंट उतरने से सांभी गांव निवासी राकेश सविता बिजली के अर्थ तार में चपक गये तनवी व दो ग्रामीण राकेश सविता को बचाते वक्त बिजली पोल के तार में चपक गये ग्रामीणों ने लथु डंडों से किसी तरह बिजली के खंभे स्टे तार से छुड़ाया आनन-फानन में ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को सूचना दी बिजली चपेट से आएं घायलों को बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची जहां पर दो लोगों को गंम्भीर हालत देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया गया वहीं दो लोगों को मामूली चोटों को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया वहीं ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति खासी नाराजगी है देर शाम तक बिजली विभाग का अधिकारी कोई भी घटना स्थल पर नहीं पहुंचा जिसको लेकर ग्रामीण काफी नाराज है।

# बिल्हौर नगर पालिका क्षेत्र में मोबाइल कंपनी द्वारा जगह-जगह खुदे गड्ढे जनता के लिए बने मुसीबत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर




बिल्हौर नगर पालिका क्षेत्र के जीटी रोड कस्बे की गलियों में मोबाइल टावर की कंपनी लगभग 3.5 फुट के गहने और 2 फुट के चौड़े 5 फिट लम्बे गड्ढे खोद रही है जहां से निकलने वाले रोजमर्रा के ठेलिया वाले ,टेंपो , बैटरी रिक्शा, मोटरसाइकिल सवार फिसल कर चोहटिल हो रहे हैं इस बात को गंभीरता से न लेने पर सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया उन्होंने बताया की सुविधा शुल्क लेकर नगर पालिका प्रशासन मनमाने ढंग से गड्ढे खुदवा रहे हैं जबकि गड्ढे रात में खोदने का नियम है यह दिन में ही गड्ढे खोद रहे हैं और समय से गड्ढे बंद भी नहीं कर रहे हैं। गुरुवार को जीटी रोड फुटपाथ और डामर रोड के बीच में गड्ढे खोदे जा रहे हैं जिसे फोटो में आप देख सकते हैं कि वहीं से ट्रक निकल रहे हैं वहीं से जनता भी निकल रही है वहीं पर रोड के किनारे लगाने वाले रेड़ी ठेला वाले पूरे दिन परेशान रहे आखिरकार नगर पालिका प्रशासन इन दिनों अनुभवी अधिकारियों और नेताओं के पास नहीं है जिसके चलते रोज नई समस्याएं नगर पालिका में खड़ी हो रही है जिससे जनता को परेशानियां उठानी पड़ रही है।

# सुखी नदियां, तड़पते किसान, प्यासे मरते पशु पक्षी कुछ तो देखे सरकार



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

आज सरायमीरा कन्नौज रोड पर स्थित जल निगम कार्यालय में समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुआई में समाजवादी कार्यकर्ताओं ने सूखी ईशन नदी में पानी छोड़ने को लेकर धरना प्रदर्शन करके अवर अभियंता को ज्ञापन सौंपा इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा चुनाव के पहले जब पानी की जरूरत नहीं थी तब वोट पाने के लिए सभी बंबो और नदियों में पानी आ रहा था परंतु जब से उन्हें कन्नौज और इसके आस पास के जिलों में हार मिली है तब से वे गरीब किसानो से बदला लेने की नियत से पानी नदी में नही छोड़ने का आदेश दे दिया है लेकिन सत्ता में बैठे लोग ये जान ले गरीब किसानो और पशु पक्षी पानी के अभाव में जिस तरह तड़प रहे है उसी तरह सत्ता में बैठे लोग भी तड़पेंगे। भारत देश की खुशहाली का रास्ता खेत खलिहान से होकर निकलता है। जब किसान की फसल बर्बाद हो जायेगी तो देश की तरक्की कैसे संभव है। सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधि ये जान ले यदि नदी में पानी नहीं छोड़ा गया तो हम समाजवादी लोग किसानो की लडाई लड़ने के सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जायेंगे। इस मौके पर संजय दुबे, अमित मिश्रा, उदय वीर यादव, सुरेन्द्र कुशवाहा, कुस्माकर यादव, सत्येन्द्र यादव, संजीव मिश्रा दीपू यादव,गुड्डु डिश, अतुल मौर्य गोलू भट्ट, इंतजार अहमद, गौतम कुशवाहा, मनोज कठेरिया, सभासद धर्मवीर पाल, रोहित, रानू सक्सेना, सचिन, सुरजीत यादव, संकल्प द्विवेदी, रानू सक्सेना, अवनीश यादव, अन्नू तिवारी, मकरंद यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## कन्नौज में भी शुरू हुआ लाल-नीली बत्ती उतारो अभियान

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

पुलिस द्वारा वाहनों पर हूटर सायरन नीली लाल बत्ती ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस कन्नौज तथा थाना पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग की गई। पुलिस कलर और उत्तर प्रदेश सरकार लिखे 97 वाहनों के चालान भी काट दिए गए और प्रेशर हॉर्न और 18 हूटर सायरन निकलवा दिए गए। चेतावनी दी गयी कि इनका प्रयोग बंद कर दिया जाए अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान 25 जून तक जारी रहेगा।

# खराब प्रदर्शन करने वाले सीएचओ को अंतिम नोटिस दें सीएमओ : डीएम

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



प्रधानमंत्री ने 2025 तक टीवी मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया हैं द्य टीवी के लक्षण युक्त रोगियों को चिन्हित करने में सीएचओ महती भूमिका निभाए द्य यह निर्देश जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में सीएचओ के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दिए द्य उन्होंने कहा अधिक से अधिक टीवी रोगियों को चिन्हित कर दवाई मुहैया कराई जाये, ताकि जनपद को टीवी मुक्त की श्रेणी में लाया जा सकें द्य कहा कि स्त्री रोग विशेषज्ञयो की सूची महिला सीएचओ को शेयर की जाये द्य महिला सीएचओ स्त्री रोग विशेषज्ञ से सम्पर्क कर महिलाओ के स्वास्थ्य की समस्याओं का समाधान कराएंगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएचओ धीरेन्द्र कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रियंका, मिथलेश को प्रशस्ति पत्र एवं मिल्टन की बोटल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी सीएचओ कार्य को अपने स्वभाव में लाये। आप कार्य करोगे तो आपका कार्य दिखेगा। सीएचओ अपने रोल को समझे और पूरी संवेदनशीलता के साथ नागरिकों की सेवा करें द्य आम नागरिक चिकित्सीय सेवाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए द्य घर-घर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है द्य कहा कि खराब प्रदर्शन करने वाले सीएचओ को अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया जाये, सुधार न आने पर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाए। श्री शुक्ल ने कहा कि वर्तमान में टेलीकनश्लटेशन का प्रतिशत 6.1 है,जिसे बढ़ाकर 9 अथवा 10 तक पहुंचाया जाये द्य कहा कि समस्त सीएचओ की शत प्रतिशत उपस्थिति होना अनिवार्य हैं। जो सीएचओ डेली रिपोर्टिंग नहीं करेंगे उन्हें अनुपस्थित माना जायेगा द्य इसके साथ ही उन्होंने ओपीडी की डेली रिपोर्टिंग करने को कहा। कहा कि सीएचओ अपने कार्य की फीडिंग पोर्टल पर अनिवार्य रूप से करें द्य उन्होनें निर्देश दिये कि जिन हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेटर पर विद्युत की आपूर्ति बाधित है वहाँ पर यथाशीघ्र सुचारू कराई जाये द्य उन्होने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी एंव सीएचओ को ई-संजीवनी पोर्टल पर एक्टिव रहने के निर्देश दिये। कहा कि सीएचओ अपने-अपने हेल्थ सेंटर को और अधिक सुदृढ़ करें, तथा मरीजों के साथ मधुर व्यवहार रखें। उन्होनें समस्त सीएचओ को यह भी निर्देश दिये कि दवाओं को समय से क्रय कर मरीजों को समुचित इलाज मुहैया कराएं । कहा कि लास्टवीक से वर्षा का आगमन होने वाला है संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान पर बल दे। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, सीएचओ आदि उपस्थित रहे।

## गुरुकुल में सांस्कृतिक और किताबी शिक्षा दे रहे आचार्य योगेश

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

तमोरिया बुजुर्ग (नौशाहरा) गांव में बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ सांस्कृतिक और धार्मिक शिक्षा मिले इसके लिए गुरुकुल खोला गया है। यहां छात्रों को सनातन धर्म के तौर तरीके सिखाए जाते हैं और धार्मिक ग्रंथों के साथ ही किताबें भी पढ़ाई जाती हैं। तमोरिया बुजुर्ग गांव निवासी योगेश शुक्ला ने संस्कृति और आधुनिकता का संगम करते हुए गांव में (राष्ट्रोत्थान गुरुकुलम) नाम से गुरुकुल का संचालन किया है। बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के इस गुरुकुल की शुरुआत 11 बालकों से हुई है। छात्र शिखा रखते हैं और पीले वस्त्र पहनकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। सुबह पढ़ाई की शुरुआत वेदमंत्रों से शुरू होती है और किताबी ज्ञान के साथ संपन्न होती है। संचालक योगेश शुक्ला बीएससी केमेस्ट्री और मैथमेटिक्स से पढ़ाई करने के साथ तीन साल यूपीएससी की तैयारी भी की। उन्होंने बताया कि गुरुकुल चलाने की विधा उन्होंने अपने दादा जी से सीखी और गुरुकुल में जाकर ज्ञान भी लिया। अब अपने जिले में इसका संचालन किया है। ताकि इस आधुनिक दौर में युवा पीढ़ी अपने धर्म को पहचाने। यहां किताबी ज्ञान के साथ गुरुकुल का वातावरण इसे अन्य शिक्षण संस्थानों से अलग बनाता है। महर्षि संदीपनी शिक्षा बोर्ड (केंद्र सरकार) से मान्यता लली है। गुरुकुल के छात्र पूरे देश के सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेज में दाखिला लेने में समर्थ होंगे।

## मैनपुरी में किशोरी से दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

मैनपुरी के बेवर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात 15 वर्षीय किशोरी को घर में अकेला पाकर आरोपी ने दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं पीड़िता को धमकी भी दी कि इस बारे में किसी को बताए नहीं। परिवार के लोग घर पहुंचे तो पीड़िता ने आपबीती बताई। पिता ने मामले की थाने में शिकायत की। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल कराने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पीड़िता के पिता ने बताया कि बीती 19 जून को वह अपनी पत्नी समेत अपनी बड़ी बेटी के घर गए हुए थे। घर पर उनकी 15 वर्षीय किशोर बेटी अकेली थी। रात्रि में गांव का ही राम लखन पुत्र सुरेश छतों के रास्ते होकर घर में घुस आया। किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और भाग गया। घटना की जानकारी पीड़िता ने अपने पिता को फोन पर दी। सूचना पर पहुंचे पिता ने मामले की रिपोर्ट नामजद युवक के खिलाफ दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में राम लखन के खिलाफ दुष्कर्म और पॉस्को एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

# ग्रामीण आवास की मांग पर टीम भेजकर कराई जांच

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**बीघापुर।** तहसील क्षेत्र के गांव भोगैता में हर बुधवार प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में आए फरियादियों की अधिकांश समस्याओं का मौके पर निस्तारण करने का प्रयास किया गया। एसडीएम क्षितिज द्विवेदी ने अधिकारियों के साथ चौपाल लगाई। इस दौरान तीन नए राशन कार्ड व दो में नाम बढ़वाने का प्रार्थनापत्र मिलने पर एसडीएम ने पूर्ति निरीक्षक को तुरंत समाधान कराने के निर्देश दिए। वरासत के तीन मामलों का तुरंत ही निस्तारित किया गया। गांव की रीता देवी पत्नी सोनू जमीन की पैमाइश के लिए पिछले छह माह से तहसील का चक्कर काट रही थी। एसडीएम ने मौके पर से ही समस्या निस्तारित कराई। पेंशन के तीन मामलों का बीडीओ को तुरंत निस्तारित करने के निर्देश दिए। आवास के लिए आए प्रार्थनापत्र पर मौके पर टीम भेजकर तुरंत जांच कराई गई। राजस्व के भूमि नाप के पांच मामले आए, जिसमें कानूनगो अनवर अहमद से पांच दिन के अंदर समाधान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला व स्नेहा यादव, बीडीओ विनोद मणि त्रिपाठी, एडीओ पंचायत प्रताप नारायण द्विवेदी, लेखपाल संतोष साहू, इंदामऊ चौकी इंचार्ज सूरज सिंह, ग्राम प्रधान सुशील कुमार सविता, हरिओम सिंह, डॉक्टर रमेश लोधी व हरि शंकर आदि रहे।

### क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक 24 जून को

विकासखंड के क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक 24 जून को ब्लॉक सभागार में प्रमुख पुष्पा पासवान की अध्यक्षता में होगी। बीडीओ विनोद मणि त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, पंचम व पंद्रहवें राज्य वित्त आयोग ,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, वृद्धावस्था आदि पेंशन योजनाओं पर विचार किया जाएगा।

# घर के अंदर मिला महिला का शव

**पोस्टमार्टम में हैंगिंग (गला कसने) से मौत की पुष्टि हुई है**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शहर के मोहल्ला जवाहर नगर में महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायकेवालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पोस्टमार्टम में हैंगिंग (गला कसने) से मौत की पुष्टि हुई है। सदर कोतवाली के मोहल्ला जवाहरनगर निवासी गोविंद शर्मा की पत्नी हेमलता (30) की मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की बड़ी बहन लखनऊ के कृष्णानगर मोहल्ला निवासी वर्षा ने पुलिस को बताया कि रात करीब 11 बजे गोविंद ने फोन करके बताया कि हेमलता की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि हेमलता की शादी 18 अप्रैल 2018 को हुई थी। शादी के बाद से ससुरालीजन बहन को प्रताड़ित करते थे। मायके वालों को फोन करने पर भी उसे पीटते थे। बहन वर्षा ने बताया कि दो अगस्त 2023 को भी बहन के साथ मारपीट हुई थी और मामला कोतवाली पहुंचा था। बहनोई गोविंद मायके से रुपये लाने का दबाव बनाने के लिए उसे पीटता था। मृतका का देवर भी जान से मारने की धमकी देता था। बुधवार को नायब तहसील के पंचनामा भरने के बाद दो डॉक्टरों के पैनल में शामिल बिछिया सीएचसी के डॉ. रविप्रकाश सचान और मकूर पीएचसी के डॉ. आशुतोष राज ने शव का पोस्टमार्टम किया। रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है। कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि जांच की जा रही है।

### चार दिन पहले हुई थी मारपीट, बहन ने बुलाया था घर

मृतका की बड़ी बहन वर्षा ने बताया कि चार दिन पहले भी गोविंद ने बहन को पीटा था। फोन कर उसने यह बात बताई थी। इस पर बहन से बुधवार को बच्चों में केशव और हर्ष को साथ लेकर घर आने के लिए बोला था। यह भी कहा था कि कोई न आने तो हम लोग आकर ले जाएंगे। उसके पहले ही बहन को मार दिया गया।

# बैंक ऑफ इंडिया कुसमरा पीड़ित को देगी 9945 रुपये का मुआवजा

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने बैंक ऑफ इंडिया कुसमरा को 9945 रुपये का पीड़ित को मुआवजा देने का आदेश दिया है। आयोग ने ये आदेश पीड़ित हरदीप सिंह की ओर से दायर वाद पर सुनवाई करते हुए दिया गया है। इसमें बिना एटीएम जारी किए ही बैंक उपभोक्ता से लगातार एटीएम शुल्क के नाम पर धनराशि काटता रहा। गढ़िया छिनकौरा गांव निवासी हरदीप सिंह ने आयोग में एक वाद प्रस्तुत किया था। इसमें कहा था कि बैंक ऑफ इंडिया कुसमरा में उनका बचत खाता संचालित है। साथ ही एक अन्य खाता पत्नी शिल्पी के साथ संयुक्त खाताधारक के रूप में संचालित है। दोनों ही खातों पर चेक बुक जारी हैं। चेक के माध्यम से ही वो लेनदेन करते है। पूर्व में दोनों ही खातों में एटीएम कार्ड जारी थे। लेकिन बाद में चिप वाले एटीएम कार्ड आने पर उनके पुराने कार्ड निष्प्रयोज्य हो गए। इसके बाद बैंक न कोई दूसरे एटीएम कार्ड उन्हें आवंटित नहीं किया।

# भीषण गर्मी में परीक्षा के दौरान प्राचार्य सहित चार प्रोफेसर की बिगड़ी हालत, अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी



मैनपुरी में भीषण गर्मी के बीच डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की परीक्षाएं आयोजित कराई जा रही है। इस दौरान छात्र-छात्राओं के साथ ही शिक्षकों की भी हालत बिगड़ने लगी है। बृहस्पतिवार को शहर के डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सहित चार लोगों की हालत बिगड़ गई। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार दिलाया गया। बृहस्पतिवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर गणित की परीक्षा थी। परीक्षा के दौरान उत्तर पुस्तिकाएं जमा कराई जा रही थीं कि अचानक एक के बाद एक प्राचार्य सहित चार शिक्षकों को उल्टी दस्त शुरू हो गए। प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह, प्रो. डॉ.अजय प्रताप सिंह, प्रो. जयप्रकाश और अरुण कुमार को हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां उपचार के बाद सभी को राहत मिली। पिछले एक महीने से 40 डिग्री से अधिक तापमान और लू के प्रकोप के बीच परीक्षाओं का आयोजन हो रहा है। इससे अभी तक कई छात्र-छात्राओं की भी हालत बिगड़ चुकी है। प्राचार्य डॉ.एसपी सिंह ने कहा कि लगातार काम के बोझ और गर्मी के कारण उन लोगों को दिक्कत हुई। फिलहाल उपचार के बाद अब राहत महसूस कर रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्याः- | विद्युत / डब्ल्यू० / आलमबाग / 180 / 2024-25 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप आलमबाग लखनऊ में सामान्य विद्युत वायरिंग, बस ट्रंकिंग एवं उक्त से सम्बंधित अन्य विद्युत कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रू० 1,27,98,469.77 |
| ग | धरोहर राशि | रू० 2,14,000/- |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ड. | कार्य समापन अवधि | 24 माह |
| | अन्य सूचना | |
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवम समय | 13.07.2024 को अपरान्ह 13:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 13.07.2024 को अपरान्ह 13:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक / डिपॉजिट रसीद / एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरांन्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

निविदा संख्याः- विद्युत / डब्ल्यू० / आलमबाग / 180 / 2024-25 दिनांक- 20.06.2024

1863/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बिहार में आरक्षण बढ़ाने का फैसला हाईकोर्ट ने रद्द किया

## सरकार ने एससी-एससीटी और ओबीसी-ईबीसी आरक्षण 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया था

✻ पटना हाईकोर्ट ने बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण को बताया असंवैधानिक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने बिहार में जाति आधारित जनगणना का फैसला किया था। जनगणना का काम बीच में बनी महागठबंधन सरकार के दौरान पूरा हुआ। महागठबंधन सरकार के भी मुखिया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही थे। महागठबंधन सरकार ने जातीय जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर राज्य में आरक्षण का प्रतिशत 65 तक पहुंचा दिया था। लोकसभा चुनाव 2024 में महागठबंधन के मुख्य दल राष्ट्रीय जनता दल ने इस आरक्षण का क्रेडिट भी लिया। किसी भी दल ने आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने को गलत नहीं बताया था। लेकिन अब, पटना हाई कोर्ट ने आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले को असंवैधानिक करार दिया है। बिहार सरकार ने आरक्षण संशोधन बिल के जरिए आरक्षण दायरा बढ़ा 65 फीसदी कर दिया था। 10 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को जोड़ दें जो कुल 75 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। 21 नवंबर 2023 को बिहार सरकार ने इसको लेकर गजट प्रकाशित कर दिया था। इसके बाद से शिक्षण संस्थानों और नौकरी में अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अतिपिछड़ा को 65 फीसदी आरक्षण का लाभ मिल रहा था।

### कोर्ट के फैसले के बाद नीतीश सरकार को लगा बड़ा झटका

कोर्ट का यह फैसला नीतीश सरकार को बड़ा झटका माना जा रहा है। गुरुवार को सुनवाई की दौरान पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण देने वाले कानून को रद्द कर दिया है। पटना हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। यानी अब शिक्षण संस्थानों व सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण नहीं मिलेगा। 50 प्रतिशत आरक्षण वाली पुरानी व्यवस्था ही लागू हो जाएगी।

### किस वर्ग के आरक्षण में कितना इजाफा किया गया था

- अनुसूचित जाति को दिए गए 16 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया गया था।
- अनुसूचित जनजाति को को दिए गए एक प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर अब दो प्रतिशत किया गया था।
- पिछड़ा वर्ग को 12 प्रतिशत को बढ़ाकर 18 प्रतिशत और अति पिछड़ा को दिए गए 18 फीसदी आरक्षण को बढ़ाकर 25 फीसदी किया गया था।

### भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों का उलंघन करता है

दरअसल, 65 प्रतिशत आरक्षण कानून के खिलाफ गौरव कुमार व अन्य लोगों ने पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गयी थी। न कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रावधान। यह जो 2023 का संशोधित अधिनियम बिहार सरकार ने पारित किया है, वह भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों का उलंघन करता है। इसमें सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के समान अधिकार का उलंघन करता है, वहीं भेद भाव से संबंधित मौलिक अधिकार का भी उलंघन है। चीफ जस्टिस केवी चंद्रन की खंडपीठ ने इस पर लंबी सुनवाई की। इसके बाद 11 मार्च को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज कोर्ट ने 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने जाने के राज्य सरकार ने निर्णय को रद्द करने का फैसला सुनाया।

### 1 दिसंबर 2023 को हाईकोर्ट ने आरक्षण पर रोक लगाने से मना किया था


पटना हाईकोर्ट में न्यू रिजर्वेशन बिल की चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस की बेंच ने राज्य सरकार को 12 जनवरी तक जवाब देने को कहा था। याचिकाकर्ता की ओर से रोक लगाने वाली मांग को बेंच ने रिजेक्ट कर दिया था। याचिकाकर्ता ने नए आरक्षण बिल को गैर संवैधानिक बताते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की थी। चीफ जस्टिस ने सुनवाई करते हुए कहा था कि फिलहाल इस बिल पर रोक नहीं लगाई जा सकती है। अदालत ने बिहार सरकार से अपना पक्ष रखने के लिए जवाब दाखिल करने का आदेश दिया था। इसके बाद कोर्ट के फैसला सुनाने की बात कही थी। याचिकाकर्ता की ओर कहा गया था कि यह समानता के अधिकार का उल्लंघन है, क्योंकि राज्य सरकार ने जाति आधारित गणना की, इसके आधार पर आरक्षण का दायरा बढ़ाया, जबकि सामाजिक और शैक्षणिक आधार पर बढ़ाना चाहिए था

### तेजस्वी बोले, बीजेपी नहीं जाएगी तो हम जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

आरक्षण रद्द होने पर तेजस्वी यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकारी सुप्रीम कोर्ट नहीं गई तो आरजेडी जाएगी। हमको पहले से शंका थी कि भाजपा के लोग आरक्षण विरोधी हैं। हम सरकार में थे तो जाति आधारित गणना कराई। आरक्षण बढ़ाया। हमने भारत सरकार से रिक्वेस्ट किया। इसे 9वीं अनुसूची में डाल दिया जाए ताकि सुरक्षित रहे। 6 महीने पूरे हुए केंद्र सरकार ने इसे नहीं डाला। पता नहीं क्यों सीएम नीतीश चुप हैं? तेजस्वी ने आगे कहा कि आरक्षण समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। बीजेपी के आते ही आरक्षण को किस तरीके से समाप्त किया जा रहा है यह दिख रहा है। सीएम नीतीश चुप हैं, लेकिन मैं अनुरोध करूंगा। नीतीश कुमार कई बार पीएम के पैर पकड़ चुके हैं। एक बार और पैर पड़कर आरक्षण को 9वीं सूची में डलवा लें। मेरा प्रस्ताव है कि एक सर्वदलीय कमेटी पीएम मोदी से जाकर मिले और नौवी में डलवाने का काम करें।

## मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अमरावती का दौरा किया, बोले

# राजधानी पर जारी करेंगे श्वेत पत्र



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को अमरावती का दौरा किया। उन्होंने ग्रीनफील्ड राजधानी शहर परियोजना का जायजा लिया, जिसका उन्होंने समर्थन किया था। अमरावती राजधानी शहर परियोजना वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार में पांच वर्षों (2019 से 2024) से लटकी हुई थी। हालांकि, सरकार बदलने के साथ ही नायडू ने राजधानी शहर परियोजना में नई जान फूंक दी है। यह पहली बार है जब मुख्यमंत्री नायडू चौथे कार्यकाल के लिए पद संभालने के बाद अमरावती का दौरा किया। उन्होंने कई निर्माण परियोजनाओं जैसे का निरीक्षण किया। नायडू ने अधिकारियों, विधायकों, न्यायाधीशों के लिए आवासीय घर और उच्च न्यायालय, सचिवालय और अन्य निर्माण स्थलों का भी निरीक्षण किया।

### 'अमरावती पर श्वेत पत्र जारी करेंगे'

मुख्यमंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, मैं स्थिति का जायजा लेने गया था कि क्या करना है। हम सभी विवरणों के साथ अमरावती पर एक श्वेत पत्र जारी करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके साथ नगरपालिका मंत्री पी नारायण और वरिष्ठ भी मौजूद थे।

### ....सड़क का बुनियादी ढांचा अब तक तैयार हो गया होता

नायडू ने आगे कहा कि अगर अमरावती शहर परियोजना योजना के मुताबिक आगे बढ़ती तो सड़क का बुनियादी ढांचा अब तक तैयार हो गया होता। उन्होंने कहा कि अमरावती में सभी स्त्रोतों से करीब 55 हजार एकड़ भूमि उपलब्ध है। नायडू ने ग्रीनफील्ड राजधानी शहर के लिए अपनी जमीने देने के लिए किसानों क धन्यवाद दिया।

### 'अयोप्य व्यक्ति ने पांच साल तक राज्य का नेतृत्व किया'

नायडू ने कहा, आज मैंने अमरावती क्षेत्र का निरीक्षण किया। अमरावती राजधानी क्षेत्र में 1300 से ज्यादा दिनों से किसान अमरावती को राजधानी शहर बनाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। तेलुगू देशम पार्टी के सत्ता में आने के बाद उन्हें लगा कि हम न्याय करेंगे और उन्होंने आंदोलन बंद किया। अमरावती राज्य की राजधानी है। पिछली सरकार में अमरावती ने अमरावती की उपेक्षा की और इसे इसके भरोसे पर छोड़ दिया था। एक अयोग्य व्यक्ति ने पिछले पांच वर्षों तक राज्य का नेतृत्व किया।

## नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों पर राहुल का केंद्र पर वार, पीएम मोदी पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को यूजीसी नीट यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने इसे लेकर केंद्र सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी का नाम लेकर हमला बोला। राहुल ने कहा, ÷सभी शिक्षण संस्थानों को भाजपा के लोगों ने केप्चर कर रखा है। जब तक इन्हें मुक्त नहीं कराया जाएगा, तब तक यह चलता रहेगा। पीएम मोदी इस लीक को रोक नहीं पाए। एक परीक्षा में गड़बड़ियों के बाद आप रद्द कर चुके हैं, पता नहीं दूसरे को रद्द किया जाएगा या नहीं। लेकिन कोई न कोई तो इसके लिए जिम्मेदार है और इसके लिए किसनी न किसी को तो पकड़ा जाना चाहिए। राहुल ने कहा, नीट पेपर और यूजीसी-नेट के पेपर लीक हुए हैं। कहा जा रहा था कि नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की लड़ाई रोक दी थी। इस्राइल और गाजा की लड़ाई को भी नरेंद्र मोदी ने रोक दी थी। लेकिन किसी न किसी कारण में हिंदुस्तान में जो पेपर लीक हो रहे हैं उन्हें नरेंद्र मोदी नहीं रोक पा रहे या फिर रोकना नहीं चाहते। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दावा किया कि शिक्षण संस्थाओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है।

# बिहार के चार शहर में चलेगी मेट्रो

## सीएम नीतीश कुमार के मेट्रो परिचालन के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। गुरुवार को मुख्य सचिवालय के मंत्रपरिषद् कक्ष में आयोजित इस बैठक में कुल 22 प्रस्ताव स्वीकृत कर लिए गए। इसमें सबसे प्रमुख प्रस्ताव मेट्रो परियोजना से संबंधित है। पटना के बाद अब बिहार के गया, भागलपुर, दरभंगा और मुजफ्फरपुर शहर में भी मेट्रो रेल का परिचालन होगा। सीएम नीतीश कुमार के मेट्रो परिचालन के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी है।

### बिहार उच्च न्यायिक सेवा के 140 पदों के सृजन की स्वीकृति

वहीं बिहार व्यवहार न्यायालय अधिकारी एवं कर्मचारी नियुक्ति प्रोन्नति स्थानातंरण एवं अन्य सेवा संशोधन नियमावली 2024 के प्रस्ताव पर भी सीएम नीतीश कुमार ने अपना मुहर लगा दिया। इतना ही नहीं बिहार वाहन चालक भर्ती एवं सेवा शर्त संशोधन नियमावली 2024 के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी गई है। वहीं नौकरी की बात करें तो बिहार उच्च न्यायिक सेवा के 140 पदों के सृजन की स्वीकृति सीएम नीतीश कुमार ने दी दी। साथ ही जिला उपभोक्ता विवाद प्रतिकोष आयोग के लिए अनुबंधन के आधार पर निबंधक के कुल 20 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई।

### खेल विभाग में 98 पदों पर बहाली के प्रस्ताव पर स्वीकृति

सीएम नीतीश कुमार ने खेल विभाग में 98 पदों पर बहाली के प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति दे दी। वहीं अब हर पंचायत में खेल क्लब बनाने के फैसले पर भी मुहर लगी है। सरकार ही क्लब बनाएगी और खिलाड़ियों को इससे जोड़ेगी। इधर, 22 से 26 जुलाई विधानमंडल का मानसून सत्र बुलाने का फैसला लिया गया है। इस सत्र में कुल पांच बैठक होगी।

# दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल पर फिर दौड़ी रेलगाड़ी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर**

उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना के तहत ट्रेन के जरिये कश्मीर जाने वालों का सपना पूरा होने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। यह सपना धीरे-धीरे वास्तविकता के और करीब आता जा रहा है। गुरुवार को संगलदान से रियासी के लिए दस डिब्बों वाली रेलगाड़ी का ट्रायल किया गया, जो कि पूरी तरह से सफल रहा। इस दौरान ट्रेन दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे पुल से होकर भी गुजरी। यह पुलिस एफिल टावर से भी ऊंचा है। इस पुल की ऊंचाई 359 मीटर है और एफिल टावर की ऊंचाई 300 मीटर है। 1,486 करोड़ की लागत से निर्मित इस पुल के निर्माण में 30 हजार मीट्रिक टन स्टील का उपयोग किया गया है। यह 260 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवा का सामना कर सकता है।

### सफल ट्रायल पर गूंजे भारत मां के जयघोष

गुरुवार को बारह बजे के करीब ट्रेन संगदान से रियासी के लिए निकली। दोपहर दो बजे के करीब ट्रेन रियासी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन में परियोजना पर काम करने वाले कर्मचारियों को बिठाया गया था। इसके अलावा रेलवे के अधिकारी भी उसमें मौजूद रहे। ट्रेन के रियासी रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही भारत माता की जय के जयघोष गूंज उठे। मौके पर स्थानयी लोग इन पलों का साक्षी बनने के लिए उपस्थित रहे। बताया जाता है कि रियासी से कश्मीर तक ट्रेन को जल्द ही चलाया जा सकता है। इससे पहले रविवार, 16 जून को संगलदान से रियासी तक रेल के इंजन का सफल ट्रायल हुआ।

# दिल्ली में तांडव मचा रही जानलेवा गर्मी

## सफदरजंग में 24 घंटे में हीट स्ट्रोक से 11 की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



राजधानी समेत देश के कई राज्यों में इन दिनों भीषण गर्मी तांडव मचा रही है। दिल्ली में गर्मी जानलेवा होती जा रही है। लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हो रहे हैं। सफदरजंग अस्पताल में बीते 24 घंटे में भीषण लू के कारण 33 मरीजों को भर्ती किया गया। वहीं, अस्पतालों में पहले से भर्ती और नए मरीजों में से करीब 13 मरीज ने भीषण लू के कारण दम तोड़ दिया। उधर, सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट की एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि 11 से 19 जून के दौरान दिल्ली में 192 बेघर लोगों की गर्मी के कारण मौत की हुई है।

### एक दिन में 142 शवों का दाह संस्कार

दिल्ली में लोगों के मरने वालों मौतों का आंकड़ा डराने वाला है। दिल्ली निगमबोध घाट पर शवों की कतारें लगी हुई हैं। कोरोना महामारी के दौर के बाद इन दिनों दिल्ली में बुरा हाल है। बुधवार को निगम बोध घाट में कोरोना के बाद सबसे ज्यादा दाह संस्कार हुए। कल रात 12 बजे तक 142 शवों का दाह संस्कार किया गया। दिल्ली के निगम बोध घाट पर इस साल जून महीने में अभी तक 1101 शवों का अंतिम संस्कार किया गया है।

### दिल्ली में गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ा

दिल्ली में न्यूनतम तापमान ने 55 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मौसम विभाग के सफदरजंग केंद्र के अनुसार 18 जून की रात न्यूनतम पारा सामान्य से 8 डिग्री अधिक 35.2 डिग्री दर्ज किया गया जो 1969 के बाद सर्वाधिक है। 23 मई, 1972 को न्यूनतम पारा 34.9 डिग्री रहा था।

### बदला मौसम का मिजाज

दिल्ली-एनसीआर में बीती रात करीब 10 बजे से मौसम अचानक बदल गया और धूल भरी आंधी के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग से मिली सूचना के अनुसार इस दौरान 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली जिससे तापमान में कुछ कमी आई है। पहाड़ से लेकर मैदान तक मौसम का मिजाज बदला है।

### 23 जून से फिर बढ़ेगा तापमान, चलेगी लू, येलो अलर्ट

अधिकतम तापमान 42 और न्यूनतम तापमान 33 डिग्री रहने का अनुमान है। 23 जून से एक बार फिर से तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरु होगी और लू की स्थिति फिर बनेगी। इसके लिए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। 23 से 25 जून तक तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 34 डिग्री रहने का अनुमान है।

# पूर्व पीएम इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार का लाहौर में अपहरण, इस्लामाबाद की यात्रा पर थे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के लाहौर में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार गुलाम शब्बीर के अपहरण की खबर सामने आई है। इस मामले में लाहौर के काहना पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है।

### गुलाम शब्बीर के बेटे ने दर्ज कराई एफआईआर

एफआईआर में बताया गया है कि गुलाम शब्बीर का दो दिन पहले अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण कर लिया गया। आगे बताया गया है कि गुलाम शब्बीर इस्लामाबाद की यात्रा पर थे। गुलाम शब्बीर के बेटे बिलाल ने यह एफआईआर दर्ज कराई है।

### पिछले वर्ष से जेल में कैद हैं इमरान खान

बता दें कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक इमरान खान पिछले वर्ष से जेल में कैद हैं। वे लगभग 200 मामलों में से दोषी ठहराए गए थे। वर्ष 2022 के मई महीने में इमरान खान के नेतृत्व में लाहौर से इस्लामाबाद के लिए मार्च शुरू किया गया था। पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने खान को अविश्वास प्रस्ताव के बाद प्रधानमंत्री के रूप में पद से हटाया गया था। इसके बाद उन्होंने शहबाज शरीफ की गठबंधन सरकार को गिराने के लिए मार्च शुरू किया था।

# जांच में रेल हादसे की वजह का हुआ खुलासा मालगाड़ी चालक दल की लापरवाही बनी जानलेवा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




पश्चिम बंगाल में कंजनजंघा एक्सप्रेस हादसे की शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि मालगाड़ी के चालक दल और जलपाइगुड़ी डिवीजन के परिचालन विभाग की लापरवाही से हादसा हुआ। सोमवार को एक मालगाड़ी ने कंचनजंघा एक्सप्रेस को दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा इलाके में पीछे से टक्कर मार दी थी। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में यात्री ट्रेन का गार्ड और मालगाड़ी का चालक भी शामिल है।

### क्या है जांच रिपोर्ट में

हादसे के बाद रेलवे बोर्ड की चेयरपर्सन जया वर्मा सिन्हा ने कहा था कि मालगाड़ी के ड्राइवर ने सिग्नल को अनदेखा किया, जिस वजह से यह हादसा हुआ। रेलवे सेफ्टी के कमिश्नर ने इस हादसे की विस्तृत जांच कर रहे हैं। वहीं हादसे के तुरंत बाद रेलवे ने छह वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम बनाई, जिसे शुरुआती जांच का जिम्मा दिया गया था। अब जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट दाखिल कर दी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक पांच अधिकारियों ने पाया है कि हादसे में मालगाड़ी के ड्राइवर ने सिग्नल का उल्लंघन किया, साथ ही स्पीड लिमिट का भी उल्लंघन किया। वहीं एक अधिकारी का कहना है कि न्यू जलपाइगुड़ी रेल डिवीजन के परिचालन विभाग की लापरवाही है।

### परिचालन विभाग से हुई लापरवाही

जांच रिपोर्ट के अनुसार, कंचनजंघा एक्सप्रेस सुबह 8.27 बजे रानीपात्रा स्टेशन से निकली थी और सिग्नल खराब होने की वजह से उसे टी/ए 912 और टी369 फॉर्म जारी किए गए थे। टी/ए 912 फॉर्म जारी होने का मतलब होता है कि ट्रेन सभी लाल सिग्नल को पार कर सकती है। वहीं दूसरी तरफ फॉर्म टी369 जारी होने का मतलब होता है कि ट्रेन दो सिग्नल तुरंत पार कर सकती है, लेकिन उसकी स्पीड 15 किलोमीटर प्रतिघंटे तक होनी चाहिए। जांच में खुलासा हुआ कि मालगाड़ी को भी उसी अथॉरिटी ने ये फॉर्म जारी किए और वो भी सिर्फ 15 मिनट के अंतराल पर सुबह 8.42 बजे।

### रेलवे सेफ्टी कमिश्नर की जांच इस बात पर केंद्रित

रेलवे सेफ्टी कमिश्नर जो जांच कर रहे हैं, वह मुख्यत: इस बात पर केंद्रित है कि मालगाड़ी के ड्राइवर ने तय स्पीड से ज्यादा लिमिट में रेल क्यों दौड़ाई? आशंका है कि ड्राइवर को कुछ हुआ होगा, जो उसने तेज गति से मालगाड़ी दौड़ाई, लेकिन उसकी वजह अभी साफ नहीं है। हादसे में मालगाड़ी का सह-चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है और अब उसके ठीक होने पर ही वजह का खुलासा हो सकेगा। सह-चालक के ठीक होने के बाद रेलवे सेफ्टी कमिश्नर उसका बयान दर्ज करेंगे।

# आज से दो दिवसीय भारत दौरे पर आएंगी शेख हसीना

✻ अपनी यात्रा के दौरान शेख हसीना पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगी

✻ विदेश मंत्री जयशंकर का भी हसीना से मिलने का कार्यक्रम है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना आज से दो दिवसीय भारत दौरे पर आएंगी। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर यहां आ रही हैं। विदेश मंत्रालय (एमईए) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, अपनी यात्रा के दौरान हसीना पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगी। इसके अलावा वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मिलने वाली हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर का भी हसीना से मिलने का कार्यक्रम है।

### हसीना का पंद्रह दिनों के भीतर दूसरा भारत दौरा

इससे पहले शेख हसीना हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं थीं। नई दिल्ली पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत हुआ था। हसीना के अलावा सात अन्य देशों के बड़े नेता और हिंद महासागर क्षेत्र के नेता भी इस समारोह में शामिल हुए थे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी सांसद राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी नई दिल्ली में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा था, हमने भारत और बांग्लादेश के बीच विश्वास, सहयोग और आपसी विकास की प्रतिबद्धता पर आधारित बंधन को और मजबूत करने के लिए कई विषयों पर चर्चा की। बांग्लादेश भारत की पड़ोस पहले नीति के तहत एक महत्वपूर्ण साझेदार है।

### चीन और भारत के साथ संतुलन बनाने का प्रयास?

हसीना जुलाई में चीन का भी दौरा करने वाली हैं। इसे बांग्लादेश की दोनों देशों के बीच संतुलन बनाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की भारत की आधिकारिक यात्रा मोदी 3.0 सरकार के तहत भारत द्वारा आयोजित किसी विदेशी राजनेता की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। वहीं, प्रधानमंत्र मोदी भी बांग्लादेश का जल्द दौरा कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक उनके दौरे की तारीख तय नहीं हुई है। माना जा रहा है कि पीएम मोदी अगले महीने यानी जुलाई में बांग्लादेश का दौरा कर सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)